सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
महाशिवरात्रि
रांची, बुधवार 26.02.2025 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 225 | * * नगर संस्करण। पेज : 12 | khabarmantralive.com

# देवघर, दुमका, रांची समेत पूरे राज्य में शिवरात्रि की धूम

- शिवबारात में नाचेंगे देव-दानव, भूत-बैताल
- सामाजिक कुरीतियों से जुड़ी झांकियां भी होंगी
- मनमोहक ढंग से सज गये हैं सभी मंदिर

**खबर मन्त्र टीम**

**रांची, देवघर, दुमका।** महाशिवरात्रि और शिवबारात को ले कर राजधानी के पहाड़ी मंदिर, देवघर में बैजनाथ मंदिर, बासुकीनाथ में बाबा मंदिर समेत पूरे झारखंड के शिवालय धजधज कर तैयार हैं। सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। बाबा का अद्भुत ऋंगार किया गया है। देवघर में 34 वर्षों में पहली बार राज्य सरकार का पर्यटन विभाग शिव बारात निकाल रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी इसबार बाबा बैजू के बारात में शामिल हांगे। इस वर्ष शिव बारात में एक ड्रैगन झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगा।

वहीं देवी-देवता, किन्नर, गंधर्व, भूत-बैताल, हाथी, घोड़ा, नंदी, भृंगी, डाकिन, साधु-संन्यासी, ढोल बाजा बैंड भांगड़ा सहित अन्य बारात में शामिल होंगे। शिवबारात में 12 ज्योतिर्लिंग का प्रारूप झांकी के माध्यम से प्रदर्शित किया जा रहा है।

रांची पहाड़ी मंदिर में जीवंत झांकियां, ताशा-बैंड, छऊ नृत्य, भूत-प्रेतों के मनमोहक प्रदर्शन और अन्य रंगारंग प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। राजधानी में पहाड़ी मंदिर, इंद्रपुरी, सुरेश्वर महादेव चुटिया, पंच मंदिर हरमू, सुंगर विहार, कोकर, श्रीराम मंदिर चुटिया में भी शिवबारत की भव्य तैयारी की गयी है। पहाड़ी मंदिर की बारात में आठ झांकियां होंगी शामिल होंगी।



## बैजू बाबा की बारात में सीएम भी होंगे शामिल

सीएम हेमंत सोरेन बुधवार की शाम देवघर पहुंचेंगे। शाम 5 बजे केकेएन स्टेडियम में शिव बारात उदघाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के बाद सीएम वापस रांची लौट जायेंगे।

### ड्रैकुला लोगों को मनोरंजित करेगा

**देवघर** के लोगों में इस बात को लेकर खासा उत्साह है। इसबार शिव बारात में निकलने वाली झांकी एक ड्रैगन झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगा। ड्रैगन के मुंह से निकलने वाले ड्रैकुला लोगों को मनोरंजित करेगा। इसके अलावा कलिकासुर राक्षस भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। इसके अलावा मौजूदा राजनीतिक महत्वाकांक्षा को भी दर्शाया गया है। किस तरह से लोग अपने परिवार और जनता को छोड़कर कुर्सी के पीछे पड़े हुए हैं। शिव बारात में निकलने वाली झांकी में एक दृश्य यह भी दिखाया जाएगा कि आज के भागम भाग के दौर में बच्चे कैसे मोबाइल के कारण बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं।



सामाजिक कुरीति के साथ-साथ कई ऐसी चीजें झांकी में दिखाई जाएंगी जो लोगों को खासा आकर्षित करेगी।

## न्यूज डायरी

### रांची में महसूस किये गये भूकंप के झटके

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में मंगलवार की सुबह 6 बजकर 10 मिनट के आसपास भूकंप के झटके महसूस किये गये। जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 5.1 आंकी गयी। इसका केंद्र बंगाल की खाड़ी में 91 किलोमीटर की गहरायी में था। रांची मौसम केंद्र के मुताबिक सुबह का वक्त होने और कम तीव्रता की वजह से ज्यादातर लोगों को भूकंप का पता नहीं चल पाया।

### मैट्रिक की परीक्षा में एक मुन्नाभाई धराया

**सतबरवा(पलामू)।** बीएस नामधारी मेमोरियल कॉलेज में मंगलवार को किसी दूसरे छात्र के नाम पर मैट्रिक की परीक्षा दे रहा छात्र पकड़ा गया है। उड़नदस्ता टीम के कृष्ण मुरारी तिर्की ने बताया कि दूसरे के नाम पर परीक्षा दे रहे एक छात्रा को पकड़ा गया है। पकड़े गये छात्र की पहचान स्तरौन्नत उवि सोहडीखास के छात्र नॉलेज यादव पिता प्रेमचंद यादव है। पुलिस ने वीक्षक की पहचान पर मुन्ना भाई के तर्ज पर परीक्षा दे रहे फर्जी छात्र को हिरासत में ले लिया है।

### सुखदेव लोस याचिका समिति के सदस्य बने

**लोहरदगा।** लोकसभा के स्पीकर ने लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत को लोकसभा याचिका समिति का सदस्य बनाया है। याचिका समिति के अध्यक्ष सांसद चंद्र प्रकाश जोशी को बनाया गया है। यह 14 सदस्यी समिति है। सांसद श्री भगत के कार्यों से प्रभावित होकर उन्हें बड़े-बड़े दायित्व दिया जा रहा है। लोहरदगा इलाके में इसे ले कर उत्साह है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 79800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 100000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# बालू और पेपर लीक पर पक्ष-विपक्ष में घमासान

## विपक्ष के हंगामे के बावजूद सदन में चला प्रश्न काल






**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को सदन में जैक की मैट्रिक परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक और बालू के मुद्दा को लेकर सवाल उठे। भाजपा ने सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले प्रश्नपत्र लीक मामले की सीबीआइ जांच को लेकर बाहर प्रदर्शन किया। पेपर लीक मामले पर सदन के अंदर और बाहर भाजपा विधायकों का प्रदर्शन, सीबीआई जांच की मांग को लेकर हंगामा किया। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने वेल पर पहुंचे भाजपा विधायकों को समझा-बुझा कर बैठाया।

**कार्यस्थगन प्रस्ताव :** भाजपा के दो विधायकों नीरा यादव और राज सिन्हा ने इसे लेकर कार्य स्थगन प्रस्ताव लाया, जिसे स्पीकर ने इस तर्क के साथ अस्वीकार कर दिया कि चलते सत्र में भी इसपर चर्चा हो सकती है। इस पर स्पीकर ने कहा कि सदन के बाहर प्रदर्शन करने से उनका विषय आ चुका है। अब विधायक सदन की परिपाटी को शुरू से ही पटरी पर रहने दें। सदन में प्रश्न आने देने के अनुरोध पर विधायक अपनी-अपनी सीट पर बैठे।

### सीपी बोले मुझे बालू चाहिए

भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा कि उन्हें दो हाइवा बालू चाहिए। मंत्री बालू उपलब्ध करा दें, जो भी बिल होगा उसका भुगतान कर दिया जायेगा। जवाब में मंत्री ने उन्हें ऑनलाइन आवेदन करने का सुझाव दिया। भाजपा विधायकों ने यह पूछकर मंत्री को घेरने का प्रयास किया कि वे बता दें कि राज्य में बालू किस दर पर मिल रहा है। जवाब में मंत्री ने कहा कि विपक्ष भी पेट्रोल-डीजल की दर बता दें। भाजपा विधायक मनोज यादव ने बिहार से बालू झारखंड आने का बात कही, जिसका सीपी सिंह ने भी समर्थन किया।

**चला प्रश्न काल :** मंगलवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले भाजपा विधायकों ने पोस्टर -बैनर लेकर प्रदर्शन किया। नवीन जायसवाल ने कहा कि हेमंत सरकार में जितनी भी परीक्षाएं होती हैं उसका पेपर लीक हो जाता है। कार्यवाही जैसे ही 11.10 बजे शुरू हुई भाजपा विधायक वेल में प्रवेश कर गये।

विपक्षी सदस्यों ने सीबीआइ जांच की मांग की। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने समझा-बुझा कर भाजपा विधायकों को सीट पर बैठाया। स्पीकर कहा कि चलते बजट सत्र में इस मसले पर चर्चा होगी।

(शेष पेज 11 पर)

### अभिभाषण पर चर्चा, कार्यवाही स्थगित

बजट सत्र के दूसरे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हुई। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण को असत्य का पुलिंदा कहना सही नहीं है। प्रश्नकाल और शून्यकाल भी हुआ। इस दौरान कई बार हंगामा भी हुआ। अभिभाषण पर चर्चा के बाद सदन की कार्यवाही गुरुवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

### 573 गरीबों को आवास बनाने को मुफ्त बालू

बालू मुद्दे पर गंगा के बीच प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि राज्य सरकार ने गैर करदाताओं के लिए बालू मुफ्त कर दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अबुआ आवास योजना के लिए भी मुफ्त बालू मिल रहा है। राज्य सरकार ने अबतक 573 लोगों को 1.63 हजार क्यूबिक फीट ;सीएफटी, मुफ्त बालू उपलब्ध कराया गया है। भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं होने तथा लोगों को बालू नहीं मिलने से हो रही परेशानी का मामला उठाया था। इस पर सदन में दोनों पक्षों में लंबी बहस हुई। भाजपा विधायकों ने आरोप लगाया कि बालू के उठाव में थाने संलिप्त हैं। लोगों को 44 हजार रुपये प्रति हाइवा बालू लेने को मजबूर होना पड़ रहा है।

# गिरीडीह से हुआ था पेपर लीक मास्टरमाइंड समेत 10 गिरफ्तार

## एक मजदूर लड़के ने दिया था घटना को अंजाम: डीजीपी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मैट्रिक परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में चल रहे हंगामे के बीच पुलिस ने इस केस में बड़ा उद्भेदन किया है। डीजीपी ने बताया कि पेपर लीक गिरीडीह से हुआ था। मामले में एक सामान्य सा लड़का जो मजदूर का काम करता है, उसने ट्रक से पेपर उतारते समय ब्लेड से बंडल को फाड़कर पेपर निकाला और फोटो कॉपी कर वायरल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में उस लड़के के घर से पेपर के साथ कई कागजात बरामद किये हैं। इस मामले में दस लोग पकड़े गये हैं। उनसे पूछताछ जारी है।



कोडरमा एसपी के नेतृत्व में की गयी इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा है कि इस मामले में 10 लोग पकड़े गये हैं और सभी से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने पेपर लीक मामले में किसी तरह के सिंडिकेट का हाथ होने से इनकार किया। साथ ही कहा कि एक सामान्य लड़के ने इस घटना को अंजाम दिया है, जो लेबर का काम करता है। गिरिडीह में ट्रक से प्रश्न पत्र उतारने के वक्त ब्लेड से बंडल को फाड़कर उसमें से प्रश्न पत्र निकाल लिया। पुलिस ने उस लड़के को भी गिरफ्तार किया है।

**क्या था मामला :** मैट्रिक की परीक्षा के दो पेपर क्रमशः हिंदी और विज्ञान का प्रश्न पत्र परीक्षा से पहले ही वायरल हो गया था। जब मिलान किया गया तो सवाल हूबहू था। ऐसे में जैक ने तुरंत ही दोनों विषय की परीक्षा को रद्द कर दिया। मामले की जांच के आदेश दे दिये गये। गिरिडीह तथा कोडरमा के डीसी को 24 घंटे के अंदर जांच करते हुए रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया गया। दोनों जिला के अधिकारियों ने जांच टीम का गठन किया और पड़ताल शुरू कर दी।

# भविष्य की नयी यात्रा पर पूर्वोत्तर भारत : मोदी

**एजेंसी**

**गुवाहाटी।** पीएम मोदी ने कहा कि पूर्वी भारत और पूर्वोत्तर भारत आज भविष्य की नयी यात्रा पर निकल रहे हैं। यह क्षेत्र देश की समृद्धि में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और अब समय आ गया है कि यह अपनी वास्तविक क्षमता को पूरी दुनिया के सामने प्रस्तुत करे। पीएम मोदी ने मंगलवार को असम के गुवाहाटी में आयोजित एडवांटेज असम 2.0 निवेश एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन के उदघाटन पर बोल रहे थे। उन्होंने पूर्वोत्तर भारत के विकास को लेकर अपनी सकारात्मक दृष्टि व्यक्त की।

**ए फॉर असम का आदर्श पूरे देश में लागू होगा :** उन्होंने आशा व्यक्त की कि जब भारत विकास की दिशा में आगे बढ़ेगा, तो पूर्वी भारत और पूर्वोत्तर क्षेत्र अपनी पूरी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने 2013 में किए गए अपने वादे को याद करते हुए कहा कि वह समय दूर नहीं है जब ए फॉर असम का आदर्श पूरे देश में लागू होगा। उन्होंने असम की अर्थव्यवस्था के उल्लेखनीय विकास की ओर इशारा करते हुए कहा कि 2018 में असम की अर्थव्यवस्था का मूल्य 2.75 लाख करोड़ रुपये था, जो अब बढ़कर




लगभग छह लाख करोड़ रुपये हो गया है। यह केंद्र और राज्य सरकारों के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। पीएम मोदी ने असम में कानून व्यवस्था के सुधारों का भी उल्लेख किया और कहा कि राज्य में शांति समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। लंबित सीमा मुद्दों का समाधान किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में उद्योग और नवाचार संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई सकारात्मक नीतियां लागू की गयी। उन्होंने कहा कि भारत और असम दोनों ही डबल इंजन की गति से विकास कर रहे हैं और भारत में किए जा रहे संस्थागत सुधार, उद्योग, बुनियादी ढांचे और नवाचार का संयोजन देश की प्रगति का आधार बन रहा है।

# 1984 दंगे में सज्जन कुमार को उम्रकैद

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने 1984 में सिख विरोधी दंगों के दौरान सरस्वती विहार इलाके में दो व्यक्तियों की हत्या से संबंधित एक मामले में पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। एमपी/एमएलए मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने अभियोजन पक्ष और बचाव पक्ष के वकील की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश सुनाया। अदालत ने 12 फरवरी को सज्जन कुमार को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दंडनीय अपराधों के लिए



दोषी ठहराया था। सजा की अवधि पर दलीलें सुनने के बाद अदालत ने फैसला सुनाने के लिए मामले को 25 फरवरी के लिए सूचीबद्ध कर दिया था।

वर्तमान मामला तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी की उनके दो सिख अंगरक्षकों द्वारा हत्या के बाद दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में हुए व्यापक सिख विरोधी दंगों के कई उदाहरणों में से एक से संबंधित है।

(शेष पेज 11 पर)

## महाकुंभ : आज आखिरी दिन भारी भीड़, सुरक्षा कड़ी, वाहन बैन

# अबतक 64 करोड़ ने लगायी पवित्र डुबकी

- ईशा अंबानी, रवीना टंडन ने लगायी डुबकी
- 144 वर्षों के अद्भुत संयोग का साक्षी बनने उमड़े लोग

**एजेंसी**

**प्रयागराज।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर महाकुंभ अपने चरम पर पहुंच चुका है। 144 साल बाद बने इस अद्भुत संयोग का साक्षी बनने के लिए करोड़ों श्रद्धालु संगम तट पर उमड़ पड़े हैं। मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पावन संगम में रोज सवा करोड़ से ज्यादा





श्रद्धालु डुबकी लगाकर शांति और मोक्ष की कामना कर रहे हैं। महाकुंभ में अब तक 64 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पवित्र स्नान कर चुके हैं। मंगलवार को जबरदस्त भीड़ रही। शाम 4 बजे तक 97.21 लाख लोग स्नान कर चुके हैं। इस तरह 13 जनवरी से अब तक 44 दिन में 64.33 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक ईशा अंबानी ने संगम स्नान किया। एक्ट्रेस रवीना टंडन ने भी बेटी राशा के साथ संगम में डुबकी लगायी। यूपी भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने भी संगम में लगायी डुबकी। हिमाचल के सीएम सुखविंदर सुक्खू ने पत्नी-बेटी के साथ किया पवित्र स्नान।

**आज आखिरी दिन, एयरफोर्स तैनात :** महाशिवरात्रि को महाकुंभ का आखिरी दिन है। महाशिवरात्रि के स्नान पर्व को देखते हुए ट्रैफिक प्लान बदला गया है। मंगलवार शाम से मेला क्षेत्र में प्रशासनिक गाड़ियों को छोड़कर सभी वाहनों की एंट्री रोक दी गयी है। प्रशासन ने अपील की है कि श्रद्धालु नजदीकी घाट पर स्नान करें और घर जायें। महाकुंभ में निगरानी के लिए एयरफोर्स के जवान तैनात हैं।

(शेष पेज 11 पर)

## मंईयां सम्मान योजना की पूरे देश में हो रही है चर्चा : प्रदीप

कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण के पक्ष में बोलते हुये कहा कि मंईयां सम्मान योजना की पूरे देश में चर्चा हो रही है। इसके साथ ही बिजली बिल माफी और अबुआ आवास योजना ने भी धूम मचा रखी है। यह योजना महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। झारखंड सरकार ने दो बार किसानों का कर्ज माफ किया है। पहली बार 50,000 रुपये तक का कर्ज माफ हुआ था। जबकि इस बार 2 लाख रुपये तक का कृषि ऋण माफ हो रहा है। 2024–25 में 7625 आवेदन स्वीकृत हुये और 738 करोड़ रुपये सब्सिडी ऋण दिया गया है।

## कोयलांचल में रैयतों पर हो रहा जुल्म: जयराम महतो

जेएलकेएम विधायक जयराम कुमार महतो ने सदन में कहा कि कोयलांचल में रैयतों पर जुल्म हो रहा है। उनका आरोप है कि मांडू के कई गांवों में दो कंपनियां खनन करने वाली हैं। जिससे रैयतों को परेशानी हो रही है। इस मामले में पांच सौ से ज्यादा महिलाएं धरना पर बैठी हैंण उनकी मांग है कि उनकी बात सुनी जाये और उन्हें न्याय दिलाया जाये।


**चक्रधरपुर मंडल के तहत विज्ञापन परिसंपत्तियों के लिए ई–नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति, भारत संघ की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, चक्रधरपुर मंडल, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा चक्रधरपुर मंडल के तहत निम्नलिखित परिसंपत्तियों की श्रेणियों के लिए ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है, जिसे **https:/www.ireps.gov.in/**वेबसाइट पर अधिसूचित किया गया है। ई–नीलामी का विवरण निम्नानुसार है: **क्रम सं. 1, श्रेणी:** विज्ञापन ओओएच, **कैटलॉग नं.:** एडीवीटी–एडीटीपी–ओओएच–2, **नीलामी की तिथि:** 07.03.2025, **नीलामी शुरू होने का समय:** 11.45 बजे, **नीलामी बंद होने का समय:** 12.15 बजे। **क्रम सं. 2, श्रेणी:** एडीवीटी. ट्रेन एक्सटीरियर, **कैटलॉग नं.:** एडीवीटीटीआरएनईएक्सटी–1–25, **नीलामी की तिथि:** 06.03.2025, **नीलामी शुरू होने का समय:** 11.30 बजे, **नीलामी बंद होने का समय:** 12.10 बजे। इच्छुक पार्टी इस तथ्य को ध्यान में रखें और साइट के विवरण तथा ई–नीलामी सूचना के बारे में संबंधित जानकारी के लिए ऊपर उल्लिखित वेबसाइट देखें। किसी भी तरह की पूछताछ/स्पष्टीकरण के लिए, कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-1171) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, चक्रधरपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा



सीएमपीडीआई cmpdi
सेन्ट्रल माईन प्लानिंग एण्ड डिजाईन इन्स्टीच्यूट लिमिटेड
CENTRAL MINE PLANNING & DESIGN INSTITUTE LIMITED
(कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)
गोन्दवाना प्लेस, कांके रोड, रांची–834008, झारखण्ड, इंडिया

**सूचना**

"सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं की खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.coalindia.in/**संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीएमपीडीआई, **www.cmpdi.co.in**), सीआईएल ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://coalindiatenders.nic.in** एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल **https://eprocure.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल **https://gem.gov.in** के माध्यम से भी खरीद की जाती है"।


# महिला दिवस पर दी जायेगी मंईयां योजना की तीनों किस्त : दीपिका

**बजट सत्र : दूसरा दिन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना की राशि जल्द ही लाभार्थियों को दी जायेगा। मंत्री ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि तकनीकी त्रुटियों के कारण राशि समय पर नहीं भेजी जा सकी। लेकिन अब समस्या दूर कर ली गयी है। जल्द ही सभी लाभार्थियों के खातों में एक साथ तीन माह की राशि 7500 रुपये ट्रांसफर की जायेगी। उन्होंने बताया कि होली या महिला दिवस के अवसर पर मंईयां योजना की तीनों किस्त दी जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि हेमंत सोरेन सरकार अपने वादों को पूरा करने की क्षमता रखती है।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत दी जाने वाली राशि को 1000 रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये किया गया था। हालांकि कुछ तकनीकी दिक्कतों के कारण राशि के वितरण में बाधायें आयीं। लेकिन इसे ठीक कर लिया गया है।



### मां कोलेश्वरी स्टोर पर 28 लाख का फाइन

**विधायक** जनार्दन पासवान ने सदन में पूछा कि हंटरगंज में माफिया, वन पदाधिकारी और खान विभाग के पदाधिकारियों द्वारा अवैध खनन और व्यापार किया जा रहा है। इस प्रभारी मंत्री ने कहा कि मां कोवलेश्वरी स्टोन को तीन अक्तूबर 2015 को लघु खनिज का पट्टा दिया गया था। दायरे से अधिक खनन करने पर 2023 में उस पर 27.89 लाख का फाइन भी किया गया है। इसकी जांच कराई जायेगी। कांग्रेस विधायक सुरेश बैठा ने पूछा कि खलारी के एनके एरिया में कोयला खदानों में नियम विरूद्ध विस्फोट किया जा रहा है।

# राज्यपाल से असत्य बोलवाया गया : विपक्ष

## चर्चा के बाद सदन की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन दूसरी पाली में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा हुई। हालांकि चर्चा के दौरान कई बार हंगामा भी हुआ। राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और उसके समर्थन में सत्ता पक्ष के विधायकों द्वारा पक्ष रखे जाने पर भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सवाल उठाया। इस दौरान स्पीकर ने कहा कि सभा का संचालन नियम के तहत ही हो रहा है। उन्होंने बताया कि सत्ता पक्ष के मुख्य दल द्वारा पक्ष रखे जाने के बाद भाजपा की बारी आयेगी। भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अभी तो नई-नई सरकार बनी है, अभी किसी को कुछ नहीं कहेंगे। लेकिन, राज्यपाल से असत्य बोलवाया गया है। उन्होंने नि>य पत्र को दिखाते हुए कहा कि सरकार बनने के दो साल के भीतर नियुक्ति की जायेगी। लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ है। उन्होंने मंईयां सम्मान योजना का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जनवरी और फरवरी की राशि अभी तक नहीं मिली है। उन्होंने रांची में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान का भी जिक्र किया और कहा कि इसका सीधा असर गरीबों पर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार अपराधियों को संरक्षण दे रही है। खनिज लूट रही है और बालू लूट रही है। राज्य में छिनतई और हत्या की घटनायें रोजाना हो रही हैं। लेकिन सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

**कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों के शिक्षकों के लिए बन रही नियमावली :** विधानसभा में अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से सत्ता पक्ष के ही विधायक समीर मोहंती ने डायट एवं अन्य सरकारी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में डीएलएड की पढ़ाई बंद होने का मामला उठाया। उन्होंने सवाल किया कि आखिर क्यों सरकारी संस्थानों में इसकी पढ़ाई बंद कर दी गई। जबकि निजी संस्थान बड़ी राशि लेकर इसकी पढ़ाई करा रहे हैं। इस पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन इसका संतोषजनक जवाब नहीं दे सके।

**शिक्षा मंत्री का शिल्पी नेहा तिर्की ने दिया साथ :** सरकारी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों में डीएलएड की पढ़ाई क्यों बंद हुई, के सवाल पर जवाब के क्रम में शिक्षा मंत्री को मदद करते हुये कृषि एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बवर्ष 2030 तक डीएलएड की पढ़ाई बंद हो जायेगी। उन्होंने निजी संस्थानों में भी इसकी पढ़ाई बंद करने के लिए राज्य सरकार द्वारा आदेश जारी किए जाने का सुझाव दिया। इधर, अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से ही विधायक निरल पूर्ति ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को केंद्रीय विद्यालयों की तर्ज पर 27,500-28200 वेतनमान देने की मांग उठाई। जवाब में शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान में शिक्षकों को प्रतिमाह 13,200 रुपये मानदेय का भुगतान होता है।

इसमें 11 हजार रुपये समग्र शिक्षा अभियान के तहत उपलब्ध कराया जाता है।वहीं, 2,200 रुपये राज्य सरकार अतिरिक्त भुगतान करती है। मंत्री ने इन विद्यालयों के शिक्षकों के लिए नियमावली का गठन प्रक्रियाधीन होने की जानकारी दी।

### हजारीबाग में बन रहा है 500 बेड का अस्पताल : मंत्री

ध्यानाकर्षण के तहत विधायक प्रदीप प्रसाद ने हजारीबाग सदर अस्पताल का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वहां ऑफलाइन पर्ची कटाने की भी व्यवस्था होनी चाहिए। ऑक्सीजन प्लांट और मेडिकल वेस्ट डिस्पोजल मशीन भी बंद है। डॉक्टरों की कमी है। इंमरजेंसी दवाएं भी नहीं हैं। इस पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि हजारीबाग में शेख भिखारी हॉस्पिटल 500 बेड का बन रहा है। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद सदर अस्पताल का लोड कम हो जायेगा। 25 मई तक भवन तैयार हो जायेगा।

रिक्त पदों पर नियुक्ति की जा रही है। विधायक मथुरा प्रसाद महतो की ओर से पूछे गये डीएमएफटी के सवाल पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने कहा कि जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट नियमावली राज्य हित में नहीं है। इसमें संशोधन होना चाहिए। जितने भी खनिज हैं, सभी से रॉयल्टी आता है। वहीं, कोडरमा में करियावां मौजा को विस्थापित गांव की सूची में शामिल नहीं करने के सवाल पर भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरूआ ने कहा कि इसकी जांच कर विस्थापित गांव की सूची में शामिल किया जायेगा। ध्यानाकर्षण के जरिए विधायक अमित यादव ने यह सवाल पूछा था।


**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा**
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**-: शुद्धि सूचना :-**

कार्यालय पत्रांक 94/जि.प., दिनांक 13.02.2025 (PR No. 346457 (District) 24-25*D) द्वारा सिमरिया प्रखण्ड अन्तर्गत मत्स्य विभाग कार्यालय के सामने सिमरिया–बगरा पथ में 24 दुकानों को लाभुकों के बीच आवंटित करने हेतु दिनांक 28.02.2025 को लॉटरी का आयोजन किया गया है।

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त लॉटरी दिनांक 03.03.2025 को 12.30 अपराह्न में जिला परिषद सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी।

वे लाभुक, जिन्होंने पूर्व में संबंधित दुकान आवंटन हेतु निर्धारित राशि का डिमांड ड्राफ्ट जमा किया है, संशोधित तिथि पर समय से उपस्थित होकर लॉटरी प्रक्रिया में भाग लेना सुनिश्चित करें। अनुपस्थित लाभुकों के किसी भी प्रकार के आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा

PR 347240 District (24-25)_D



**कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच (कोडरमा)**

**अति अल्पकालीन**

**डाक बन्दोबस्ती आमंत्रण सूचना–14/2025**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, डोमचाँच के अन्तर्गत वित्तीय एक वर्ष के लिए (दिनांक–01.04.2025 से 31.03.2026 तक के लिए) निम्न सैरातों की बन्दोबस्ती ई–प्रोक्यूरमेंट कमिटि के अध्यक्ष की अध्यक्षता में 2:00 बजे अपराह्न नगर पंचायत, डोमचाँच कार्यालय कक्ष में होगी। इच्छुक डाकधारी निर्धारति शर्त एवं समय के अनुसार दिनांक– 07.03.2025 को अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में खुली डाक के से बोली लगाने हेतु निर्धारित किया जाता है।

| क्र0सं0 | बन्दोबस्ती का नाम | सुरक्षित 2025 के लिए | जमानत की राशि 10 प्रतिशत | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सांस्कृतिक भवन | 270000.00 | 27000.00 | दिनांक–07.03.2025 को 02:00 बजे पूर्वाह्न से |

बन्दोबस्ती की शर्त एवं विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस को नगर पंचायत, डोमचाँच को सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचाँच

PR.NO.347194 Urban Development(24-25):D



**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड सरकार के आदेश के उपरान्त गुमला जिला अंतर्गत किसी भी प्रकार का पान मसाला तम्बाकू और निकोटिन युक्त पदार्थ को बैन कर दिया गया है , अतः सभी से अनुरोध है कि अगर किसी भी कोटपा 2003 से संबंधित शिकायत है तो वह बंद लिफाफे में ntcp ncd cell सिविल सर्जन कार्यालय को सूचना दे सकते है अथवा मेल आईडी ntcpncdgumla@gmail.comमें शिकायत भेज सकते है

शिकायतकर्ता निम्नलिखित मापदण्ड पर शिकायत करे।

1. कही भी किसी भी तरह के तम्बाकू उत्पाद का प्रचार प्रसार अगर किया जा रहा है।
2. पान मसाला खैनी गुटखा सिगरेट खुले में बेचा जा रहा है।
3. 18 साल के कम उम्र के बच्चे के द्वारा तम्बाकू पदार्थ प्रयोग किया या बेचवाया जा रहा हो ।
4. कोई भी दुकानो के पास खुले में धम्रपान करते दिखायी दे रहे हो।
5. स्कूलों के 100 मीटर के क्षेत्र में खैनी, सीगरेट एवं गुटखों की दुकान हो तो ।
6. कही भी भण्डारन किया जा रहा हो।

शिकायतकर्ता का नाम और पहचान गुप्त रखा जाएगा।

विश्वासभाजन
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गुमला

PR 347163 Health Med Edu and Family Welfare (24-25)_D



**कार्यालय: अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी (सामान्य) लातेहार**
**संयुक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, प्रथम तल, कीनामाड़, लातेहार-829206**
E-mail ID – latehardao@rediffmail.com

**पुनः अल्पकालिन निविदा सूचना 3rd Call**

विभागीय राज्यादेश संख्या 63 दिनांक 10.01.2024 के आलोक में कृषि निदेशक, झारखण्ड, राँची के उपावंटनादेश सं० 1676 दिनांक 08.04.2024 द्वारा राज्य योजनान्तर्गत मुख्यशीर्ष–2401 फसल कृषि कर्म लघु शीर्ष 789–अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना एवं लघु शीर्ष–115 छोटे/उपांतक किसानों तथा कृषि श्रम की योजना में आवंटन प्राप्त है।

Leaf color chart के क्रय हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की सूची निम्न प्रकार है–

| S.No | Name of Instruments and Accessories | Specification | Price |
|---|---|---|---|
| 1 | Leaf color chart | State Agriculture University / ICAR Approved For Wheat – 6 Panel Leaf Color Chart | Price in 1 no with all Taxes |

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 04.03.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त की जायेगी। निर्धारित तिथि एवं समय पर निविदा प्राप्त नहीं होने पर उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। निविदा खोलने की तिथि 05.03.2025 एवं समय 2:00 बजे अपराह्न अनुमंडल कृषि कार्यालय, लातेहार में निर्धारित है।

नियम एवं शर्ते जिला कृषि कार्यालय के सूचनापट् पर देखी जा सकती है।

विश्वासभाजन
अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी, (सामान्य), लातेहार

PR 347210 Agriculture (24-25)_D


## राज भवन में आयोजित ऐट होम में बोले राज्यपाल

# राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण होती है युवाओं की भूमिका



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को राजभवन में आयोजित ऐट होम कार्यक्रम में भाग लिया। राज्यपाल ने एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों को गणतंत्र दिवस शिविर-2025 में राज्य का गौरवपूर्ण प्रतिनिधित्व करने पर बधाई दी। उन्होंने एनसीसी और एनएसएस संगठनों को राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ये संगठन युवाओं को सामाजिक सेवा, राष्ट्रभक्ति और अनुशासन की दिशा में प्रेरित करते हैं।

**मेरा भी एनसीसी से गहरा जुड़ाव था :** राज्यपाल ने कहा कि रक्तदान, साक्षरता अभियान, वृक्षारोपण, स्वच्छ भारत मिशन, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन जैसे कार्यों में इन संगठनों की सक्रिय भागीदारी सराहनीय रही है। उन्होंने अपने छात्र जीवन को याद करते हुए बताया कि उनका भी एनसीसी से गहरा जुड़ाव था और सैन्य सेवा की ओर झुकाव था, लेकिन आपातकाल के दौरान जेल जाने के बाद उनका जीवन एक नया मोड़ ले लिया और वे राजनीति में सक्रिय हो गए।

बरेली की जनता के विश्वास से वे आठ बार लोकसभा सांसद चुने गए और अब झारखंड के राज्यपाल के रूप में अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

**एनसीसी–एनएसएस से अधिक युवाओं के जुड़ने का आह्वान :** राज्यपाल ने झारखंड राज्य के अधिक से अधिक युवाओं को एनसीसी और एनएसएस से जुड़ने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का भी सफलतापूर्वक निर्वहन कर सकें और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें।

### महिला सशक्तिकरण पर जोर

राज्यपाल ने महिला सशक्तिकरण पर चर्चा करते हुए कहा कि एनसीसी और एनएसएस में बेटियों की बढ़-चढ़कर भागीदारी समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आज बेटियां अपने साहस और नेतृत्व क्षमता से देश और समाज को नई दिशा दे रही हैं, जो गर्व की बात है। उन्होंने युवाओं से विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया और माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के युवा शक्ति, विकसित भारत विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की सबसे अहम भूमिका होगी।

## खबर एक नजर में

### मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग वाली पूर्व आइपीएस अरुण उरांव की पीआइएल खारिज

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय नेता और पूर्व आइपीएस अधिकारी अरुण उरांव द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मंगलवार की सुनवाई के बाद अदालत ने उनकी याचिका खारिज कर दी। राज्य सरकार की ओर से इस जनहित याचिका की मेंटेंनबिलिटी पर सवाल उठाया गया था। वहीं प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने कहा कि याचिका दायर करने वाला व्यक्ति एक रिटायर्ड आइपीएस अधिकारी हैं। इसलिए मेंटेंनबिलिटी का सवाल नहीं उठता। दरअसल अरुण उरांव ने अपनी जनहित याचिका में कहा था कि झारखंड में पिछले कुछ समय से केंद्रीय एजेंसी इडी ने कई बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में मनी लॉन्ड्रिंग के कई मामले सामने आये हैं। लेकिन सरकार की ओर से कोई कठोर कार्रवाई नहीं की गयी। इसलिए मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपियों के खिलाफ राज्य सरकार को भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाना चाहिए। मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस की बेंच में हुई।

### बायोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण को लेकर हाईकोर्ट में सुनवाई, जिलों के डीसी से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में झारखंड ह्यूमन राइट कनफेडरेशन की जनहित याचिका की सुनवाई हुई। याचिका में राज्य में नर्सिंग होम एवं हॉस्पिटल से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण को लेकर सवाल उठाए गए हैं। कोर्ट ने राज्य के सभी जिलों के डीसी से पूछा है कि उनके जिले में स्थित नर्सिंग होम एवं हॉस्पिटल से निकलने वाले बायो मेडिकल वेस्ट के निस्तारण की क्या व्यवस्था है। कोर्ट ने इसे शपथ पत्र के माध्यम से प्रस्तुत करने का निर्देश सभी जिलों के डीसी को दिया है। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से कोर्ट को बताया गया है कि झारखंड में अभी 5 जगहों – लोहरदगा, रामगढ़, पाकुड़ धनबाद एवं आदित्यपुर में बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट चल रहे हैं, जबकि देवघर में अभी बायोमेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट बन रहा है। कोर्ट ने अगली सुनवाई मई माह के प्रथम सप्ताह में निर्धारित की है।

### पांच न्यायिक पदाधिकारियों को एलएम की उपाधी के बाद तीन अग्रिम वेतन वृद्धि की स्वीकृति

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से अनुशंसित झारखंड वरीय न्यायिक सेवा के पांच न्यायिक पदाधिकारियों को एलएम की उपाधी प्राप्त करने के बाद तीन अग्रिम वेतन वृद्धि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश धीरज कुमार, दीपक बर्णवाल, बिरेंद्र कुमार, शिवनाथ त्रिपाठी और आशुतोष कुमार पांडेय शामिल हैं। उक्त अग्रिम वेतन वृद्धि वेतन का हिस्सा होगी और महंगाई भत्ता इसके अनुसार तय होगा। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

**चार सेवानिवृत न्यायिक पदाधिकारियों को भी तीन अग्रिम वेतन वृद्धि की स्वीकृति :** इसके अलावा चार सेवानिवृत न्यायिक पदाधिकारियों को भी एलएलएम उपाधी प्राप्त करने के बाद तीन अग्रिम वेतन वृद्धि की स्वीकृति दी गई है। इनमें जिला जज सिमडेगा रिजवान अहमद, चतरा से सेवानिवृत रामबाबू गुप्ता, जिला जज लोहरदगा से सेवानिवृत्त राजेंद्र कुमार जुमनानी और न्यायमुर्ति झारखंड उच्च न्यायालय नवनीत कुमार शामिल हैं।

### वर्ष 1984 सिख दंगा मामला : हाई कोर्ट ने वन मैन कमीशन की रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने का सरकार को दिया निर्देश

**रांची।** वर्ष 1984 के सिख दंगा में झारखंड में प्रभावित लोगों को मुआवजा दिलाने एवं सिख दंगा से संबंधित केस क्रिमिनल केस की मॉनिटरिंग करने को लेकर दायर सतनाम सिंह गंभीर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट में अब तक वन मैन कमीशन की रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। राज्य सरकार से पूछा की यह रिपोर्ट कब तक प्रस्तुत की जाएगी। वन मैन कमीशन की रिपोर्ट जल्द प्रस्तुत करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया। अगली सुनवाई 8 अप्रैल को होगी। कोर्ट ने कहा कि कितने पीड़ित को मुआवजा मिला है, कितने शेष बचे हैं उस रिपोर्ट से ही यह स्पष्ट हो सकेगा। पूर्व की सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली गई है। वन मैन कमीशन द्वारा अनुशंसा किए गए 41 पीड़ितों में से 39 पीड़ितों को मुआवजा दे दिया गया है।

**वन मैन कमीशन ने दिया है चार जिलों में मुआवजा भुगतान का निर्देश :** पूर्व की सुनवाई में प्रार्थी के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया था कि कमीशन ने 4 जिलों में सिख दंगा पीड़ितों को मुआवजा भुगतान करने का राज्य सरकार को निर्देश दिया है। वहीं, राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि हाई कोर्ट द्वारा गठित वन मैन कमीशन की रिपोर्ट के तहत मुआवजा भुगतान की प्रक्रिया जारी है। हाई कोर्ट के आदेश पर सिख दंगा मामले को लेकर रिटायर्ड जस्टिस डीपी सिंह की अध्यक्षता में वन मैन कमिशन बनाई गई है। कमीशन ने अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को दी थी। झारखंड के सिख दंगे से प्रभावित 4 जिलों रांची, रामगढ़, बोकारो, पलामू के लोगों को मुआवजा देने के संबंध में कमीशन ने आदेश पारित किया है।

### हाईकोर्ट कोर्ट की अनुशंसा पर चार जिला जज का तबादला

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय की अनुशंसा के आलोक में चार न्यायाधीश का तबादला किया गया है। विनोद कुमार सिंह, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश–सह विशेष न्यायाधीश निर्वाचित एमपी एवं एमएलए डालटेनगंज को अगले आदेश तक जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निरोधक अधिनियम के तहत अपराधों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायालय डालटेनगंज के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट गढ़वा दिनेश कुमार को अगले आदेश तक विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट सह विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जनजाति अत्याचार निरोधक अधिनियम के तहत अपराधों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायालय गढ़वा के पद पर नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है।

जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश गिरीडीह मनोज चंद्र झा को जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निरोधक अधिनियम के तहत अपराधों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायालय गिरिडीह के पद पदस्थापित किया गया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश साहेबगंज धीरज कुमार को अगले आदेश तक जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह विशेष्रा न्यायाधीश अनुसूचित जनजाति अत्याचार निरोधक अधिनियम के तहत अपराधों की सुनवाई के लिए विशेष न्यायालय साहेबगंज के पद नियुक्त एवं पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### हत्या मामले में दोषी को आजीवन कैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त शैलेंद्र कुमार की अदालत ने हत्या मामले में निक्की नायक को दोषी पाकर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर पांच हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। उस पर ओरमांझी थाना क्षेत्र के चकला गांव निवासी सौरव संजीव पांडे की चाकू से गला काटकर हत्या करने का आरोप था। अभियुक्त ने घटना को अंजाम 9 जुलाई 2022 को दिया था। पुलिस ने अभियुक्त को 11 जुलाई 2022 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से वह लगातार जेल में ही है। निचली अदालत से तीन बार और झारखंड हाईकोर्ट से दो बार उसे जमानत देने से इनकार किया था। घटना को लेकर मृतक की मां ने ओरमांझी थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अभियुक्त और मृतक के बीच किसी बात को लेकर बहस हुई थी। इसी बीच निक्की नायक ने चाकू से सौरव के गर्दन पर तीन–चार वार किया। इससे वह गिर गया और उसकी स्कूटी लेकर अभियुक्त भाग गया। अस्पताल ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से ठोस गवाही दर्ज कराई गई।

### अश्लील हरकत करने के मामले में टीचर को नहीं मिली जमानत

**रांची।** नाबालिग छात्रा से अश्लील हरकत करने के आरोप में जेल में बंद कोकर के हैदरअली रोड निवासी ट्यूशन टीचर अमरेंद्र कुमार उर्फ अमरेंद्र सिंह को अदालत ने राहत देने से इनकार किया है। पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका सुनवाई प›ात खारिज कर दी है।

सुप्रभात
बुधवार 26.02.2025
धनबाद, वर्ष 01, अंक 306
epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित सबकी बात सबके साथ



## स्पीड न्यूज

### कोल कर्मी की मोटर साइकिल चोरी

**कतरास।** तेतुलमारी थाना अंतर्गत वेस्ट मोदीडीह परियोजना में हाजिरी घर के समीप पार्किंग स्थल से कोल कर्मी सरयू रविदास की हीरो होंडा स्प्लेंडर चोरी चली गई। भुक्त भोगी कर्मी ने तेतुलमारी थाना लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग किया है। वह मंगलवार सुबह ड्यूटी करने के लिए वेस्ट मोदीडीह आया। नौ नंबर हाजिरी घर के समीप पार्किंग स्थल पर बाइक खडा कर ड्यूटी गया था। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब पाया।

### एसयूवी से मैजिक गाड़ी टकराई, हताहत नही

**राजगंज।** राजगंज थाना क्षेत्र के महेशपुर के समीप एसयूवी वाहन ने आगे जा रही मैजिक गाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी। घटना के बाद एक्सयूवी के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वही एयरबैग खुलने के कारण गाड़ी में सवार अभिषेक पाल, यश पटनायक दोनों बाल बाल बच गए। कार कोलकाता से प्रयागराज जा रहा था। पुलिस ने दोनों गाड़ी को जप्त कर लिया है। जबकि मैजिक गाड़ी फरार हो गई।

### सात सूत्री मांगों को लेकर सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ ने दिया धरना



**धनबाद।** सात सूत्री मांग को लेकर भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध सुरक्षा प्रहरी कर्मचारी संघ ने मंगलवार को आईआईटी आईएसएम के मुख्य गेट धरना दिया। प्रबंधन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। धरनार्थियों ने बताया कि धरना की पूर्व आईएसएम प्रबंधन एवं एसडीएम को सूचना दी गई थी। इसके बावजूद धरना स्थल पर आईआईटी प्रबंधन एवं स्थानीय पुलिस हमलोगों को हटाने का प्रयास किया। यदि प्रबंधन हमारी मांगों पर तुरंत विचार नहीं करती है तो चरणबद्ध आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। संघ का प्रतिनिधिमंडल बीएमएस के केंद्रीय नेतृत्व के साथ मिलकर शीघ्र ही केंद्रीय मंत्री से मिलने का समय लेगी और अपनी समस्याओं से अवगत कराया जायेगा। धरना में गोरख राम, प्रभात कुमार सिंह, सुनील कुमार, धर्मजीत चैधरी, मनोज साव, जितेंद्र सिंह, तेजनारायण शर्मा, अरविंद सिंह, इंद्रजीत सिंह, दीपक ओझा, लालजीत भारती, बजरंग शर्मा शामिल थे।

### क्रेटा की टक्कर से टेंपो चालक की मौत



**गोविंदपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के जीटी रोड, गहिरा मोड़ के समीप मंगलवार सुबह क्रेटा कार के धक्के से सवारी टेंपो पलट गयी। इस घटना में टेंपो चालक की मौत घटनास्थल पर हो गई तथा तीन सवारी घायल हो गए, इसमें एक महिला भी शामिल है। क्रेटा सवार महाकुंभ स्नान कर घर लौट रहे थे। घटना के बाद सभी लोगों भाग निकले। सूचना पाकर पुलिस इंस्पेक्टर रुस्तम अली एवं एसआई सुरबाला भृंगराज घटनास्थल पर पहुंचे तथा सभी घायलों को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया। मृत जितेंद्र कुमार, उम्र 33 वर्ष कुम्हारडीह का रहने वाला था। परिवार में पत्नी निशु कुमारी, पुत्र विमान राय एवं एक पुत्री है। वह मूल रूप से महनार वैशाली के रहने वाले थे । इस घटना के बाद पूर्व मुखिया मोबिन अंसारी, यादव महासभा के लालमुनि यादव, अरुण यादव, शेखर यादव, विश्वनाथ राय, कौशल यादव, रामव्रत यादव, आदि थाना पहुंचे और थाना प्रभारी से मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की। पुलिस इंस्पेक्टर ने कहा कि नियमानुसार सभी सरकारी सुविधा मृतक के परिवार को उपलब्ध कराई जाएगी। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घायलों का इलाज एसएनएमएमसीएच में चल रहा है। इस संबंध में गोविंदपुर थाना में कांड अंकित किया गया है।

## बेहतर समाज निर्माण के लिए लैंगिक समानता जरूरी: उपायुक्त

### हर महिला को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की है जरूरत

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बेहतर समाज निर्माण के लिए लैंगिक समानता जरुरी है। कई ऐसे क्षेत्र है जहां ध्यान केंद्रित कर काम करना होगा। तभी महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनेगी। उक्त बातें उपायुक्त माधवी मिश्रा ने मंगलवार को एसएसएलएनटी महिला महाविद्यालय में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत पीसी एंड पीएनडीटी उन्मुखीकरण कार्यशाला में कही। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल बी.एड की छात्राओं से समाज की हर लड़की तक यह संदेश पहुंचाने की अपील की।




वहीं पीसी एंड पीएनडीटी पर उपायुक्त ने कहा कि भ्रुण जांच और लिंग निर्धारण दंडनीय अपराध है। उन्होंने इसके नैतिक, तकनीकी और कानूनी पहलू पर विचार प्रकट किए। साथ ही छात्राओं से इसे जानने और समान रूप से इस पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने बीएड की छात्राओं को पूरी मेहनत के साथ पढ़ाई पूरी कर समाज में अपनी भागिदारी सुनिश्चित करने की बात कही। कार्यशाला में सिविल सर्जन डॉ चंद्र भानु प्रतापन, कार्यपालक दंडाधिकारी रविंद्र ठाकुर, डॉ विकास राणा, पूजा रत्नाकर, नीता सिन्हा उपस्थित थी।

## कारू यादव की जमानत अर्जी खारिज

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** अवैध हथियार व बम रखने के एक मामले में कारू यादव की जमानत अर्जी मंगलवार को अदालत ने खारिज कर दी धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार की अदालत ने वरीय अधिवक्ता शाहनवाज की दलील सुनने के बाद कारू को जमानत पर मुक्त करने से इनकार कर दिया। कारू 15 जनवरी 25 से जेल में बंद है जिसके विरुद्ध मधुबन थाने की पुलिस ने नौ अलग अलग प्राथमिकी दर्ज की है।

**क्या है आरोप**

प्राथमिकी धर्मेंद्र कुमार थाना प्रभारी मधुवन थाना के शिकायत पर कारू समेत 10 के विरुद्ध पन्द्रह जनवरी पच्चीस को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक मधुवन थाना कांड संख्या 1/25 के अनुसंधान के लिए पुलिस राम लखन महतो को पूछताछ कर रही थी उसने पूछताछ में बताया कि कारू के कहने पर वह हथियार रखता है और जरूरत पड़ने पर उसका इस्तेमाल करता है। राम लखन ने बताया था कि वह हथियार बरामद करवा सकता है। रामलखन की निशानदेही पर पुलिस ने खरखरी स्थित बड़ा तालाब के पास स्थित आइसक्रीम दुकान से एक कोने में रखे चौकी के ऊपर कार्टून में रखा लोडेड पिस्टल व मैगजीन जिसमे 5 जिन्दा गोली व जिंदा देसी सुतली बम बरामद किया था। पुलिस ने आरोप लगाया था कि सभी बरामद बम को पानी में डालकर उसे निष्क्रिय किया गया पुलिस ने इस मामले में यह आरोप लगाया कि कारू यादव के कहने पर ही रामलखन महतो इन हथियारों का इस्तेमाल करता है। पुलिस ने दुकान के मालिक शशि विश्वकर्मा, कारू यादव, वीरेन्द्र यादव, विनोद यादव, बजरंगी पासवान, रॉकी मोदक, रोशन यादव, रवि विश्वकर्मा, प्रदीप यादव के विरुद्ध आर्म्स एक्ट एवं एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत प्राथमिकी पंद्रह जनवरी पच्चीस को मधुवन थाना कांड संख्या 9/25 पच्चीस दर्ज की थी।

# सोनारडीह में युवक को ट्रक ने रौंदा, घटना स्थल पर मौत

## घटना से आक्रोशितों ने किया सड़क जाम, चालक हिरासत में

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** सोनाडीह ओपी अंतर्गत मेहताडीह के पास फोरलेन पर मंगलवार को ट्रेलर ने 19 वर्षीय दीपक यादव को रौंद दिया। घटनास्थल पर ही दीपक की मौत हो गई। वह पड़ोस गांव टंडावारी का रहने वाला था। अन्य साथियों के साथ वह



सड़क पर शिवरात्रि का चंदा काट रहा था। इसी दौरान ट्रेलर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद चालक ट्रेलर लेकर वहां से भाग निकला। इधर घटना को देख आसपास के लोग वहां जमा हो गए। लोगों ने पीछा करते हुवे महुदा थाना क्षेत्र में ट्रेलर को पकड़ लिया। इधर युवक की हुई मौत के बाद लोगों का गुस्सा भड़क उठा और कतरास-मुहुदा फोरलेन में यातायात अवरूद्ध कर दिया। वे मृतक के आश्रित को मुआवजा, सड़क पर स्पीड ब्रेकर, ट्रकों की गति में अंकुश लगाने की मांग कर रहे थे। समाचार लिखे जाने तक सोनारडीह ओपी परिसर में वार्ता जारी है।

महुदा थाना अंतर्गत भुरंगिया काटा घर चौक के पास सोनारडीह के युवकों ने दुर्घटना के बाद भागने के आरोप में टेलर (ट्रक) चालक और खलासी को गाड़ी रोक कर पिटाई किया। दोनों भाग कर एक दुकान में घुस कर अपनी जान बचाई। चालक कह रहा था कि मैंने कोई एक्सीडेंट नहीं किया है। महुदा पुलिस मौके पर पहुंच कर चालक और खलासी को महुदा थाना ले गई। लोगों ने उक्त गाड़ी की तोड़ फोड़ किया। इंस्पेक्टर ममता कुमारी पुलिस बल के साथ पहुंच कर लोगों को खदेड़ा और उक्त गाड़ी को जप्त कर महुदा थाना ले गई।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल:** घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अविवाहित था और चालक का काम किया करता था।

**पिता ने दी शिकायत :** मृतक के पिता शिव प्रसाद यादव ने सोनारडीह ओपी में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में कहा है कि दीपक मंदिर में कार्य कराने के लिए सड़क पार कर रहा था। इस दौरान ट्रेलर ने उसे चपेट में ले लिया। शिकायतकर्ता ने ट्रेलर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने ट्रेलर को जब्त, जबकि चालक को हिरासत में ले लिया है।

## एक नजर में

### तिलाटांड पहाडी में लगी आग, अफरा तफरी



**कतरास।** तेतुलमारी थाना क्षेत्र के तिलाटांड पहाडी. में आग लग गयी। देखते हीं देखते जंगल से आग की लपटें निक लने लगी। जंगल से जानवर के अलावा सांप बिच्छू इधर-उधर भागने लगे। पड़ोस गांव के लोगों ने वन विभाग को सूचित किया। उसके बाद ग्रामीण जमा हुए और पानी फेंक कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। लोगो ने बताया झाड़ियों से धुआं निकल रहा था। यह देखकर लोगो ने आग को बुझाने का प्रयास करने लगा। लेकिन सफलता नहीं मिली। आग फैलती जा रही है। उस पर काबू नही पाया जा सका है। तिलाटांड जंगल से आच्छादित है।

### दलित शोषित आदिवासियों की आवाज थे जगदेव : संत कुमार



**जोड़ापोखर।** अम्बेडकर मिशन के तत्वावधान में बरारी लक्ष्मी कोलयरी स्थित भीम राव अम्बेडकर चैक पर शहीद जगदेव प्रसाद जागरण अभियान को सफल बनाने को लेकर आम सभा का आयोजन किया गया। डॉ संत कुमार सिंह ने शहीद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह दलित शोषित आदिवासियों की आवाज थे । जिसे दबाने के लिये मनुवादी सोंच के लोगों ने साजिश के तहत उनकी हत्या कर दी। वहीं प्रियंका देवी ने कहा कि दलित शोषित समाज के लोगों को अपनी बेटियों को शिक्षित करने लिए अधिक जोर देना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यार्थी सिंह तथा संचालन गणेश भारती ने किया। मौके पर शिवबली रविदास, संजय यादव, सलीम आजाद,भगवान दास,योगेश यादव,दीपक पासवान,उदित भुईया, जंग बहादुर जैसवार आदि थे।

### विशेषज्ञों ने किसानों को फसल सुरक्षा की दी जानकारी



**धनबाद।** आईआईटी (आईएसएम) एवं बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सहयोग से मंगलवार को जामताड़ा के फतेहपुर प्रखंड में किसानों के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के मृदा रोग विशेषज्ञ डॉ अरविंद कुमार ने मिट्टी की गुणवत्ता और उसकी उर्वरक क्षमता बढ़ाने के तरीकों के बारे में बताया। वहीं पौध रोग विशेषज्ञ डॉ एम. के. बर्णवाल ने प्रचलित पौध रोगों और उनके रोकथाम उपायों के बारे में बताया। आईआईटी (आईएसएम) के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं ने भी इस कार्यक्रम में योगदान दिया, जिनमें परियोजना के सह-प्रमुख अन्वेषक प्रो. नीलाद्रि दास के साथ दीप चैधुरी, पवन कुमार, निलेश कुमार, सन्नी, आनंद चंद्र साहू और सुमना बनर्जी शामिल थे। उनकी विशेषज्ञता ने नवाचार आधारित कृषि तकनीकों और स्थायी कृषि पद्धतियों पर गहन चर्चा की गई। ज्ञात हो कि आईआईटी एवं बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के सहयोग से जामताड़ा जिले के अलग अलग प्रखंडों में कार्यशाला आयोजित कर किसानों को कृषि के नये तकनीकों से अवगत कराया जा रहा है। ताकी वे अपनी उत्पादन क्षमता बढ़ाने के साथ आय में वृद्धि कर सके।

### सिंदरी विधायक ने 97 मजदूर युवतियों के वापसी के लिए उठाई सदन में आवाज



**सिंदरी।** झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने पश्चिम बंगाल के सोनापुर में फँसी 97 मजदूर युवतियों की वापसी के लिए सदन में आवाज बुलंद की। उन्होंने बताया कि काम की तलाश में पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना के रामचंद्रपुर के सोनापुर में गई युवतियां वापस अपने घर नहीं लौट पा रही हैं। उनलोगों को एक्सोडस फ्यूच्यूरा नाइट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने बंधक बनाकर रख लिया है। उन युवतियों को अविलंब घर वापसी के लिए सरकार को कठोर कदम उठाने की पेशकश की गई है।

## एसएसपी ने की अपराध पर समीक्षा



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** एसएसपी हृदीप पी जनार्दनन द्वारा मंगलवार को जिला समाहरणालय स्थित पुलिस मुख्यालय सभागार में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान एसएसपी ने जिले में घटित गंभीर अपराध की समीक्षा की। जिसमें विगत वर्ष के कुल संज्ञेय अपराधों की तुलनात्मक समीक्षा सहित हत्या, डकैती, लूट, गृहभेदन, चोरी एवं दुष्कर्म जैसे विषयों पर विचार विमर्श किया तथा आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिये। बैठक के दौरान एसएसपी के द्वारा विगत वर्षों के दौरान धनबाद में हुए संवेदनशील अपराधों पर चर्चा की गई, जिसमें हाल के दिनों में घटित संवेदनशील काण्डों के विरुद्ध की गई कार्रवाई के अलावा विभिन्न थानों में लंबित काण्डों, धनबाद में सक्रिय संगठित आपराधिक गैंग और उसके सदस्यों की गतिविधियों पर चर्चा करते हुये हत्या, लूट, डकैती और रंगदारी जैसी वारदातों को अंजाम देने वाले गैंग व उससे जुड़े अपराधियों के विरुद्ध अभी तक की गई कार्रवाई की विस्तारपूर्वक जानकारी ली गई।

बैठक के दौरान थानों से दर्ज विभिन्न मामलों पर चर्चा करते हुए महोदय ने तय समय सीमा के अंदर सभी कांडो का जल्द निष्पादन करने का निर्देश भी दिया। एसएसपी महोदय ने अपराध नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था के वर्तमान स्थिति पर नियंत्रण रखने के लिए निर्देश दिया साथ ही साथ ही पूरे जिले में समय और स्थान बदलकर सघन वाहन चेकिंग करते हुये छोटे-मोटे अपराधों पर भी लगाम लगाये जाने का सख्त निर्देश दिया।समीक्षा बैठक में सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपील चौधरी समेत कई पुलिस उपाधीक्षक, थाना प्रभारी व विभिन्न मामलों से जुड़े अनुसन्धानकर्ता मौजूद रहे।

## निरसा में 100 दिन टीवी उन्मूलन प्रशिक्षण संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** निरसा सीएचसी में मंगलवार को सहिया साथी, बिटीपी इत्यादि को टीवी बीमारी के मरीजों की पहचान करने के उद्देश्य से एकदिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।




प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए निरसा सीएचसी प्रभारी डॉ संजय पासवान ने कहा कि 100 दिवसीय टीवी उन्मूलन अभियान का मुख्य उद्देश्य और सुरक्षित समूहों के उपचार सेवाओं को मजबूत बनाना है। इसमें दूर दराज और वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों एवं हाशिए पर रहने वाले समुदाय के लिए 100 दिवसीय टीवी उन्मूलन कार्यक्रम चलाया।

उन्होंने कहा कि जिन मरीजों का वजन घट रहा है, शाम में बुखार आ रहा है, अचानक पसीना आना, मुंह से खून आना, खांसने से छाती में दर्द, कुपोषण, मधुमेह एवं एचआईवी से पीड़ित, दो सप्ताह से खांसी नहीं छूट रही है। ऐसे मरीजों की पहचान करनी है। वैसे मरीज का खंखार जांच करना तथा छाती का एक्सरे करवाना। यदि मरीज टीवी से ग्रसित है तो उसका इलाज निशुल्क करवाया जाएगा। इस अभियान में आंगनबाड़ी सेविकाओं, पोषण सखियों, सहियाओं की भूमिका सबसे अहम है। प्रशिक्षणार्थियों को बीपीएम धनेश्वर राम ने भी प्रशिक्षण दिया।

## प्रयागराज जा रहे बस ने टेलर में मारी टक्कर, दर्जनों घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** झारखंड पश्चिम बंगाल सीमा पर स्थित डिबुडीह चेकपोस्ट पर मंगलवार की सुबह पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर से प्रयागराज जा रही बस ने ट्रेलर में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें बस में सवार एक दर्जन से ज्यादा तीर्थयात्री घायल हो गए। घायलों को पश्चिम बंगाल के जिला अस्पताल में इलाज के लिए



भर्ती कराया गया है। यात्रियों ने बस चालक पर शराब पीकर गाड़ी चलाने का आरोप लगाया है। वहीं बस चालक का कहना है कि बस का स्टेरिंग फेल हो गया था, जिसके कारण दुर्घटना हुई। पुलिस मौके पर मौजूद हैं। पुलिस का कहना है कि घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, घायलों को इलाज कराया जा रहा है और जो लोग प्रयागराज जाना चाहते हैं, उन्हें भेजने का प्रयास किया जा रहा है, और जिन्हें घर जाना है उन्हें भी घर सकुशल पहुंचाया जाएगा। बस को क्रेन से उठाकर पुलिस अपने कब्जे में रखी है।

## मोबाइल की वजह से परिवार टूट रहे हैं : सुरेन्द्र हरिदास जी महाराज

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** निरसा क्षेत्र के खुशरी गांव में राधाकृष्ण सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन पूज्य श्री सुरेन्द्र हरिदास जी महाराज ने भक्तों को बताया कि सभी को बड़े-बुजुर्गों और माता-पिता का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि वे हमारे जीवन के मार्गदर्शक होते हैं। उनका अपमान करना न केवल एक नैतिक अपराध है, बल्कि यह हमारे संस्कारों के भी विरुद्ध है।





कहा कि मोबाइल ने भले ही हमारी जिंदगी को आसान बना दिया हो, लेकिन इसके कारण परिवारों में दूरियां बढ़ती जा रही हैं। पहले जब परिवार के सदस्य एक साथ बैठते थे, तो घर में प्रेम और संवाद का वातावरण बना रहता था। आजकल लोग एक ही छत के नीचे रहते हुए भी एक-दूसरे से कटे हुए महसूस करते हैं, क्योंकि हर कोई अपने-अपने मोबाइल में व्यस्त रहता है। उन्होंने कहा कि सदैव सत्कर्म करना चाहिए, क्योंकि अच्छे कर्म ही हमें जीवन में सुख, शांति और उन्नति प्रदान करते हैं। जो व्यक्ति सच्चाई और भलाई के मार्ग पर चलता है, वह समाज में एक आदर्श स्थापित करता है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में भी कहा है कि कर्म ही प्रधान है, और हमें बिना किसी फल की चिंता किए अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। आज के युवाओं को भटकाव और बुरे मार्गों का त्याग करना चाहिए। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सही दिशा में प्रयास करना आवश्यक है। कपिल भगवान की कथा को महाराज श्री विस्तार से सुनाया।

इस कथा को सफल बनाने वालों में बामा पद मोदक, पप्पू सिंह, राजेश मोदक, अमरनाथ दे, परिमल मोदक, संजीत मोदक, विपिन मोदक, नारायण चक्रवर्ती, एवं शिव शक्ति मंदिर कमिटी एवं समस्त खुशरी निरसा ग्रामवासी आदि के सहयोग से किया जा रहा है।

## भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ गायत्री महायज्ञ

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** मैथन आवासीय क्षेत्र के रांची कॉलोनी में मंगलवार को भव्य कलशयात्रा एवं नगर भ्रमण के साथ 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ की विधिवत शुरूआत हुई। सुबह रांची कॉलोनी के गायत्री प्रज्ञा मंडल परिसर से गाजेबाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में 251 महिलाओं ने अपने माथे पर मंगल कलश लिये हुए थी। शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने गुरुदेव बांग्यमय को लेकर नगर भ्रमण किया। इस दौरान गाजे बाजे एव ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते सभी श्रद्धालु मैथन डैम के छठ घाट पहुंचे, जहां वैदिक



मंत्रोच्चारण के साथ मंगल कलश में पवित्र जल भरकर वापस रांची कॉलोनी स्थित यज्ञ स्थल पहुंचे। मैथन में यह पहला 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ आयोजित की गई है और यह 28 फरवरी तक चलेगी। 28 फरवरी के सुबह महायज्ञ की पूणार्हुति, समापन समारोह, शांतिकुंज हरिद्वार से आए टोली की विदाई एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा में मुख्य रूप से गायत्री परिवार के विभूति शरण सिंह, अशोक कुमार पाठक, अक्षय कुमार राम, संजय शर्मा, पिंटू साव, सतीश साह, मनोज साह, सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

# ग्रामीणों के विरोध के बावजूद भू अर्जन विभाग ने तोड़े मकान

खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** एनएचएआई द्वारा सर्विस लेन बनाने के लिए शासनबेड़ियां से बेलचढी के बीच सरकारी जमीन पर बने आवासों को भू अर्जन पदाधिकारी की मौजूदगी में पोकलेन से गिरा दिया गया। हालांकि मकान में रहने वाले लोगों का कहना है कि यह हम लोगों का रैयती जमीन है। हम लोगों को मुआवजे का भी भुगतान नहीं किया गया है। मामला उच्च न्यायालय में चल रहा है। इसके बावजूद भू अर्जन विभाग द्वारा हम लोगों के घरों को जबरन तोड़ दिया गया है। इस दौरान घर वालों ने विरोध भी किया परंतु उनके विरोध के अनदेखा करते हुए मकान को तोड़ दिया गया। वही भू अर्जन पदाधिकारी का कहना है की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर लोग घर बनाए हुए हैं। सरकारी जमीन को खाली कराया गया है।

वही भू अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खाल को का कहना है कि सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर लोगों ने घर बना लिया है। हम लोगों ने सरकारी जमीन पर बने घरों को तोड़ा है। हम लोगों ने पूर्व में कई बार इन लोगों को मामले की जानकारी दी है। इसके बावजूद जिन लोगों ने जमीन खाली नहीं किया उनके घरों को तोड़ा गया है।



### यह है मामला

इस संबंध में जानकारी देते हुए बेलचढी निवासी गोपाल राय, केडी साव, डॉक्टर परेश, उमाशंकर सिंह इत्यादि ने बताया कि एनएचएआई द्वारा सर्विस लेन बनाने का हम लोग विरोध नहीं कर रहे हैं। हम लोगों का जमीन रैयती है। हम लोगों को भू अर्जन विभाग द्वारा जमीन का मुआवजा का भुगतान नहीं किया गया है। हम लोगों का मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बावजूद जबरन हम लोगों के घरों को तोड़ दिया गया। सरकारी जमीन पर निर्माण को तोड़ा जाए हम लोग उसका विरोध नहीं कर रहे हैं। परंतु रैयती जमीन का मुआवजा दिया जाए।

## स्पीड न्यूज

### झामुमों में पांच सौ लोगों ने ली सदस्यता

धनबाद। झामुमो ने मंगलवार को बैंक मोड में सदस्यता अभियान चलाया। पांच सौ लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में झामुमो की केन्द्रीय सदस्य निलम मिश्रा ने कहा कि झामुमो ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो सभी समुदाय को सामान्य दृष्टि से देखने का काम करती है। हमारी पार्टी ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र का चैमुखी विकास चाहती है, शहरी क्षेत्र का जिस प्रकार से भाजपाइयों ने दमन किया है यह जग जाहिर हो चुका है अब शहरी क्षेत्र में झामुमो ही एकमात्र विकल्प बनकर जनता के सामने है। कार्यक्रम में महानगर समिति के पूर्व अध्यक्ष मंटू चैहान, उपाध्यक्ष मिहिर दत्ता, बंटी सिंह, रामू मंडल, कोषाध्यक्ष टिंकू सरकार, राजू प्रमाणिक, महादेव हांसदा, राजेश तुरी उपस्थित थे।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

गिरिडीह। बेंगाबाद थाना क्षेत्र के करणपुरा में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान जहानाबाद निवासी अजय शर्मा के रूप में हुई है, जो बेंगाबाद के एक क्रेशर में काम करता था। जानकारी के अनुसार, सोमवार रात काम खत्म करने के बाद अजय शर्मा अपनी मोटर साइकिल से सिहोडीह पटेल नगर स्थित डेरा लौट रहे थे। इसी दौरान करणपुरा के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर बेंगाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### गिरिडीह दौरे पर पहुंचीं अन्नपूर्णा देवी, मैट्रिक पेपर लीक पर जताई चिंता



गिरिडीह। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी गिरिडीह दौरे पर पहुंचीं, जहां उन्होंने परिसदन भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता से मुलाकात की। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए उन्होंने झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के मैट्रिक पेपर लीक मामले पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि लगातार पेपर लीक की घटनाएं सामने आ रही हैं, लेकिन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने सरकार से बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा और भविष्य को ध्यान में रखते हुए कड़ी कार्रवाई करने की मांग की और कहा कि इस मामले में गंभीरता दिखाने की जरूरत है।

### पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ने मजदूरों को पीटा



धनबाद। निरसा में दो मजदूरों के साथ मारपीट करने का गंभीर आरोप पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष पर लगा है। आरोप यह है कि रॉबिन गोराई ने पहले दोनों मजदूरों को पैसे देने के लिए बुलाया, फिर अपने समर्थकों से मजदूरों को उन्हें रस्सी से बंधवाया और जमकर पिटाई कर दी। बाद में उन पर कारखाने से लोहा चोरी का झूठा मामला दर्ज करा दिया। पुलिस ने दोनों घायल मजदूरों को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया। कंचनडीह गांव के रहने वाले घायल मजदूर इमामुद्दीन और इम्तियाज ने अस्पताल में मीडिया को बताया कि रॉबिन चंद्र गोराई के पास उनका तीन साल पहले किए गए काम का पैसा बकाया था। उन्होंने कहा कि हम दोनों मजदूर रविवार को रॉबिन गोराई के पास पैसा मांगने गए थे। वहां गोराई ने दोनों को बंधक बना लिया और अपने समर्थकों के साथ मिलकर लोहे की रॉड से पिटाई की। रॉबिन गोराई और उनके समर्थकों ने न सिर्फ उन्हें पीटा, बल्कि लोहा चोरी का झूठा केस दर्ज करा दिया।

# गुरु नानक कॉलेज धनबाद मे प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** गुरु नानक कॉलेज धनबाद के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 का आयोजन संध्या 3:00 बजे कॉलेज के एस जे एस ग्रेवाल सभागार में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 में बतौर अध्यक्ष सरदार आर एस चाहल थे। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद द्वारा मुख्य अतिथि तथा छात्र-छात्राओं का स्वागत कर किया गया। उन्होंने माननीय सरदार आर एस चाहल को नवांकित पौधा देकर स्वागत किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कॉलेज के प्राचार्य ने सभी मेधावी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा कॉलेज के प्रति उनके समर्पण को सराहा। उन्होंने कहा कि वे इसी तरह अपने सतत प्रयास को जारी रखें और जीवन में मनवांछित सफलता प्राप्त करें । उन्होंने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कठोर परिश्रम करने की सलाह दी।

इस अवसर पर गुरु नानक कॉलेज के शाशि निकाय के अध्यक्ष सरदार आर. एस. चाहल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों की सफलता महाविद्यालय की सफलता है। इसे हर कोई अपनी मेहनत और लगन से प्राप्त कर सकता है। इस अवसर पर आई ए, आई काम, बी ए (जनरल), बी. काम (जनरल), बी ए आनर्स, बी काम आनर्स, बी सी ए. एन. एस. एस और एन. सी. सी के छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतिभा सम्मान समारोह में एकेडमिक से 36, स्पोर्ट्स से 81, एन. सी. सी 9 और एन. एस.एस से 20 तथा क्रिएटिविटी डिपार्मेंट से 46 छात्र-छात्राओं के साथ साथ 10 प्रशिक्षकों को पुरस्कृत किया गया। इस प्रकार कुल 192 छात्र-छात्राओं के साथ साथ मेंटर को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुरस्कृत किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रो. इंचार्ज (भूदा कैंपस) प्रो अमरजीत सिंह, प्रो इंचार्ज (बैंकमोड़ कैंपस) डॉ रंजना दास, प्रो. दीपक कुमार, प्रो. संजय सिन्हा, प्रो. संतोष कुमार, प्रो. दलजीत सिंह, प्रो. अभिषेक सिन्हा, प्रो.अर्णब सरखेल, प्रो. पीयूष अग्रवाल, प्रो. साधना सिंह, प्रो. स्नेहल गोस्वामी, प्रो. पुष्पा तिवारी, प्रो. उदय सिन्हा, प्रो. मनीषा कुमारी, प्रो. सपना गुप्ता, सुश्री नुश्रत परवीन, कैप्टन संजय सिंह नरेंद्र सिंह, पंकज, सुश्री नुसरत परवीन समेत अन्य कई शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थें।

कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ मीना मालखण्डी के द्वारा तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. संजय सिन्हा द्वारा किया गया। इसी मौके पर हाल ही में संपन्न हुए आई सी एस एस आर द्वारा वित्त पोषित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार 'जी 20 ए ग्लोबल प्लेटफॉर्म फॉर इकोनामिक डेवलपमेंट' की पुस्तक का विमोचन किया गया।

### डीआरएम ने धनबाद रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण



**धनबाद।** डीआरएम कमल किशोर सिन्हा मंगलवार को धनबाद स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन परिसर में यात्री सुविधाओं एवं साफ सफाई को देखा। प्लेटफार्म पर खड़ी ट्रेनों के अंदर भी गये। यात्रियों से बातचीत की, उनकी परेशानियों के बारे में सुना तथा सुविधाओं में सुधार लाने की बात कही। उन्होंने यात्रियों से टिकट लेकर ही यात्रा करने की अपील की। उन्होंने कहा जेनरल टिकट लेकर आरक्षित बोगी में प्रवेश करना गलत है। इससे दूसरे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ता है। आरक्षित बोगियों में सफर करना है तो वैद्य टिकट लेकर ही प्रवेश करे।

### शहीद नेपाल रवानी का शहादत दिवस मना


खबर मन्त्र संवाददाता



**महुदा।** महुदा बाजार स्थित झामुमो नेता अधिवक्ता निर्मल कुमार रवानी के आवासीय कार्यालय में शहीद नेपाल रवानी का शहादत दिवस मनाया गया। उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी गयी। वक्ताओं ने कहा कि नेपाल रवानी का पूरा जीवन संघर्ष में बिता है। किसान मजदूर के अलावा असंगठित मजदुरों के हक अधिकार के लिए माफिया के विरूद्ध लड़ते हुए वे शहीद हो गये क दयाल महतो ने कहा कि झारखण्ड अलग राज्य के लड़ाई में शहीद नेपाल रवानी का अग्रणी योगदान रहा है। अमीत कुमार पाठक, सुचित कुमार रवानी, सुशील कुमार अग्रवाल, जितेन्द्र कुमार ठक्कर, मो. कमाल अन्सारी, प्रहलाद कुम्भकार, गोपाल दास, जीतु पाण्डेय, चतुर महतो, मुन्ना रवानी, देवरत रवानी, मो. मुर्तजा अन्सारी, पवन रवानी सहित अन्य उपास्थित थे।

### बिल्डर पर धोखाधड़ी व प्रताड़ित करने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता



धनबाद। एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में विभिन्न लोगों की शिकायतें सुनी। इसमें बाघमारा के मधुबन कोलियरी से आए व्यक्ति ने एक बिल्डर द्वारा धोखाधड़ी करने तथा मानसिक रूप से प्रताड़ित करने की शिकायत की। मामले पर संज्ञान लेकर एडीएम ने अनुमंडल पदाधिकारी से दोनों पक्षों को बुलाकर उनका पक्ष सुनने का निर्देश दिया। गोविंदपुर के आसनबनी से आए लोगों ने आसनबनी-वन पंचायत में किए जा रहे मनरेगा कार्य में रोजगार सेवक द्वारा अनियमितता बरतने और पैसों की अवैध रूप से निकासी करने की शिकायत की। वहीं धनसार से आई महिला ने देवरा द्वारा अत्याचार करने, टुंडी के सरकारी तालाब का जीर्णोद्धार करने, अंत्योदय योजना में नाम दर्ज कराने, अवैध डीड एवं म्यूटेशन रद्द कराने, दंडाधिकारी एवं सुरक्षा बल की नियुक्ति कर जमीन की मापी कराने, अबुआ आवास स्वीकृत करने, बाघमारा में पर्यटन स्थल विकसित करने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जन शिकायत कोषांग के नंदकिशोर कुशवाहा मौजूद थे।

### बंद घर में लाखों की चोरी, गहना समेत कपड़ा ले भागे

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** जिले आपराधिक घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। अपराधी खुलेआम पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। ताजा मामला धनबाद थाना क्षेत्र के नवाडीह का है, जहाँ एक बंद घर से बीते रात चोरों ने लाखों की संपत्ति चोरी कर ली। गृहस्वामी विक्रमादित्य ओझा ने बताया कि वे लखनऊ में थे और घर बंद था। किरायदार भी बाहर गया हुआ है। चोरी की जानकारी मिली। घर पहुंचने पर घर का सामान बिखरा मिला। घर में रखे कीमती गहने के अलावे कपड़ा, बैटरी इन्वर्टर तक चोरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि करीब पांच लाख की संपत्ति की चोरी हुई है। फिलहाल विक्रमादित्य ओझा ने थाने को चोरी की सुचना दी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। बता दें कि इनदिनों धनबाद जिले में आपराधिक घटनाएं बढ़ी हैं। चोरी, छिनतई की घटना लगातार हो रही है। चोरों के लिए बंद घर पहली पसंद होती है। बंद घर में किसी के नहीं होने का फायदा चोर उठा ले जाते हैं। विक्रमादित्य ओझा के बंद मकान में भी यही हुआ।

### बीएनएस डीएवी पब्लिक स्कूल में शिवरात्रि महोत्सव का आयोजन

गिरिडीह। बुलाकी रोड स्थित बी एन एस डी ए वी पब्लिक स्कूल (जूनियर विंग) में 25 फरवरी को महाशिवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने शिव-पार्वती की वेशभूषा में मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए और पारंपरिक परिधानों में रंगारंग कार्यक्रम पेश किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री राजेश सिंह की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय निदेशक डॉ पी हाजरा ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में रचनात्मकता, सांस्कृतिक जागरूकता और टीमवर्क की भावना को बढ़ावा देते हैं, जो उनके समग्र विकास में सहायक होता है।

## एक नजर में

### रिश्वतखोरी का आरोपी ड्रग इंसपेक्टर रिहा

**धनबाद।** रिश्वतखोरी के 23 वर्ष पुराने एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया धनबाद। एसीबी कोर्ट के विशेष न्यायाधीश नीरज कुमार विश्वकर्मा। की अदालत ने वरीय अधिवक्ता मनोज कुमार सिन्हा की दलील सुनने के बाद औषधि निरीक्षक कृष्ण कुमार शर्मा को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। इस बाबत जानकारी देते हुए अधिवक्ता मनोज सिन्हा ने बताया कि प्राथमिकी एसीबी द्वारा वर्ष 2002 में दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक दिसंबर 2001 में चास स्थित शिवम डिस्ट्रीब्यूटर के दुकान पर जांच के लिए ड्रग इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार सिन्हा गए थे और वहां से कुछ कागजात लेकर आए थे। आरोप था कि ड्रग लाइसेंस के नवीकरण व कागजात वापस करने के एवज में ड्रग इंस्पेक्टर ने दुकानदार राजू कुमार सिंह से 50 हजार रिश्वत की मांग की थी। आरोप था कि राजकुमार सिंह ने 10 हजार रुपया ड्रग इंस्पेक्टर को दिया था लेकिन ड्रग इंस्पेक्टर 40 हजार रुपया के लिए अड़े रहे, जिसकी शिकायत राजकुमार सिंह ने एसीबी से की थी। एसीबी की टीम ने जाल बिछा कर ड्रग इंस्पेक्टर। को 10 हजार रुपए रिश्वत लेते 22 जुलाई 22 को गिरफ्तार किया था। वही तलाशी के क्रम में ड्रग इंस्पेक्टर के घर से एसीबी ने नकद दो लाख 98 हजार रुपये तथा कई कागजात जब्त किए थे।

### नगर निगम क्षेत्र में 21 योजनाओं का शिलान्यास, गुणवत्तापूर्ण कार्य का निर्देश



**गिरिडीह।** नगर निगम क्षेत्र में कुल 21 योजनाओं के शिलान्यास के लिए मंगलवार को नगर निगम परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने नारियल फोड़कर सभी योजनाओं का शिलान्यास किया। इस मौके पर उप नगर आयुक्त प्रशांत कुमार लायक ने पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। शिलान्यास में पीसीसी सड़क निर्माण समेत 1 करोड़ 71 लाख की लागत से स्वीकृत योजनाएं शामिल हैं। इस दौरान संवेदकों को समय पर और गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। स्थानीय लोगों से भी सहयोग की अपील की गई, ताकि योजनाओं का लाभ लंबे समय तक मिल सके। कार्यक्रम में जेई मोहम्मद फिरोज, झामुमो नेता अजीत कुमार, पप्पू शाहनवाज अंसारी, वार्ड पार्षद, सांसद प्रतिनिधि गुड्डू यादव, अशोक राम, सैफ अली समेत कई निगम कर्मी उपस्थित रहे। बताया गया कि नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को इस कार्यक्रम में शामिल होना था, लेकिन सत्र चलने के कारण वे नहीं आ सके।

### माता-पिता, संत या गुरुजनों हो, सेवा ही समस्त धर्मों का मूल है : शास्त्री



**कुमारधुबी।** धर्म उत्थान समिति की ओर से जुनकुंदर ब्रह्मस्थान स्थित मंगल मूर्ति धाम में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के सातवें और अंतिम दिन पूज्य उत्तम कृष्ण शास्त्री (वृंदावन) ने हनुमंत अवतार की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु के मोहिनी रुप को देखकर उनका तेज प्राकाम्य हुआ। जिसे माता अंजना ने धारण किया। उसी से हनुमान जी का अवतार हुआ। भगवान शिव श्री राम की सेवा करना चाहते थे। अवतार के माध्यम से ही भगवान की सेवा की जा सकती है। चैत्र पूर्णिमा को हनुमान जी का जन्म हुआ। हनुमान जी का सारा जीवन सेवा भाव से जुड़ा है। सेवा धर्म सबसे कठोर धर्म माना जाता है। आज लोग सेवा से दूर हो रहे हैं। माता-पिता, संत या गुरुजनों की हो। सेवा ही समस्त धर्मों का मूल है। हनुमान जी की जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। राधा कृष्ण की झांकी और पुष्प होली आकर्षण का केंद्र रहा। कथा में अयोध्या से राघव प्रपन्ना महाराज, रासबिहारी, नरोत्तम शामिल हुए। मुख्य यजमान राजेश्वर साव, उनकी पत्नी रेणु देवी थीं। आचार्य मनीष शर्मा ने विधिवत पूजा अर्चना कराई। मौके पर आचार्य मधूसुदन तिवारी आदि थे।

### बोलेरो की टक्कर से बाईक सवार की मौत

**राजगंज।** मंगलवार सुबह तेतुलमारी-राजगंज सड़क मार्ग में तिलाटांड पहाड़ी के पास बोलेरो से बाईक टकरा गयी। बाईक पर सवार तीन लड़के (परीक्षार्थी) घायल हो गए। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए राजगंज स्थित निजी नर्सिंग होम ले गयी। जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उन्हे धनबाद अस्पताल भेज दिया गया। बताया जा रहा है की बाइक सवार तीन छात्र अजीत कर्मकार, विकास पांडेय, सखी राम महतो मैट्रिक का परीक्षार्थी थे। जिनका सेंटर राजगंज के इंटर कॉलेज में पड़ा है। उसी परीक्षा में शामिल होने के लिए राजगंज की ओर आ रहे थे। तभी विपरीत दिशा से प्रयागराज से लौट रहे बोलोरो गाड़ी से टक्कर हो गई। पुलिस ने दोनों गाड़ियों को जप्त कर थाने ले आई। इलाज के दौरान विकास की मौत होने की सूचना है। एक जख्मी को रांची भेजा गया।

### मिल्क वैन और बाइक में टक्कर, इलाज के दौरान बाइक सवार की मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह- टुंडी मुख्य मार्ग पर मिल्क वैन और बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सदर अस्पताल गिरिडीह भेजा, जहां से बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान धनबाद जिले के पांडरकनाली दक्षिण गभुर्डीह निवासी 40 वर्षीय समरेश महतो के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि मिल्क वैन धनबाद की ओर से आ रही थी, जबकि मृतक अपने घर लौट रहा था, तभी यह दुर्घटना हो गई। ताराटांड़ थाना प्रभारी सुशांत कुमार चिरंजीवी ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल से क्षतिग्रस्त बाइक और मिल्क वैन को जब्त कर लिया है, वहीं मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

# विधायक डॉ मंजू कुमारी ने झारखण्ड धाम व देवपहाडी मठ में खोला सहायता केंद्र, श्रद्धालुओं को मिलेगी मदद

## सहायता केंद्र श्रद्धालुओं को उनकी यात्रा को सुगम बनाने में मदद करेगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के जमुआ विधानसभा क्षेत्र के झारखण्ड धाम और देवपहाडी मठ में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जमुआ विधायक डॉ मंजू कुमारी ने महा शिवरात्रि को लेकर एक सहायता केंद्र खोला। यह सहायता केंद्र झारखण्ड धाम और देवपहाडी मठ में आने वाले श्रद्धालुओं को विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान करेगा। चिकित्सा सहायता, खोया-पाया डेस्क, सूचना केंद्र, पेयजल आदि सुविधा उपलब्ध रहेगी दूर-भाष पर जमुआ विधायक डॉ मंजू कुमारी ने कहा कि झारखण्ड धाम और देवपहाडी मठ एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है और यहाँ हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने कहा कि यह सहायता केंद्र श्रद्धालुओं को उनकी यात्रा को सुगम बनाने में मदद करेगा। सहायता केंद्र में निम्नलिखित सुविधाएँ उपलब्ध होंगी, चिकित्सा सहायता, खोया-पाया डेस्क,



सूचना केंद्र, पेयजल आदि सुविधा उपलब्ध रहेगी। स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने जमुआ विधायक के इस प्रयास की मुक्तकंठ से सराहना की जमुआ विधायक डॉ मंजू कुमारी ने कहा कि यह केंद्र 24 घंटे खुला रहेगा और श्रद्धालुओं की सेवा के लिए हमेशा तैयार रहेगा। इस अवसर पर स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने विधायक के इस प्रयास की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि यह केंद्र उनके लिए बहुत मददगार साबित होगा।

जमुआ विधायक झारखंडधाम मेले का उद्घाटन करेंगी, विधायक निधि से स्थापित हाई मास्ट लाइट का भी विधिवत उद्घाटन होगा

जमुआ विधायक डॉ मंजू कुमारी झारखंडधाम मेले का उद्घाटन करेंगी, साथ ही विधायक निधि से स्थापित हाई मास्ट लाइट का भी विधिवत उद्घाटन करेंगी। उन्होंने यह भी घोषणा की है कि शिवरात्रि पूजा के तुरंत बाद महिला चेंजिंग रूम का शिलान्यास किया जाएगा, ताकि भविष्य में महिला श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# डीसी ने मॉडर्न पेंटाथलॉन के विजेताओं को किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** उपायुक्त माधवी मिश्रा ने उत्तराखंड में आयोजित 38 वें राष्ट्रीय खेलों में धनबाद के होनहार खिलाड़ी अनु कुमार, तनु कुमारी और प्रेम कुमार महतो को मॉडर्न पेंटाथलॉन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाने के लिए सम्मानित किया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन खिलाड़ियों की सभी आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आवश्यक संसाधन और सुविधाएँ उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी श्री उमेश लोहरा, खिलाड़ियों के प्रशिक्षक जयराम भगत, तरुण मुखिया, शिवा कुमार महतो के साथ खिलाड़ियों के माता-पिता, डीएससी रिंकू गुप्ता और कोच नमिता टुडू भी उपस्थित थीं। इससे पहले जिला खेल पदाधिकारी ने अपने कार्यालय में खिलाड़ियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं एडीएम लॉ एंड ऑर्डर श्री पीयूष सिन्हा ने भी खिलाड़ियों से मुलाकात की। उनकी उपलब्धियों की सराहना की और आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# युवा ऊर्जा से राजनीति को बनायेंगे धारदार : सुयश पांडेय

## गढ़वा के सुयश पांडेय को जदयू प्रदेश सचिव की कमान

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** जनता दल यूनाइटेड ने झारखंड में फिर से अपनी खोए शाख को प्राप्त करने एवं अपने प्रभाव से एक बार फिर प्रदेश को आदर्श कार्यों से परिलक्षित करने का बड़ा कदम उठाया है। इसके लिए पार्टी नेतृत्व ने तेजतर्रार, समझदार एवं सक्रिय युवा नेताओं पर भरोसा किया है।

पार्टी युवा कंधों पर विश्वास कर झारखंड की राजनीति को स्वच्छ और पवित्र बनाने की पहल शुरू कर दी है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए पार्टी ने युवाओं को प्रदेश कमेटी में जगह दिया है। इसमें गढ़वा जिले से सुयश पांडेय को प्रदेश सचिव का बड़ा दायित्व मिला है। सुयश के अंदर राजनीतिक समझ और हुनर कूट कूट कर भरी पड़ी है।

सबसे पहले उन्होंने नई जिम्मेवारी के लिए जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो, जमशेदपुर पश्चिम से विधायक सरयू राय को धन्यवाद दिया है कि उन्होंने उन जैसे युवा पर इतना भरोसा दिखाया। तत्पश्चात उन्होंने अपने अभिभावक स्वरूप धर्मेंद्र तिवारी को भी धन्यवाद दिया। जिनका मार्गदर्शन उन्हें सदैव मिलता रहता है। सुयश ने अपने सभी दोस्तों एवं शुभ चितकों का भी तहेदिल से आभार व्यक्त किया जो उनके आत्मविश्वास के श्रोत हैं। सुयश ने प्रदेश सचिव बनाए जाने पर अपनी पहली प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जब पार्टी का शीर्ष नेतृत्व नए चेहरों को मौका देती है तो वह सिर्फ पार्टी को ही नहीं बल्कि देश की पूरी लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करता है। जदयू जैसी राष्ट्रीय पार्टी के झारखंड प्रदेश के संगठन में एक बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। उनके लिए यह एक बड़ा अवसर है। वह इसके जरिए युवाओं को सकारात्मक राजनीति से जोड़ने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि आज की राजनीति को लेकर युवाओं में निराशा का भाव देखा जा रहा है।

इस कारण युवाओं के मन-मस्तिष्क में राजनीति को लेकर गलत धारणा पनप रही है। जबकि युवा राजनीतिक परिवर्तन का सूत्रधार रहे हैं। वह राजनीति को लेकर युवाओं के भ्रम को खत्म करेंगे और युवा ऊर्जा के माध्यम से राजनीति को धारदार बनाने का सफल प्रयास करेंगे।

## स्पीड न्यूज

### सोशल वर्कर संस्था ने किया भंडारा का आयोजन



गढ़वा। सोशल वर्कर संस्था के तत्वावधान में शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप मंगलवार को भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में पूड़ी, सब्जी, रसगुल्ला का वितरण किया गया। इस दौरान राजेश गुप्ता ने परिवार संग अपनी माता स्व. इंदु देवी की दूसरी पुण्यतिथि पर साप्ताहिक भंडारा में सहयोग किया। मौके पर राजेश गुप्ता ने कहा कि सोशल वर्कर संस्था के द्वारा चलाया गया यह फूड फॉर हंगर सराहनीय पहल है। संस्था के संचालक आकाश केशरी ने कहा कि लोग फूड फॉर हंगर का प्रोजेक्ट को अनवरत जारी रखने में काफी सहयोग दे रहे हैं। मौके पर सदस्य शुभम केशरी, अनमोल कश्यप, यश गुप्ता, पीयूष गुप्ता, पारसनाथ गुप्ता, नीलम देवी, मालती देवी, रमेश गुप्ता, पल्लवी, संतोष गुप्ता, सौरभ, गौतम आदि उपस्थित थे।

### करंट लगने से मौत

रंका। थाना क्षेत्र के मानपुर गांव निवासी शिवचरण सिंह के 26 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार सिंह की मौत मछली मारने के दौरान करंट लगने से हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि राकेश पुरेगाडा गांव स्थित नदी में गांव के लड़कों के साथ मछली मार रहा था। वह करंट प्रभावित तार के सहारे मछली मार रहा था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को अपने कब्जे कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है।

### मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा शांतिपूर्ण जारी

रंका। झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित मैट्रिक एवं इंटर की परीक्षा रंका अनुमंडल में बने तीन परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण जारी है। राजकीय प्लस टू उवि के केन्द्राधीक्षक इन्द्र नारायण झा ने बताया कि प्रथम पाली में मैट्रिक की सामाजिक विज्ञान की परीक्षा में 1208 में 1198 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। वहीं परियोजना कन्या उच्च विद्यालय के केन्द्राधीक्षक सुधीर कुमार रजक ने बताया कि यहां 624 विद्यार्थी में 619 शामिल हुए, 5 विद्यार्थी अनुपस्थित पाए गए।

## सामूहिक विवाह के बाद संस्था ने की गृहस्थ सामग्री वितरण की अपील



खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह का सफल समापन हो गया। विवाह के बाद कुछ लाभार्थियों ने अब तक गृहस्थ सामग्री प्राप्त नहीं की है।

ऐसे लोग संस्था के कार्यालय या संस्था के सदस्यों से संपर्क कर अपना सामान ले सकते हैं। संस्था के सदस्यों ने बताया कि शादी संपन्न होने के बाद से लगातार लोग अपनी सामग्री ले जा रहे हैं, और जो लोग स्वयं नहीं आ पा रहे, उनकी सामग्री उनके घर तक पहुंचाई जा रही है। संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व संस्था को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने भ्रामक जानकारी फैलाने वालों से अपील की कि वे संस्था की छवि खराब न करें और संस्था द्वारा किए गए कार्यों पर भरोसा बनाए रखें।

साथ ही उन्होंने आम जनता से सतर्क रहने की अपील की है। यदि कोई व्यक्ति संस्था के नाम पर किसी भी चीज के बदले पैसे की मांग करता है या किसी प्रकार का प्रलोभन देकर वसूली करने का प्रयास करता है, तो तुरंत संस्था के सदस्यों या पदाधिकारियों से संपर्क कर इसकी जानकारी प्राप्त करें।

## स्टोन चिप्स लदा हाईवा जब्त

**रमना।** खनिज संपदा के अवैध खनन और परिवहन पर सख्ती बरतने के सरकार के आदेश के बावजूद एनएच 75 पर प्रतिदिन स्टोन चिप्स, बालू, मोरम सहित अन्य खनिज पदार्थों का परिवहन बेरोक टोक जारी है। हालांकि कभी कभार संबंधित विभाग की कार्रवाई से कुछ समय तक हलचल बनी रहती है। चर्चा है कि सोमवार की देर शाम गढ़वा-श्री बंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर रमना ब्लॉक मोड़ पर ओवरलोड स्टोन चिप्स परिवहन कर रहे एक हाईवा को जिला खनन पदाधिकारी राजेंद्र उरांव ने संदेह के आधार पर पकड़ कर रमना थाना भेज रहे थे, लेकिन इसी बीच हाईवा चालक रास्ते में स्टोन चिप्स को अनलोड करने लगा। परंतु रमना थाना पुलिस की सख्ती के देखते ही चालक गाड़ी छोड़ कर भागने में सफल रहा। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि जिला खनन पदाधिकारी के द्वारा वाहन पकड कर जिम्मानामा मुझे दिया गया है।

## 151 कलश के साथ निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 4 ग्राम गाहिडी में नवनिर्मित शिव मंदिर में 26 फरवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा व रुद्राभिषेक को लेकर 151 कलश के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का नेतृत्व लक्ष्मी नारायण मंदिर के महंत श्रीश्री 1008 श्री भास्कर दास उर्फ भरत कुशवाहा, राधा कृष्ण मंदिर के महंत बाबा केशव नारायण दास ने किया। शोभायात्रा 151 कलश के साथ गहीडी शिव मंदिर परिसर से सैकड़ो श्रद्धालुओं निकालकर बैंड बाजे गाजे के साथ गढ़होटा, बूढ़ीखांड होते हुए हनुमान मंदिर के समीप कोयल नदी संगम घाट पर पहुंचे। जहां पर विद्वान पंडित दामोदर पाठक के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण किया। तत्पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने अपने-अपने पवित्र कलश में जल भरा। इसके उपरांत सभी श्रद्धालुओं ने भोले बाबा की जय, हर हर महादेव, जय श्री राम, जैसे अनेक नारो से जयघोष करते हुए शिव मंदिर परिसर पहुंचे। जहां पर विद्वान पंडितों के द्वारा सभ्यता संस्कृति और शास्त्र के अनुसार वैदिक मंत्र उच्चारण करते हुए कलश स्थापना कराया गया। कमेटी के द्वारा बताया गया कि 26 फरवरी को नवनिर्मित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान शिव का प्राण प्रतिष्ठा एवं रुद्राभिषेक किया जाएगा। भव्य कलश यात्रा में सेवानिवृत शिक्षिका सह नप अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी सत्या दुबे, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा देवी, युवा समाजसेवी सह नप अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी मारुत नंदन सोनी, पूर्व वार्ड पार्षद बीना देवी, राम प्रकाश शाह, लक्ष्मी मेहता, सच्चिदानंद मेहता, हरिराम मेहता, वार्ड पार्षद पति दुर्गेश मेहता, राजाराम मेहता, मुरली मेहता, कलिंदा देवी, मुनि देवी, छोटन मेहता, गौतम मेहता, सुमंत मेहता सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

## सांसद मनीष जायसवाल 27 से अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगे

खबर मन्त्र संवाददाता



**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने गोला प्रखंड के सोसो कलां गांव में, बीते सरस्वती पूजा के विसर्जन जुलूस में समुदाय विशेष के लोगों द्वारा जुलूस में किए गए पत्थरबाजी को लेकर पुलिस प्रशासन को पंद्रह दिनों का समय दिया था कि इस घटना में संलिप्त आरोपीयों जल्द से जल्द गिरफ्तार करे। किंतु पुलिस प्रशासन के द्वारा अबतक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। सभी आरोपी निर्भीक होकर घूम रहे हैं। मंगलवार को भाजपा रामगढ़ जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल के नेतृव में भारी संख्या में भाजपा नेताओं की टीम गोला डाक बंगला जहां धरना दिया जाएगा, आंदोलन स्थल का निरीक्षण किया। जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि 27 फरवरी को सांसद मनीष जायसवाल के नेतृत्व में स्थानीय लोग और भाजपा कार्यकर्ता सैकड़ो की संख्या में अनिश्चित कालीन धरना में बैठेंगे। सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने कहा कि सोसो कला की घटना में आरोपियों के ऊपर कोई भी कारवाई नही होना प्रशासन की विफलता है, जिससे जनता में भारी आक्रोश है। प्रशासन ने कोई करवाई नही करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

**सांसद ने प्रशासन को लगाई फटकार :** सांसद ने राज्य सरकार के तुष्टिकरण की राजनीति पर सवाल करते हुए और पुलिस प्रशासन की इस घटना में कार्यशैली को देखते हुए उन्हें इस घटना में संलिप्त आरोपीयों को पंद्रह दिनों के भीतर गिरफ्तार करने का निर्देश दिया था। इस घटना को लेकर सांसद लगातार स्थानीय ग्रामीणों के संपर्क में रहे और रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल के माध्यम से वहां की वस्तु स्थिति, पुलिसिया कारवाई से अगवत होते रहे हैं। राजीव जायसवाल सोसो कलां गांव पहुंचकर वहां के लोगों से बैठक कर, करवाई नहीं होने पर 27 फरवरी से चरणबद्ध आंदोलन की रणनीति भी बना चुके हैं। इस संबंध में मंगलवार को रामगढ़ जिला सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने पत्र प्रेषित कर उपायुक्त रामगढ़, अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ और वरीय अधिकारियों को सांसद महोदय के स्वयं धरने पर बैठने की जानकारी दी है। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री राजू चतुवेर्दी, विजय जायसवाल, रंजीत पांडेय, पुरुषोत्तम पांडे, दिनेश प्रसाद, खिरोधर साहू, अनमोल सिंह, गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव, सूरज वर्मा, प्रीतम झा, शीतल सिंह, मिथलेश मंडल, बरलंगा मंडल संयोजक महेंद्र प्रसाद, सत्यजित सिंह, संतोष शर्मा कुणाल दास, ललन कुशवाहा, बजरंग कुमार, बिक्की महतो सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### क्या है मामला

गोला प्रखंड के सोसो कलां गांव में बीते दिनों सरस्वती पूजा के विसर्जन जुलूस के दौरान दो समुदाय के बीच जुलूस को लेकर विवाद हो गया था। स्थानीय ग्रामीण मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन जुलूस लेकर निकले हुए थे जिसमें ज्यादातर संख्या में महिलाएं एवं छोटी बच्चियां उपस्थित थी, जुलूस मां सरस्वती की प्रतिमा को रिक्शे पर लेकर शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ रही थी कि अचानक एक विशेष समुदाय के लोगों द्वारा विरोध जताते हुए कि जुलूस इस रास्ते से नहीं जाएगा कहकर विसर्जन जुलूस को रोकने का प्रयास किया जाने लगा, जिसके बाद विवाद बढ़ा और समुदाय विशेष के लोगों द्वारा जुलूस में शामिल महिलाओं और लड़कियों पर हिंसक हमला कर दिया गया और जुलूस में लोगों पर पत्थर भी फेंके गए। इस हमले में कई श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

### लोकसभा में भी उठ चुका है ये मामला

मामले की गंभीरता को और एक समुदाय विशेष के लोगों द्वारा लगातार क्षेत्र घट रही घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने हिंदुओं के साथ को रहे अन्याय के खिलाफ प्रमुखता से अपनी बातों को सदन में रखा था और घटित सभी मामलों में ठोस कानूनी कारवाई की मांग की थी। इस घटना को लेकर सांसद स्वयं सोसो कलां गांव आ चुके हैं और पीड़ितों और स्थानीय ग्रामीणों से मिलकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी भी ले चुके हैं।


# पलाश (झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी)
## जिला मिशन प्रबंधन इकाई, कोडरमा
## रोजगार सृजन मेला 2025

कोडरमा जिले के बेरोजगार युवक और युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित करने के उद्देश्य से पलाश (JSLPS) जिला मिशन प्रबंधन इकाई, कोडरमा के द्वारा दिनांक 28 फरवरी 2025 दिन शुक्रवार को पूर्वाहन 10.00 बजे से 4.00 बजे अपराह्न समाहरणालय परिसर, कोडरमा में रोजगार सृजन मेला 2025 आयोजित किया जा रहा है। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार निम्नलिखित दस्तावेजो के साथ उपस्थित होकर रोजगार मेला का लाभ उठाये :-

1. आधार कार्ड। 2. उच्चतम शैक्षिणिक प्रमाण पत्र। 3. आयु प्रमाण पत्र।

इस रोजगार सृजन मेला में संगठित क्षेत्र के निम्नलिखित नियोजकों के द्वारा उपस्थित रहने की सहमती प्रदान किया गया है।

| क्र. सं. | भर्तीकर्ता का नाम | नियुक्ति के लिए (मूल नियोक्ता का नाम) | पात्रता | लिंग | वेतन | नौकरी का स्थान | पद हेतु नियुक्ति | अन्य सुविधाएँ | रिक्तियों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SkillzDesk Pvt Ltd | Haier Appliances | ITI, Graduate, Polytechnic | Male & Female | 16621-20225 | PUNE | Assembly Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 200 |
| 2 | | Tata electric Mobility Ltd | 12th Pass Or ITI(2 years) | Male & Female | 14520/- | Ahmedabad | Manufacturing Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 300 |
| 3 | | Jaya Hind Industries(Force Motors) | Polytechnic pass | Male | 22000/- | PUNE | Diploma engineer Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 50 |
| 4 | | Rucha Engineering | 10th,12th,ITI | Male | 14000-16000/- | Mysore | Production Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 100 |
| 5 | | Vikas Group | 12th, ITI, Polytechnic | Male & Female | 13000-18000/- | Faridabad(Delhi /NCR) | Production Trainee | Canteen, BUS, Insurance, Uniform, Shoes | 100 |
| 6 | 2 coms | Apollo Tyres | ITI/DIPLOMA/ GRADUATE | Male | 16000 (ITI), 17000 (Diploma/ Graduate) | Chennai | Trainee | Canteen + Hostel+Bonus | 100 |
| 7 | | Electrosteel Castings Limited | 100/Fitter, Welder, Turner, Electrician, Machinist, Mill Wright Fitter: Fitter 30 | Male | 16000 Stipend | SriKalahasti(Tirupati) | Apprentice Trainee | Subsidized Lunch/Dinner at Rs. 7,Subsidized Breakfast at Rs. 8+OT | 130 |
| 8 | | Exide Battery | 8th/10th/12th/ITI (8th pass for Tiruvottiyur only) | Male | 14650 Stipend | Chennai | Apprentice Trainee | Food+Accomodation Free | 50 |
| 9 | Atlas Export Enterprises | Atlas Export Enterprises | 10th Above | Female | 10000 | Karur- Tamil Nadu | Special Machine Operator | | 75 |
| 10 | | Atlas Export Enterprises | 8th Above | Female / Male | 10000 TO 12000 | Karur- Tamil Nadu | Sewing Machine Operator - Tailor | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 200 |
| 11 | | Atlas Export Enterprises | 10th Above | Female/ Male | 10000 | Karur- Tamil Nadu | Packer | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 200 |
| 12 | | Atlas Export Enterprises | Bsc - Nursing | Female | 10000 & Above | Karur- Tamil Nadu | Nurse | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 5 |
| 13 | | Atlas Export Enterprises | Graduate | Male | 10000 & Above | Karur- Tamil Nadu | Security Guard | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 20 |
| 14 | NTTF | Schneider Electric & INDO MIM (Bangalore) | 10th 12th & ITI Pass out | Male & Female | Rs.14100 to Rs. 15600 | Bangalore | Trainee | Medicalim Insurance Uniform Shoes & Study Material | 250/250 |
| 15 | Auburn Design Pvt Ltd | Auburn Design Pvt Ltd | 18-24 Year old | Female | 16000 CTC | Pancha, Ranchi Tata Road | Flat Lock & Over Lock Operator | ESIC & EPF | 200 |
| 16 | Aquila Consultants | Apollo Tyres | ITI/Diploma/Graduate | Male | 16000(ITI) / 17000(Diploma) | Chennai | Apprenticeship Trainee | Food,Accomodation,Medical Insurance,Attendance Bonus | 300 |
| 17 | | Tata Motors Electric Passenger Vehicles | 12th/ITI/Diploma | Male/ Female | 14500 | Sanand(Gujrat) | Trainee | Food,Accomodation,Medical Insurance,Free diploma | 200 |
| 18 | | Electrosteel Castings Limited | 12th/ITI/Diploma | Male | 17000 | Tirupati | Apprenticeship Trainee | Subsidized Lunch/Dinner at Rs. 7 Subsidized Breakfast at Rs. 8 | 200 |
| 19 | CREATIVE ENGINEERS | HONDA | 10th,12th,ITI | MALE | GROSS-17400 / NET-15107/ATTENDANCE BONUS-1000/ NIGHT SHIFT ALLOWANCE- 1200/ OVERTIME-158/-(PER HOUR) | BANGALORE | PRODUCTION EXECUTIVE | PF & ESI /YEARLY BONUS - 12065/LEAVE WITH ENCASHMENT - 14615/VARIABLE PAY-5500/DIWALI BONUS- 2700/DUTY TIME FOOD/TRANSPORTATION/700000 MEDICAL INSURANCE COVERAGE | 5124 |
| 20 | | WISTRON | 10th,12th,ITI,DIPLOMA & GRADUATION | FEMALE | GROSS-18700 / NET- 15293/ OVERTIME-139/-(PER HOUR) | BANGALORE | PRODUCTION EXECUTIVE | PF & ESI / QTY LEAVE WITH ENCASHMENT - 2193/ FREE TRANSPORTATION/DUTY TIME FOOD/500000 MEDICAL INSURANCE COVERAGE | 3363 |
| 21 | | FOXCONN | 10th,12th,ITI,DIPLOMA & GRADUATION | FEMALE | CTC- 17750/ GROSS-15089 / NET- 13173 | BANGALORE | PRODUCTION EXECUTIVE | PF & ESI / A SHIFT ALLOWANCE- 50/B SHIFT ALLOWANCE- 25/C SHIFT -50/ FREE ACCOMODATION/ FREE TRANSPORTATION/400000 MEDICAL INSURANCE COVERAGE | 3056 |
| 22 | TALENT CONNECT SERVICE | MATE Motherson Group Of Companies | 10th / 12th / ITI | Male/Female | 10th / 12th - Rs. 11002/-For 8 Hours ITI - Rs. 11552/- For 8 Hours Skilled /Experienced - Rs. 13373/- For 8 Hours | Manesar, Haryana | Appearentice Trainee | Over Time (As per company norms) Canteen (Optional) - Subsidized Other allowences - As per Company Rules Medical Insurance - As per company norms. | 100 |
| 23 | | Marelli Motherson Automotive Lighting India Pvt. Ltd. | 10th / 12th / ITI/Diploma | Male/ Female | 10th, 12th - 11000 ITI - 11500 Diploma -13000 OT-Per hrs 110 Diploma OT - 125/ Hour | Bawal, Haryana | Appearentice Trainee | • Attendance Award Rs 750/Month for 26 days working • Canteen Available - Rs. 500 (1 Time Meal & 2 times and snacks) | 100 |
| 24 | | Elcon Banshu Wiring System | 10th / 12th / ITI/Diploma | Male/ Female | 10th, 12th passed -11056/ ITI -12526/- Diploma -15001/- | A-47 (A) Industrial area Khushkhera, Bhiwadi, Alwar Rajasthan-301017 | Appearentice Trainee | Attendance Award - 800 for 26 Days Canteen Yes-10 Rs Subsidized Transportation- Free | 200 |
| 25 | | UNO MINDA GROUP | 10th, 12th or ITI PASS | MALE/ Female | 10th / 12th - Rs. 14500/-For 8 Hours ITI - Rs. 16500/-For 8 Hours Skilled /Experienced - Rs. 17100/-- For 8 Hours | DEKAVADA, GUJRAT | CNC MACHINE OPERATOR, JOB | Over Time (As per company norms) Canteen (Optional) - Subsidized Other allowences - As per Company Rules Medical Insurance - As per company norms. | 250 |
| 26 | | FIEM INDUSTRIES | GRADUATION,ITI, DIPLOMA | Male/ Female | Graduation -18000/- ITI - 18500/- Diploma -20000/- | KARSANPURA , GUJARAT | Appearentice Trainee | Subsidized Food + Tea With Snacks DUTY HOURS:- 12. DAYS :- 26 | 200 |
| 27 | | VEE GEE PVT LTD | GRADUATION ,ITI, DIPLOMA | Male | Graduation -19500 ITI - 21000/- Diploma -24000/- | VITHLAPUR, GUJARAT | Appearentice Trainee | Over Time (As per company norms) Canteen (Optional) - Subsidized Other allowences - As per Company Rules Medical Insurance - As per company norms. | 150 |
| 28 | Sun Vaccume former india ltd | Sun Vaccume former india ltd | Diploma ( Mechanical,Electrical) | Male | 16500 | Kadi,Mehsana ,Gujarat | Machine Operator | Canteen , Safety shoes,uniform | 50 |
| 29 | ARYAN ALLIANCE PVT LTD | JBM PVT LTD | 10th / 12th / ITI | Male/ Female | 10th / 12th - Rs. 18400/--For 12 Hours ITI - Rs. 19900/-For 12 Hours Skilled /Experienced - Rs. 22000/-- For 12 Hours , Welder- 23000/- For 12 Hours | VITHLAPUR, GUJARAT | MACHINE OPERATOR | Over Time (As per company norms) Canteen (Optional) - Subsidized Other allowences - PF &ESI Medical Insurance - As per company norms. | 200 |
| 30 | | MUNJAL PVT LTD | ITI OR DIPLOMA PASS | MALE/ FEMALE | ITI PASS 16500/- and DIPLOMA PASS 18500/- | VITHLAPUR, GUJARAT | MACHINE OPERATOR | Over Time (As per company norms) Canteen (Optional) - Subsidized Other allowences - As per Company Rules Medical Insurance - As per company norms. | 250 |
| 31 | Utkarsh Small Finance Bank | Utkarsh Small Finance Bank | Inter/Graduate | Male | | Pan Jharkhand | Trainee Credit Officer | PF & ESI /MONTHLY INCENTIVE - UPTO Rs 25000/ACCOMODATION FACILITY/ MEDICAL INSURANCE COVERAGE-Rs 200000 per year /- TERM INSURANCE - Rs 1000000. | 200 |
| 32 | Empolyability bridge | Anand Group | Diploma Fresher Age Up to 22 yr | M/F | 18600/- | Pan India | OET | Permanent Job with Hostel,Food,Transport,ESI. Best carrier growth | 100 |
| 33 | | MRF | Diploma/Btech/Graduate Age Up to 25yr | M | 19400 to 20500 | Gujarat | Machine Opetaror(LEAD) | Hostel,Food,Transport | 100 |
| 34 | | Jaya Hind | Diploma/Btech | M | 22,000/- CTC | Pune | DAT/DET/GET | ESI,PF,Transport,Canteen,No Hostel | 100 |
| 35 | | Diken Airconditining | Diploma with backlog & Experiance/BSC-Chemistry,Physics ,Mathematics | M | 222000/- CTC(12500/- in hand + 2530 PF + 5000 veriable pay every 3 month+ ESI+Gratuty+Term Plan) | Sricity Tada Andhra Pradesh | DET/SGT | Parmanent Job,Second year DET,3rd year Jr Engineer, second year CTC- 2,67,000/-,3rd year CTC- 3,26,000/-, Very pleasant working environment, two department- Production & Quality, Free Transortaion up to 30km,sunbsidized meal,Free Uniform & Shoes | 100 |
| 36 | | Imperial Auto | ITI- Mechanical,Electrical,Fitter ETC | M | 16500/-in hand (12500 basic+ DBT+Attendence Bonus) | Faridabad Near NCR | Trainee | Hostel( Self Pay), Food& Transport on subsdized, Permanent Job | 100 |
| 37 | GSA Foundation | Silver consumer pvt ltd | 10th,12th, ITI,diploma,Graduate | male and female both | ITI,10th ,12th- 14000 stipend, diploma+graduate-17000 stipend | RAJKOT GUJRAT | QC,ASSEMBLY,MACHINE OPERATOR | Canteen+ OT 68rs per hour,Room provided by the company | 300 |
| 38 | Straggle Heath Care Trading Pvt.Ltd. | Manufacturing | 8th,10th,12th, Graduation, PG, iti, Diploma | Male, Female | 13500 - 22500 | Jharkhand, Bangal, Udisha Chattisgarh | | Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production | 180 |
| 39 | TEXTURE CLOTHING COMPANY | Garment Manufacturer and Exporter | 8 th , 10 th, 12th Any Graduation | Male & Female | 10500 to 18000 [ take home ] | Tirupur - Tamil Nadu | Sewing Machine operator, SMO / ST / SET / Packer ,Checker, Ironer , Fresher | Free Food & Accommodation, EPF, ESI, Bonus, Earn Leave Salary,Attendance Bonus, Production Incentives Etc., | 150 |
| 40 | Optival Health Solutions Pvt Ltd (MedPlus) | MedPlus | 10th, 12th, Graduation | Male, Female | Rs. 18,507 CTC | Banglore | CSA for Retail outlet | Room, Incentive, Retention bonus, Accidential insurance 5 Lacs, Support for higher education like BBA | 200 |
| 41 | | MedPlus | 10th Fail,10th, 12th, Graduation | Male, Female | Rs. 18,507 CTC | Banglore | Junior Assistant for Warehouse | Room, Night Allowance for Male, Accidential insurance 5 Lacs, Support for higher education like BBA, Food 2 times in a day. | 200 |
| 42 | VKS HR Services | TVS and Kiya | 10th, 12th, ITI diploma, Graduate | male and female both | 14800 ctc | Bangalore Andhra, Hosur | Warehouse , manufacturing picking packing | two time meals, transporttion for ladies | 200 |
| 43 | REEDS Society | Gokaldas Exports | 8th pass | Female | Rs 12,000 + of total 3600 | Bangalore | Sewing machine operator | Medical coverage of 1,50,000 | 600 |
| 44 | Integrated Personnel Services Limited | Integrated Personnel Services Limited | Diploma ( Mechanical,Electrical,Electronics) | Male | 18000/- | Mumbai_Khopoli | Production & Quality Mantanance | Normal Accommodation charges Weekly 1 Day off Annual Bonus Company Transport pick up and drop available | 100 |
| 45 | Shahi Exports | Shahi Exports | 8th pass | Female ,Male both | 12222/- | Bangalore | Sewing machine operator | | |
| 46 | Quess Corp Ltd | Quess Corp Ltd | 12th/Iti | Male/Female | 12012 Stipend+2500 Attendance Bonus | Sanand,Ahmedabad,Gujarat | Production Trainee | Subsidized Canteen And Transport | 1000 |
| 47 | | Quess Corp Ltd | 10,12, Iti (Female Only) & Diploma | Male/Female | RS. 18950 CTC | Kolar ,Bangalore | Operator | Canteen And Transport | 500 |
| 48 | | Quess Corp Ltd | ITI & 10th and Inter | Male/Female | Rs.16404 Ctc | Gagillpur,Hyderabad | Assembly Operator | Canteen And Transport | 100 |
| 49 | | Quess Corp Ltd | 10th,12th,Iti | Male | Rs. 17500 Nth | Chennai | Trainee | Accomodation And Canteen | 200 |

PR 347260 Koderma(24-25)D

जिला कार्यक्रम प्रबंधक,
पलाश (JSLPS), कोडरमा

# मानसिक विद्रूपता

सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने संबंधित कानूनों के अनुपालन की जरूरत महसूस करते हुए ओटीटी प्लेटफॉर्म्स के लिये एडवाइजरी जारी की है। निस्संदेह यह वक्त की जरूरत है। दरअसल, हाल ही में एक यूट्यूबर की अभद्र टिप्पणी से पैदा हुए विवाद पर देशव्यापी प्रतिक्रिया हुई थी। केंद्र सरकार की पहल को शीर्ष अदालत के सख्त रुख के आलोक में देखा जा रहा है। पारिवारिक मूल्यों वाले भारतीय समाज में अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग करते हुए अमर्यादित व संवेदनहीन टिप्पणी के मामले गाहे-बगाहे प्रकाश में आते रहते हैं। यही वजह है कि इलाहाबादिया प्रकरण में कई राज्यों में आपराधिक मामले दर्ज कर किए गए। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को गिरफ्तारी से राहत तो दी मगर सख्त टिप्पणी भी की थी कि वे दिमागी गंदगी को थोप रहे हैं, जिससे समाज शर्मसार हुआ है। लेकिन इस प्रकरण ने अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाओं के नियमन की बहस को नये सिरे से शुरू कर दिया। हालांकि, आपातकाल के सीमित कालखंड को छोड़ दें तो देश में हमेशा अभिव्यक्ति की आजादी का सम्मान किया गया है। सुप्रीम कोर्ट समेत कई उच्च न्यायालयों ने अभिव्यक्ति की आजादी को अक्षुण्ण बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। लेकिन आजादी के अतिक्रमण के बाद सूचना व प्रसारण मंत्रालय ने ओटीटी प्लेटफॉर्म हेतु एडवाइजरी जारी करते हुए संबंधित कानून के सभी प्रावधानों के अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा है। निस्संदेह, इंटरनेट और सोशल मीडिया के दौर में अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाओं के निर्धारण की आवश्यकता है। हाल के दिनों में डिजिटल मंचों पर अश्लीलता व हिंसक अभिव्यक्ति के चलते इनके नियमन की जरूरत महसूस की जा रही है। इस मानसिक विद्रूपता को समाज में स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पहुंचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9


**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6


# सनातन, आस्था व विकास को समर्पित योगी सरकार का बजट

**उत्तर** प्रदेश की योगी सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए सनातन को समर्पित करते हुए सामाजिक सरोकारों वाला व्यापक बजट प्रस्तुत किया है जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग तथा जीवन के हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है। सर्वसमावेशी होने के कारण छात्र, किसान, व्यापारी, महिलाएं, विषय विशेषज्ञ और उद्योगपति सभी इस बजट की सराहना कर रहे हैं। बजट में अयोध्या, मथुरा, नैमिषारण्य और चित्रकूट जैसे धार्मिक स्थलों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने बजट भाषण का प्रारम्भ महाकुंभ के आयोजन से किया और फिर धर्मस्थलों के विकास के लिए अपना खजाना खोल दिया। श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर व मां विन्ध्यवासिनी कॉरिडोर की स्थापना के बाद सरकार मथुरा में श्री बांकेबिहारी जी महाराज मंदिर, मथुरा-वृंदावन कॉरिडोर का निर्माण करायेगी। इसके लिए भूमि उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 100 करोड़ और निर्माण के लिए 50 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। नैमिषारण्य में वेद विज्ञान केंद्र की स्थपना के लिए 100 करोड़ रु. खर्च किये जायेंगे। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए पहले ही 25 करोड़ बजट के साथ पांच एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के केंद्र में वैदिक पर्यावरण, वैदिक गणित, वैदिक विधिशास्त्र, वैदिक योग विज्ञान, वैदिक वन औषधियां वनस्पति आदि पाठ्यक्रम होंगे। यहां पर बड़े वैदिक पुस्तकालय का भी निर्माण कराया जाएगा, साथ ही वेदशाला,वैदिक संग्रहालय, तारा मंडल, संगोष्ठी कक्ष बनाये जाएंगे। केंद्र में गुरुकुल व आधुनिक पद्धति के अंतर्गत कक्षाएं बनायी जायेंगी।

मुख्यमंत्री पर्यटन स्थल विकास योजना के तहत 400 करोड़ रु. खर्च किये जायेंगे। अयोध्या में पर्यटन अवस्थापना विकास के लिए 150 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। इसी तरह मथुरा में 125 करोड़ नैमिषारण्य मे 100 करोड़ चित्रकूट में 50 करोड़ खर्च करने का प्रावधान किया गया है। मिजार्पुर में मां विन्ध्यवासिनी मंदिर, मां अष्टभुजा मंदिर मां काली खोह मंदिर के परिक्रमा पथ व जनसुविधा स्थलों का विकास किया जायेगा। संरक्षित मंदिरो के जीर्णोद्वार के लिए 30 करोड़, महाभारत सर्किट के पर्यटन विकास के लिए 10 करोड़, जैन सर्किट के विकास के लिए भी धन उपलब्ध कराया गया है। विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी धन का प्रावधान किया गया है। गुरुस्वामी हरिदास की स्मृति में अंतरराष्ट्रीय संगीत समारोह के लिए एक करोड़ और अयोध्या में जिला स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय के लिए भी एक करोड़ की धनराशि रखी गई है। योगी सरकार ने वर्तमान बजट से धार्मिक पर्यटन के माध्यम से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की लौ प्रदीप्त की है।





- मृत्युंजय दीक्षित

> मुख्यमंत्री पर्यटन स्थल विकास योजना के तहत 400 करोड़ रु. खर्च किये जायेंगे। अयोध्या में पर्यटन अवस्थापना विकास के लिए 150 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। इसी तरह मथुरा में 125 करोड़ नैमिषारण्य मे 100 करोड़ चित्रकूट में 50 करोड़ खर्च करने का प्रावधान किया गया है। मिजार्पुर में मां विन्ध्यवासिनी मंदिर, मां अष्टभुजा मंदिर मां काली खोह मंदिर के परिक्रमा पथ व जनसुविधा स्थलों का विकास किया जायेगा। संरक्षित मंदिरो के जीर्णोद्वार के लिए 30 करोड़, महाभारत सर्किट के पर्यटन विकास के लिए 10 करोड़, जैन सर्किट के विकास के लिए भी धन उपलब्ध कराया गया है।

बजट में महापुरुषों पर भी ध्यान दिया गया है जिसके अंतर्गत बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के नाम पर लखनऊ में स्मारक और सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही हर जिले में 100 एकड़ में पीपीपी मॉडल पर सरदार पटेल जनपदीय आर्थिक क्षेत्र स्थापित किया जायेगा। संत कबीर के नाम पर 10 वस्त्रोद्योग पार्क तथा संत रविदास के नाम पर दो चर्मोद्योग स्थापित किये जाएंगे। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष में उनके सम्मान में नगरीय क्षेत्रों में पुस्तकालय की स्थापना की जाएगी। लखनऊ स्थित अटारी कृषि प्रक्षेत्र पर 251 करोड़ रु. की लागत से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चरण सिंह के नाम पर सीड पार्क की स्थापना होगी। प्रत्येक कृषि मंडी में माता शबरी के नाम पर कैंटीन और विश्रामालाय स्थापित किये जायेंगे।बजट में युवाओं और छात्राओं को आकर्षित करने के लिए भी प्रावधान किये गये हैं। अब प्रदेश की हर मेधावी छात्रा को स्कूटी दी जायेगी छात्राओं के लिए 400 करोड़ रु. रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना का ऐलान किया गया है। यही नही माता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर श्रमजीवी महिलाओं के लिए छात्रावास भी बनेंगे।

प्रदेश के बजट में युवा उद्यमी अभियान के लिए भी 1000 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। संपूर्ण उत्तर प्रदेश के व्यापक विकास का विस्तृत खाका बजट में रखा गया है। बजट के अनुसार अवध में केवल अयोध्या का ही विकास नहीं हो रहा अपितु अवध के हर जिले के विकास की अद्भुत पटकथा लिखी जायेगी। बजट के प्रावधान इस प्रकार से बनाये गये हैं कि एक प्रकार से यह आगामी 25 वर्षों के विकास का रोडमैप प्रस्तुत कर रहा है।

उत्तर प्रदेश में चार नए एक्सप्रेस वे के निर्माण से तीन तीर्थस्थलों काशी, प्रयागराज व हरिद्वार की यात्रा सरल हो जायेगी। चार नए एक्सप्रेस वे के लिए बजट में 1,050 करोड़ रु. की व्यवस्था कर दी गई है। गंगा एक्सप्रेस वे को प्रयागराज, मिजार्पुर, वाराणसी, चंदौली होते हुए सोनभद्र से जोड़ने के लिए विन्ध्य लिंक एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जायेगा। इससे इस क्षेत्र के विकास की गति दोगुनी हो जायेगी व धार्मिक पर्यटन और बढ़ेगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह युवाओं को रोजगार देने वाला बजट है। बजट में एमएसएमई, नई तकनीक, एआई व साइबर सुरक्षा का भी ध्यान रखा गया है। नए एक्सप्रेस- वे बनने से दूर की यात्रा आसान होगी। नए एक्सप्रेस वे बनने से व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। एआई सिटी बनाने की घोषणा से स्टार्टअप और आईटी उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। प्रदेश का बजट इंफ्रास्टक्चर को बढ़ावा देने के साथ बेरोजगारों को रोजगारपरक बनाने वाला बजट है। यह बजट राज्य की तकनीकी प्रगति औद्योगिक विकास और स्वास्थ्य अवसंरचना के लिए प्रतिबद्धता को दर्शा रहा है। प्रदेश के बजट में सड़क राजमार्ग के चौड़ीकरण पर भी पर्याप्त फोकस किया गया है। इसका सर्वाधिक लाभ राजधानी लखनऊ व उसके आसपास के जिलों व कस्बों आदि को मिलेगा। मोहनलालगंज -गोसाईगंज होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस- वे निकल रहा है इसका चौड़ीकरण किया जायेगा। इसी तरह बनी से ही एक रोड हरौनी होते हुए मोहन को निकली है इसे भी दो लेन का किया जायेगा।

यह बजट समग्र विकास वाला बजट है। इसमें किसानों, उद्यमियों, महिलाओं और युवाओं के लिए अनेक प्रावधान किये गये हैं। बजट में कोरोना काल में अनाथ 1430 बच्चों को आर्थिक सहायता प्रादन करने के लिए 250 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। बजट में सात सरोकारों पर्यावरण संरक्षण ,नारी सशक्तीकरण, जल सरंक्षण, सुशिक्षित समाज, जनसंख्या नियोजन, स्वस्थ समाज, गरीबी उन्मूलन पर भी ध्यान दिया गया है।

## लेटर टू एडिटर

### समाज की हालत

**विभिन्न** राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने के लिए लोकलुभावने वादे और मुफ्त की सुविधाएं बांट रहे हैं, जो वास्तविकता में भ्रष्टाचार का ही एक रूप है। उनका सुझाव है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियों को अयोग्य घोषित करना चाहिए, जो अपने घोषणा पत्र की बुनियादी बातें पूरी नहीं करतीं। मुफ्त सुविधाएं अंततः उनके ही टैक्स से आती हैं। अगर सरकार सही तरीके से शिक्षा, स्वास्थ्य, और कृषि की समस्याओं का समाधान तो समाज में वास्तविक सुधार संभव है।

**-बृजमोहन ओझा, रांची**

### अपराध की राह

**आजकल** बच्चे सोशल मीडिया के माध्यम से गन कल्चर से प्रभावित होकर नकली हथियारों का प्रदर्शन कर रहे हैं, हिंसा को बढ़ावा मिल रहा है। माता-पिता को अपने बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान देना चाहिए । अगर वे लापरवाह रहे तो भारत को अमेरिका बनते देर नहीं लगेगी। **- प्रकाश सिंह, रांची**

## ट्वीट

**आज** से झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो रहा है। मुझे विश्वास है झारखण्ड के विकास में यह सत्र अभूतपूर्व साबित होगा।

आशा है सत्र के दौरान सभी दलों का सक्रिय सहयोग और माननीय सदस्यों के सार्थक सहयोग से सदन सुचारू और व्यवस्थित रूप से चलेगा। माननीय सदस्य अनुशासन और शालीनता के साथ कार्यवाही में अपनी सहभागिता निभाएंगे।

**– रविन्द्रनाथ महतो, स्पीकर**

हम तो परंपरागत मुल्ला और मौलवी बनाने की बजाय बच्चों को वैज्ञानिक बनाना चाहते हैं...

कठमुल्लापन की संस्कृति नहीं चलेगी...

**– योगी आदित्यनाथ**

# देवाधिदेव शिव: राष्ट्रीय एकता और अखण्डता के प्रतीक

**- योगेश कुमार गोयल**

## धर्म

भगवान शिव के प्रति श्रद्धा और भक्ति व्यक्त करने का विशेष अवसर है महाशिवरात्रि, जो भगवान शिव और माता पार्वती के मिलन का दिन माना जाता है। भारत में धार्मिक मान्यता के अनुसार महाशिवरात्रि का बहुत महत्व है। यह आध्यात्मिक चरम पर पहुंचने का सुअवसर है। महाशिवरात्रि को शिव तत्व को आत्मसात करने, नकारात्मक ऊजाओं को समाप्त करने और आध्यात्मिक उत्थान प्राप्त करने का सबसे उत्तम अवसर माना जाता है।

महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव का जलाभिषेक करना बहुत पुण्यकारी माना जाता है। इस दिन शिवलिंग का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र, धतूरा, भांग एवं शहद अर्पित करने से विशेष फल प्राप्त होता है। मान्यता है कि इस दिन जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने और व्रत रखने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। इस रात्रि को जागरण करने वाले भक्तों को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। शिवपुराण के अनुसार, इस दिन विधिपूर्वक व्रत रखने और रात्रि जागरण करने से समस्त पापों का नाश होता है और भक्तों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। शास्त्रों में कहा गया है कि महाशिवरात्रि की रात्रि में चार प्रहर की पूजा का विशेष महत्व है, जिसमें हर प्रहर में शिवलिंग का अलग-अलग द्रव्यों से अभिषेक किया जाता है, पहले प्रहर में जल, दूसरे प्रहर में दही, तीसरे प्रहर में घी और चौथे प्रहर में शहद से अभिषेक करने का विधान है।

धर्मग्रंथों में भगवान शिव को ह्यकालों का कालह्ल और ह्यदेवों का देवह्ल अर्थात ह्यमहादेवह्ल कहा गया है। एक होते हुए भी शिव के नटराज, पशुपति, हरिहर, त्रिमूर्ति, मृत्युंजय, अर्द्धनारीश्वर, महाकाल, भोलेनाथ, विश्वनाथ, ओंकार, शिवलिंग, बटुक, क्षेत्रपाल, शरभ इत्यादि अनेक रूप हैं। देवाधिदेव भगवान शिव के समस्त भारत में जितने मंदिर अथवा तीर्थस्थान हैं, उतने अन्य किसी देवी-देवता के नहीं। आज भी समूचे देश में उनकी पूजा-उपासना व्यापक स्तर पर होती है। सर्वत्र पूजनीय शिव को समस्त देवों में अग्रणी और पूजनीय इसलिए भी माना गया है क्योंकि वे अपने भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं और दूध या जल की धारा, बेलपत्र व भांग की पत्तियों की भेंट से ही अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। वे भारत की भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता तथा अखण्डता के प्रतीक हैं। भारत में शायद ही ऐसा कोई गांव मिले, जहां भगवान शिव का कोई मंदिर अथवा शिवलिंग स्थापित न हो। यदि कहीं शिव मंदिर न भी हो तो वहां किसी वृक्ष के नीचे अथवा किसी चबूतरे पर शिवलिंग तो अवश्य स्थापित मिल जाएगा।

हालांकि बहुत से लोगों के मन में यह सवाल उठता है कि जिस प्रकार विभिन्न महापुरुषों के जन्मदिन को उनकी जयंती के रूप में मनाया जाता है, उसी प्रकार भगवान शिव के जन्मदिन को उनकी जयंती के बजाय रात्रि के रूप में क्यों मनाया जाता है? इस संबंध में मान्यता है कि रात्रि को पापाचार, अज्ञानता और तमोगुण का प्रतीक माना गया है और कालिमा रूपी इन बुराइयों का नाश करने के लिए हर माह चराचर जगत में एक दिव्य ज्योति का अवतरण होता है, यही रात्रि शिवरात्रि है। शिव और रात्रि का शाब्दिक अर्थ एक धार्मिक पुस्तक में स्पष्ट करते हुए कहा गया है, ह्यह्यजिसमें सारा जगत शयन करता है, जो विकार रहित है, वह शिव है अथवा जो अमंगल का ह्रास करते हैं, वे ही सुखमय, मंगलमय शिव हैं। जो सारे जगत को अपने अंदर लीन कर लेते हैं, वे ही करुणासागर भगवान शिव हैं। जो नित्य, सत्य, जगत आधार, विकार रहित, साक्षीस्वरूप हैं, वे ही शिव हैं। महासमुद्र रूपी शिव ही एक अखंड परम तत्व हैं, इन्हीं की अनेक विभूतियां अनेक नामों से पूजी जाती हैं, यही सर्वव्यापक और सर्वशक्तिमान हैं, यही व्यक्त-अव्यक्त रूप से ह्यसगुण ईश्वर और निर्गुण ब्रह्म कहे जाते हैं तथा यही परमात्मा, जगत आत्मा, शम्भव, मयोभव, शंकर, मयस्कर, शिव, रूद्र आदि कई नामों से संबोधित किए जाते हैं। शिव के मस्तक पर अर्द्धचंद्र शोभायमान है, जिसके संबंध में कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय समुद्र से विष और अमृत के कलश उत्पन्न हुए थे। इस विष का प्रभाव इतना तीव्र था कि इससे समस्त सृष्टि का विनाश हो सकता था, ऐसे में भगवान शिव ने इस विष का पान कर सृष्टि को नया जीवनदान दिया जबकि अमृत का पान चन्द्रमा ने कर लिया। विषपान करने के कारण भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया, जिससे वे नीलकंठ के नाम से जाने गए। विष के भीषण ताप के निवारण के लिए भगवान शिव ने चन्द्रमा की एक कला को अपने मस्तक पर धारण कर लिया। यही भगवान शिव का तीसरा नेत्र है और इसी कारण भगवान शिव चन्द्रशेखर भी कहलाए। तीनों लोकों की अपार सुन्दरी और शीलवती गौरी को अर्धांगिनी बनाने वाले शिव प्रेतों और भूत-पिशाचों से घिरे रहते हैं। उनका शरीर भस्म से लिपटा रहता है।

# चेतना को बढ़ाने का पर्व है महाशिवरात्रि

## शिवरात्रि

**अमावस्या से पूर्व कादिन शिवरात्रि कहा जाता**

हर चंद्र मास का चौदहवां दिन अथवा अमावस्या से पूर्व का एक दिन शिवरात्रि के नाम से जाना जाता है। एक कैलेंडर वर्ष में आने वाली सभी शिवरात्रियों में से, महाशिवरात्रि, को सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाता है, जो फरवरी-मार्च माह में आती है। इस रात, ग्रह का उत्तरी गोलार्द्ध इस प्रकार अवस्थित होता है कि मनुष्य भीतर ऊर्जा का प्राकृतिक रूप से ऊपर की ओर जाती है।

**एक उत्सव मनाते हैं, जो पूरी रात चलता**

यह एक ऐसा दिन है, जब प्रकृति मनुष्य को उसके आध्यात्मिक शिखर तक जाने में मदद करती है। इस समय का उपयोग करने के लिए, इस परंपरा में, हम एक उत्सव मनाते हैं, जो पूरी रात चलता है। पूरी रात मनाए जाने वाले इस उत्सव में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि ऊजाओं के प्राकृतिक प्रवाह को उमड? का पूरा अवसर मिले- आप अपनी रीढ़ की हड्डी को सीधा रखते हुए- निरंतर जागते रहते हैं।

**शिव के विवाह के उत्सव की तरह मनाते**

महाशिवरात्रि आध्यात्मिक पथ पर चलने वाले साधकों के लिए बहुत महत्व रखती है। यह उनके लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है जो पारिवारिक परिस्थितियों में हैं और संसार की महत्वाकांक्षाओं में मग्न हैं। पारिवारिक परिस्थितियों में मग्न लोग शिवरात्रि को शिव के विवाह के उत्सव की तरह मनाते हैं। सांसारिक महत्वाकांक्षाओं में मग्न लोग महाशिवरात्रि को, शिव के द्वारा अपने शत्रुओं पर विजय पाने के दिवस के रूप में मनाते हैं परंतु, साधकों के लिए, यह वह दिन है, जिस दिन वे कैलाश पर्वत के साथ एकात्म हो गए थे। वे एक पर्वत की भांति स्थिर व निश्चल हो गए थे।

**आध्यात्मिक साधक के लिए बहुत सी संभावनाएं**

यौगिक परंपरा में, शिव को किसी देवता की तरह नहीं पूजा जाता। उन्हें आदि गुरु माना जाता है, पहले गुरु, जिनसे ज्ञान उपजा। ध्यान की अनेक सहस्राब्दियों के पश्चात, एक दिन वे पूर्ण रूप से स्थिर हो गए। वही दिन महाशिवरात्रि का था। उनके भीतर की सारी गतिविधियां शांत हुईं और वे पूरी तरह से स्थिर हुए, इसलिए साधक महाशिवरात्रि को स्थिरता की रात्रि के रूप में मनाते हैं। इसके पीछे की कथाओं को छोड़ दें, तो यौगिक परंपराओं में इस दिन का विशेष महत्व इसलिए भी है क्योंकि इसमें आध्यात्मिक साधक के लिए बहुत सी संभावनाएं मौजूद होती हैं।

**अस्तित्व की एकात्मकता को जान लिया**

आधुनिक विज्ञान अनेक चरणों से होते हुए, आज उस बिंदु पर आ गया है, जहां उन्होंने आपको प्रमाण दे दिया है कि आप जिसे भी जीवन के रूप में जानते हैं, पदार्थ और अस्तित्व के रूप में जानते हैं, जिसे आप ब्रह्मांड और तारामंडल के रूप में जानते हैं; वह सब केवल एक ऊर्जा है, जो स्वयं को लाखों-करोड़ों रूपों में प्रकट करती है। यह वैज्ञानिक तथ्य प्रत्येक योगी के लिए एक अनुभव से उपजा सत्य है। 'योगी' शब्द से तात्पर्य उस व्यक्ति से है, जिसने अस्तित्व की एकात्मकता को जान लिया है। जब मैं कहता हूं, 'योग', तो मैं किसी विशेष अयास या तंत्र की बात नहीं कर रहा। इस असीम विस्तार को तथा अस्तित्व में एकात्म भाव को जानने की सारी चाह, योग है। महाशिवारात्रि की रात, व्यक्ति को इसी का अनुभव पाने का अवसर देती है।

**शिवरात्रि माह का सबसे अंधकारपूर्ण दिवस**

शिवरात्रि माह का सबसे अंधकारपूर्ण दिवस होता है। प्रत्येक माह शिवरात्रि का उत्सव तथा महाशिवरात्रि का उत्सव मनाना ऐसा लगता है मानो हम अंधकार का उत्सव मना रहे हों। कोई तर्कशील मन अंधकार को नकारते हुए, प्रकाश को सहज भाव से चुनना चाहेगा परंतु शिव का शाब्दिक अर्थ ही यही है, 'जो नहीं है'। 'जो है', वह अस्तित्व और सृजन है। 'जो नहीं है', वह शिव है। 'जो नहीं है', उसका अर्थ है, अगर आप अपनी आंखें खोलकर आसपास देखें और आपके पास सूक्ष्म दृष्टि है तो आप बहुत सारी रचना देख सकेंगे।

**सब कुछ शून्य से ही उपजा है और शून्य में ही विलीन**

अगर आपकी दृष्टि केवल विशाल वस्तुओं पर जाती है, तो आप देखेंगे कि विशालतम शून्य ही, अस्तित्व की सबसे बड़ी उपस्थिति है। कुछ ऐसे बिंदु, जिन्हें हम आकाशगंगा कहते हैं, वे तो दिखाई देते हैं, परंतु उन्हें थामे रहने वाली विशाल शून्यता सभी लोगों को दिखाई नहीं देती। इस विस्तार, इस असीम रिक्तता को ही शिव कहा जाता है। वर्तमान में, आधुनिक विज्ञान ने भी साबित कर दिया है कि सब कुछ शून्य से ही उपजा है और शून्य में ही विलीन हो जाता है।

**एकमात्र चीज जो सही मायनों में सर्वव्यापी हो सकती**

इसी संदर्भ में शिव यानी विशाल रिक्तता या शून्यता को ही महादेव के रूप में जाना जाता है। इस ग्रह के प्रत्येक धर्म व संस्कृति में, सदा दिव्यता की सर्वव्यापी प्रकृति की बात की जाती रही है। यदि हम इसे देखें, तो ऐसी एकमात्र चीज जो सही मायनों में सर्वव्यापी हो सकती है, ऐसी वस्तु जो हर स्थान पर उपस्थित हो सकती है, वह केवल अंधकार, शून्यता या रिक्तता ही है।

**प्रकाश आपके मन की एक छोटी सी घटना**

सामान्यतः, जब लोग अपना कल्याण चाहते हैं, तो हम उस दिव्य को प्रकाश के रूप में दशार्ते हैं। जब लोग अपने कल्याण से ऊपर उठकर, अपने जीवन से परे जाने पर, विलीन होने पर ध्यान देते हैं और उनकी उपासना और साधना का उद्देश्य विलयन ही हो, तो हम सदा उनके लिए दिव्यता को अंधकार के रूप में परिभाषित करते हैं। प्रकाश आपके मन की एक छोटी सी घटना है। प्रकाश शाश्वत नहीं है, यह सीमित संभावना है क्योंकि यह घटकर समाप्त हो जाती है।

## स्पीड न्यूज

### विकास तिवारी से एसपी ने की पूछताछ



भुरकुंडा (रामगढ़)। जिला में रंगदारी मांगने के बढ़ते मामले को लेकर रामगढ़ पुलिस ने सोमवार को हजारीबाग जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे पांडेय गिरोह के सरगना विकास तिवारी को माननीय न्यायालय से रिमांड पर लेकर पुछताछ के लिये देर रात्रि भुरकुंडा थाना लाया था। मंगलवार को रामगढ एसपी अजय कुमार पांडेय गिरोह के सरगना विकास तिवारी से पुछताछ करने भुरकुंडा थाना पहुंचे। घंटो पुछताछ करने के बाद पत्रकारो से वार्ता करते हुए एसपी अजय कुमार ने कहा कि पांडेय गिरोह के सरगना विकास तिवारी से रामगढ़ सहित अन्य जिलों में रंगदारी मांगने सहित अन्य कई कांडों को लेकर हमारी टीम पुछताछ कर रही है। आगे जो भी होगा हमारी टीम उन मामलो में विधि सम्मत कारवाई करेगी। उन्होने कहा कि रामगढ़ जिला में जितने भी अपराधी गिरोह हैं उन पर नकेल कसने का काम किया जा रहा है। जिला में पांडेय गिरोह, श्रीवास्तव गिरोह, अमन साहु गिरोह पर नकेल कसने का काम किया गया है। इसके लिए पुलिस लगातार छापेमारी और गिरफ्तारी भी की है। कई अपराधी हथियारो के साथ पकडे.भी गये है। एसपी ने नौजवानों से अपील किया है कि पैसो की लालच में आकर इन गिरोहों के बहकावे में न आये। रामगढ़ जिला और झारखंड के नौजवान अपने भविष्य को खतरे में न डाले और किसी भी गिरोह के संपर्क में न आये। उनके लिए कोई भी ऐसा काम न करें जिससे उन्हें सलाखों के पीछे जाना पड़े। मौके पर पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार, डीएसपी चंदन कुमार वत्स, पतरातू इस्पेक्टर सत्येन्द्र कुमार सिंह, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल गुप्ता सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### उज्जवला फाउंडेशन की बैठक




कुजू। उज्जवला फाउंडेशन से जुड़े महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये जो वायदा किया था उसको पूरा करने की दिशा में सिलाई व कंप्यूटर प्रशिक्षण जल्द ही उनके बीच शुरू किया जायेगा। इसके लिए होली के बाद भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर उद्धघाटन भी किया जाएगा। उक्त बातें उज्जवला फाउंडेशन के अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति ने कही। श्री प्रजापति उज्वला फाउंडेशन द्वारा बोंगावार स्थित मोती राम कॉम्प्लेक्स में आयोजित मासिक बैठक में सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन में सिलाई मशीन व कंप्यूटर आ चुका है। वही उन्होंने फाउंडेशन से जुड़े सदस्यों को सिलाई व कंप्यूटर चलाने के लिए भी चिन्हित किया। इधर उन्होंने बताया कि सलाना जो राशि सदस्यों ने जमा किया था उस राशि को बढ़ाने के साथ सभी सदस्यों के बीच खाद्य सामग्री का भी वितरण किया जाएगा। वही उन्होंने सभी सदस्यों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं भी दिया। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन आशा कुमारी ने किया। मौके पर जनक प्रसाद, प्रकाश केशरी, मनसरी देवी, शांति देवी, फूलकुमारी देवी, रीना देवी, पूनम देवी, बसंती कुमारी, भवानी देवी, सुमित्रा देवी, गुड़िया देवी, सुनीता देवी, खुशबू देवी, आदि शामिल थे।

### जातीय रंग देना चाहते हैं चंद्रप्रकाशः शहजादा

रामगढ़। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शहजादा अनवर ने मंगलवार को कहा कि चितरपुर में एक मुस्लिम लड़के और एक हिन्दू लड़की के बीच प्रेस प्रसंग का मामला प्रकाश में आया है। उन्होंने कहा कि यदि मामले में युवक दोषी है तो पुलिस और प्रशासन उसे जेल भेजे और लड़की को उसके परिजनों का सौंप दे। कांग्रेस नेता ने कहा कि विधानसभा चुनाव में आजसू की पराजय की खीझ को दूर करने के लिए चौधरी मामले को जातीय रंग देने का प्रयास कर रहे हैं जो अनुचित है। अनवर ने कहा कि मामले को लेकर युवती द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो क्लीप पोस्ट किया गया है। लेकिन मैं फिर कहता हूं की यदि मामले में युवक दोषी है तो पुलिस और प्रशासन उसपर कार्रवाई करे और लड़की को उसके परिजनों को सौंप दे। प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, पूर्व प्रत्याशी बजंगर महतो, पंकज तिवारी, मुकेश यादव उपस्थित थे।

### पीवीयूएन ने एचएमभी का किया शुभारंभ



भुरकुंडा (रामगढ़)। बिरसा मुंडा भवन रशियन हॉस्टल में मंगलवार को पीवीयूएन लिमिटेड के सीईओ आरके सिंह द्वारा भारी मोटर वाहन (एचएमभी) ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कहा गया कि यह कार्यक्रम कंपनी की सामुदायिक विकास पहलों के अंतर्गत आयोजित किया गया है। जिसका उद्देश्य स्थानीय युवाओं की रोजगार क्षमता को बढ़ाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत चयनित प्रतिभागियों को एक व्यापक प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान किया जाएगा। इसमें सड़क सुरक्षा, वाहन यांत्रिकी और यातायात नियमों से संबंधित सैद्धांतिक कक्षाएं शामिल होगी। इसके तहत सिम्युलेटर प्रशिक्षण, जिससे वास्तविक ड्राइविंग परिदृश्यों की समझ विकसित हो सके। सड़क पर व्यावहारिक प्रशिक्षण, जिससे प्रतिभागियों को हाथों-हाथ अनुभव प्राप्त हो। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद प्रतिभागियों को (एचएमभी) ड्राइविंग लाइसेंस प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर सीईओ आरके सिंह ने कौशल विकास और स्थानीय युवाओं के रोजगार सृजन के प्रति पीवीयूएन लिमिटेड की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहल समुदायों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### पंचायत समिति सदस्यों की बैठक

भुरकुंडा (रामगढ़)। कुरसे पंचायत भवन में मंगलवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पतरातु प्रखंड उपप्रमुख बबीता पांडेय और संचालन प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा ने किया। बैठक में पतरातु प्रखंड कार्यालय में जन्म मृत्यु प्रमाण-पत्र जल्द निर्गत करने, डीएमएफटी मद में पंचायत समिति, प्रमुख, उप प्रमुख का भागीदार एवं शिलान्यास एवं शिलापट्ट में नाम अंकित करने, लाभुक समिति का खाता बैंक में जल्दी खोले जाने सहित पतरातु प्रखंड के ग्रामीणों का प्रखंड कार्यालय पतरातु से कार्य ससमय होने आदि मुद्दों पर चर्चा की गई।

# हजारीबाग में वकीलों ने किया कार्य बहिष्कार

## अधिवक्ता संशोधन अधिनियम के विरोध में किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 के विरोध में हजारीबाग के वकीलों ने मंगलवार को एक दिवसीय हड़ताल और धरना प्रदर्शन किया। सुबह 11 बजे बार संघ कार्यालय के सामने बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया और अधिनियम की प्रतियां जलाकर अपना आक्रोश प्रकट किया। बार संघ के महासचिव सुमन कुमार सिंह ने इसे काला कानून करार देते हुए कहा कि केंद्र सरकार इस अधिनियम के जरिए अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने का प्रयास कर रही है, जो पूरी तरह से अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि इस कानून के खिलाफ पूरे देश में अधिवक्ता विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और हजारीबाग के वकील भी उसी मुहिम का हिस्सा हैं।

संयुक्त सचिव सह मीडिया प्रभारी कुणाल कुमार ने बताया कि इस अधिनियम के तहत केंद्र सरकार को बार काउंसिल ऑफ इंडिया में तीन सदस्यों को नामित करने का अधिकार मिलेगा। इसके अलावा, केंद्र सरकार को इउक को निर्देश जारी करने और विदेशी विधि फर्मों एवं वकीलों के प्रवेश संबंधी नियम बनाने का अधिकार भी होगा। वकीलों का मानना है कि यह प्रावधान अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता और स्वायत्तता पर सीधा हमला है। प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने नारेबाजी की और सरकार के खिलाफ रोष प्रकट किया। पुतला दहन कर उन्होंने अपने असंतोष को जाहिर किया।

इस विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने भाग लिया, जिनमें उपायुक्त विजय कुमार सिंह, दीपक कुमार, भरत कुमार, सुमित कुमार सिन्हा, चंद्रिका प्रसाद, विभव कुमार, जवाहर प्रसाद, सतीश कुमार सिन्हा, रमेश सिंह, मिथिलेश कुमार मन्ने, कुमार गौरव, शंकर प्रसाद, ब्रजेश कुमार, अमर रंजन सहित अन्य प्रमुख अधिवक्ता शामिल रहे। वकीलों ने साफ कर दिया कि जब तक सरकार इस कानून को वापस नहीं लेती, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा।

# युवती की बरामदगी के लिए एनएच-23 जाम

▸▸ किसी को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं, पुलिस कर रही है कार्रवाईः चंदन सिन्हा

## डीसी और एसपी ने किया फ्लैग मार्च



खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। रजरप्पा थाना क्षेत्र से युवती के अपहरण को लेकर दो संप्रदायों का तनाव बढ़ता जा रहा है। अपहत युवती को केरल से वापस लाने के लिए सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने मंगलवार की सुबह 6 बजे रामगढ़ बोकारो राष्ट्रीय राजमार्ग 23 को चितरपुर प्रखंड में जाम कर दिया। चक्का जाम की वजह से गाड़ियों की लंबी कतारें लग गई। जिला प्रशासन ने सांसद को 72 घंटे में लड़की को वापस लाने का आश्वासन दिया। इसके बाद सड़क जाम समाप्त हुआ। आंदोलन के बाद सांसद ने कहा कि पुलिस अगर पहले ही तत्परता दिखाई होती तो जनता को सड़क पर उतरना नहीं पड़ता। लगभग 15 दिनों पहले यह वारदात हुई थी। पुलिस को लड़की को वापस लाने की मांग रखी गई थी। आज चक्का जाम कार्यक्रम में प्रशासन को झुकना पड़ा। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक लापरवाही की वजह से जनता में आक्रोश है और समाज में अफवाहें फैल रही हैं। ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए प्रशासन को सचेत रहने की आवश्यकता है। चितरपुर प्रखंड में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीसी चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार जिले के तमाम अधिकारियों और पुलिस बल के साथ पहुंचे। यहां उन्होंने लगभग पांच किलोमीटर तक फ्लैग मार्च किया। इस दौरान बंद समर्थकों को अपनी दुकान खोलने की बात कही। साथ ही जिस मोहल्ले में युवक और युवती का घर है, उस क्षेत्र में भी फ्लैग मार्च कर शांति व्यवस्था बनाए रखने को कहा। डीसी चंदन कुमार ने बताया कि किसी भी व्यक्ति को कानून हाथ में लेने का अधिकार नहीं है। जहां तक बात युवती और युवक के शादी की है, कानून बालिगों को पूरा संरक्षण देता है। वह अपनी मर्जी से शादी कर सकते हैं।

### युवती बोलीं, मैंने स्वेच्छा से की शादी

रामगढ़ । रजरप्पा थाना क्षेत्र चितरपुर, सोनार मोहल्ला निवासी युवती को घर लाने के लिए बवाल मचा है। इस बीच आशा वर्मा ने अपने परिजनों को वीडियो मैसेज भेजा है। यह वीडियो आशा की बहन के सामने ही रिकॉर्ड हुआ है। लड़की ने लव जिहाद की बातों को नकार दिया है। कहा कि उसने स्वेच्छा से शादी की है ना कि शादी के लिए कोई जबरदस्ती की गई है। मैं केरल में अपने स्वेच्छा से गालिब के साथ गई हूं। शादी की हूं और खुश हूं, मैं बालिग हूं और बहुत जल्द में अपने घर आ रही हूं।

### बाल श्रम के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

हजारीबाग। जिले में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक मंगलवार को समाहरणालय भवन में आयोजित की गई। अपर समाहर्ता संतोष सिंह की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में बाल श्रम के विरुद्ध उठाए गए कदमों की समीक्षा की गई और आगे की रणनीति तय की गई। बैठक के दौरान श्रम अधीक्षक अनिल कुमार रंजन ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में अब तक जिले से 14 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया है। इनमें से 11 बच्चे अन्य जिलों या राज्यों से हैं, जबकि तीन बच्चे हजारीबाग जिले के ही हैं। सभी नियोजकों के खिलाफ बाल श्रम अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है, साथ ही प्रत्येक से 20,000 का जुर्माना वसूला गया है।

मुक्त कराए गए बच्चों के पुनर्वास के लिए सरकार की विभिन्न योजनाओं से उनके परिवारों को जोड़ा गया है, ताकि वे दोबारा इस दलदल में न फंसें। बाल श्रमिकों की पहचान और बचाव के लिए जिले में धावा दल सक्रिय रूप से काम कर रहा है, जिसमें श्रम विभाग, पुलिस प्रशासन, बाल संरक्षण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) और विभिन्न एनजीओ शामिल हैं। अपर समाहर्ता संतोष सिंह ने निर्देश दिया कि जिले में कोनार पुल, पुराने समाहरणालय परिसर, होटलों, ढाबों और रेस्तरां में विशेष अभियान चलाकर बाल श्रम को जड़ से खत्म किया जाए।

## श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी से भी कम किया जा रहा है भुगतान : रोशन



बड़कागांव। क्षेत्र में कार्यरत कंपनियों द्वारा स्थानीय मजदूरों के शोषण का मामला विधानसभा में गूंजा। विधायक रोशनलाल चौधरी ने विधानसभा अध्यक्ष का ध्यान आकृष्ट कराते हुए एनटीपीसी, जेवीएनएल और अन्य एमडीओ कंपनियों पर मजदूरों के अधिकारों के हनन का आरोप लगाया। विधायक ने सदन में कहा कि बड़कागांव, केरडारी और पतरातू में कार्यरत कंपनियां स्थानीय मजदूरों को पिछले 10 वर्षों से निर्धारित वेतनमान से कम भुगतान कर रही हैं। इतना ही नहीं, मजदूरों से 8 घंटे की बजाय 12 घंटे तक काम लिया जा रहा है, लेकिन इसके बदले उन्हें न्यूनतम मजदूरी से भी कम भुगतान किया जा रहा है।

## जिंदल फाउंडेशन ने दो मॉडल आंगनबाड़ी का किया उद्घाटन

भुरकुंडा (रामगढ़)। पतरातु प्रखंड के ग्राम बलकुदरा नया टोला और जयनगर अंबेडकर टोला में मंगलवार को जिंदल फाउंडेशन द्वारा दो आंगनबाड़ी केंद्रों को मॉडल आंगनबाड़ी के रूप में विकसित कर समुदाय को समर्पित किया गया। इस दौरान जिंदल महिला क्लब की अध्यक्षा गुरदीप कौर ने फीता काटकर इन केंद्रों का उद्घाटन किया। कौर ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा के बिना विकास अधुरा है।

आंगनबाड़ी केंद्र न केवल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए बल्कि समुदाय के कल्याण के लिए भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जिंदल फाउंडेशन की अध्यक्षा शालू जिंदल का हमेशा से प्रयास रहा है कि विकास की किरण गांव के सबसे निचले स्तर तक पहुंचे। जिससे समाज का समग्र उत्थान संभव हो सके।

## शिक्षा में अव्यवस्था को लेकर प्रदीप प्रसाद ने सदन के बाहर दिया धरना




हजारीबाग। झारखंड में शिक्षा व्यवस्था की गिरती स्थिति और मैट्रिक परीक्षा में अव्यवस्थाओं को लेकर भाजपा विधायक प्रदीप प्रसाद ने मंगलवार को झारखंड विधानसभा के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। धरने में भाजपा के अन्य विधायक भी शामिल हुए और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। धरने के दौरान हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि मैट्रिक परीक्षा में प्रशासनिक लापरवाही चरम पर है, परीक्षा केंद्रों में अव्यवस्था बनी हुई है, प्रश्नपत्रों की गोपनीयता भंग होने की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे छात्रों का भविष्य खतरे में है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर परीक्षा प्रणाली में सुधार नहीं हुआ और शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो भाजपा राज्यव्यापी आंदोलन करेगी।

# रामगढ़ चेंबर चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू

## कई दिग्गज चुनाव से रह सकते हैं अलग

खबर मन्त्र संवाददाता



अमित कुमार सिन्हा, विजय मेवाड़, नंदकिशोर गुप्ता व मनोज मंडल।

रामगढ़। रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सत्र 2025-27 के चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री मंगलवार से आरंभ हो गई है। रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सत्र 2025-27 के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी हो गई है और पहले दिन मंगलवार से नामांकन पत्रों की बिक्री आरंभ हो गई है। इस दौरान कुछ संभावित प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीदा।

**चुनाव को लेकर दिख रही है उदासीनता :** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज चुनाव को लेकर उदासीनता दिख रहा है। इसका कारण पिछाले 5 चुनावों के दौरान प्रभावशाली जीत दर्ज करने वाले अमित कुमार सिन्हा और कई अन्य दिग्गजों का चुनाव में भाग नही लेना बताया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक इस बार के चेंबर चुनाव में अमित कुमार सिन्हा ,नंदकिशोर गुप्ता, विजय मेवाड़, मनोज मंडल आदि के भाग लेने की संभावना नही है। पेट्रोलियम व्यवसायी विष्णु पोद्दार के इस बार के चुनाव में शामिल होने की संभावना नही है। इसलिए इस बार के चेंबर चुनाव में उत्साह का अभाव दिख रहा है।

## एक नजर में

### चौपारण में नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़



चौपारण। होली के त्योहार को देखते हुए नकली शराब के अवैध कारोबार में लिप्त तस्कर सक्रिय हो गए हैं। इसी कड़ी में हजारीबाग उत्पाद विभाग और चौपारण उत्पाद विभाग की संयुक्त टीम ने सोमवार को अंबाकोला में छापेमारी कर नकली शराब बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में जंगल में स्थित एक घर से भारी मात्रा में स्प्रिट, खाली शराब की बोतलें, स्टीकर, ढक्कन और शराब निर्माण में उपयोग होने वाला केरामिल केमिकल जब्त किया गया। इसके अलावा 200 लीटर से अधिक विदेशी शराब और स्प्रिट बरामद की गई। यह घर सोमा मुंडा का बताया जा रहा है, हालांकि इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन शामिल है, इसकी जांच जारी है। उत्पाद विभाग इस अवैध शराब की आपूर्ति और इसके निर्माण से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गया है। बताया जा रहा है कि बीते एक महीने में यह चौथी बड़ी छापेमारी है, जिसमें नकली शराब, स्टीकर, स्प्रिट और अन्य सामग्री जब्त की गई है। छापेमारी दल का नेतृत्व कर रहे आबकारी विभाग के दरोगा सुमितेश कुमार ने कहा कि शराब तस्करों के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए जांच तेज कर दी गई है। प्रशासन अब यह पता लगाने की कोशिश कर रहा है कि इस अवैध शराब की खेप कहां-कहां सप्लाई हो रही थी और इसमें कौन-कौन लोग शामिल हैं। अधिकारियों ने साफ किया है कि होली के दौरान किसी भी तरह की नकली और अवैध शराब की बिक्री पर सख्त कार्रवाई होगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### गढ़काली मंदिर पर्यटन क्षेत्र घोषित हो : विधायक



चौपारण। विधानसभा के शून्यकाल में बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने बिगहा स्थित पौराणिक राजागढ़काली मंदिर परिसर को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग उठाई। उन्होंने पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री से सवाल किया कि सरकार इस ऐतिहासिक धार्मिक स्थल को पर्यटक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए क्या कदम उठा रही है। मंत्री सुदीप कुमार सोनू ने बताया कि राजागढ़काली मंदिर परिसर फिलहाल पर्यटन स्थल के रूप में अधिसूचित नहीं है। लेकिन इसे पर्यटन स्थल घोषित करने के लिए जिला पर्यटन संवर्धन परिषद और राज्य पर्यटन संवर्धन समिति की अनुशंसा आवश्यक है। इसके तहत 13 फरवरी 2025 को जिला उपायुक्त को निर्देशित किया गया है कि वे इस स्थल को पर्यटन स्थल घोषित करने के प्रस्ताव पर विचार करें।

### यौन शोषण के आरोप में युवक गिरफ्तार

दारू। थाना क्षेत्र के अंतर्गत शादी की नियत से नाबालिक लड़की के साथ योन शोषण करने के मामला सामने आया है। इस मामले में नाबालिक लड़की की माँ के द्वारा दिये गये आवेदन के आधार पर दारु थाना मे पोकसो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी युवक को जेल भेज दिया। थाना मे दिये गये आवेदन मे बताया गया कि नाबालिक लड़की के माता पिता कुंभ मेला गये थे और लड़की अपने दादा दादी के साथ थी। इसी बीच पुनाई पंचायत के ग्राम लोहडी कला निवासी राहुल यादव पिता मोहन यादव( उम्र 21 वर्ष) नबालिग 15 वर्षीय लड़की को बहला फुसला कर 22 फरवरी की रात्रि को लेकर फरार हो गया। लड़की के फरार होने की जानकारी मिलते ही घर वाले काफी परेशान हो गये और लड़की की खोजबीन करने लगे। इसी बीच 24 फरवरी को लड़की अपने घर वापस आ गयी और उसके साथ हुई योन शोषण की घटना की जानकारी दिया। लड़की की माँ उसे लेकर थाने गयी जहाँ आरोपी युवक के खिलाफ आवेदन देकर मामला दर्ज कराया। पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। नाबालिग लड़की की मेडिकल जांच कराते हुए अदालत मे 164 के तहत बयान दर्ज करवाया। युवक को पुलिस ने अदालत मे पेश किया जहाँ से उसे केंद्रीय कारगार हजारीबाग भेज दिया गया।

रजिस्ट्री सं० डी एल०-33004/99 REGD.NO.D.L-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India
सी.जी.-डी.एल.-अ.-22022025-261256
CG-DL-E-22022025-261256
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)
PART II-Section 3 -Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 944] नई दिल्ली, शुक्रवार, फरवरी 21, 2025/फाल्गुन 2, 1946
No. 944] NEW DELHI, FRIDAY, FEBRUARY 21, 2025/PHALGUNA 2, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 21 फरवरी, 2025

का.आ. 952(अ)—केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 4732 तारीख 29.10.2024, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के रांची जिले में NH75 के कि.मी. 0.00 से कि.मी. 3.26 (डिप्टी कमिश्नर ऑफिस रांची) तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चौड़ाकरने/चार लेन का बनाने, आदि) अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3 की उपधारा (3) के अधीन तारीख "30.11.2024" को "द टाइम्स ऑफ इंडिया" और "खबर मंत्र" दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3-ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

झारखंड राज्य के रांची जिले में NH75 के कि.मी. 0.00 से कि.मी. 3.26 (डिप्टी कमिश्नर ऑफिस रांची) तक के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित भूमि का विवरण।

[फा.स. NHAI/PIU/RNC/Ranchi Flyover/LA-3D]
अमय जैन, निदेशक

जिलाः रांची
प्रकाशन तिथिः 21.02.2025
https://egazette.gov.in/(S(3w43mde2y1tc2hqv2wguofgi))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/three_d.cshtml?EncHid=960298707
नोटः- इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

## दो दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का उद्घाटन आज

# ध्वजधारी धाम में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

- केंद्रीय मंत्री, विधायक, जिप अध्यक्ष समेत कई जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी होंगे शामिल




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** महाशिवरात्रि के मौके पर ध्वजधारी धाम में आयोजित होने वाले दो दिवसीय महाशिवरात्रि मेले का आगाज हो चुका है। इसको लेकर पूरे पहाड़ परिसर और मुख्य द्वार तथा पहाड़ की चोटी तक साफ-सफाई के साथ-साथ आकर्षक विद्युत व्यवस्था की गयी है। वहीं श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए समुचित व्यवस्था की गयी है। महाशिवरात्रि महोत्सव का उद्घाटन आज सुबह 10 बजे ध्वजाधारी धाम के मुख्य महंत महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज करेंगे। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक डॉ. नीरा यादव, उपायुक्त मेघा भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह, डीएफओ सौमित्र शुक्ल, जिप अध्यक्ष रामधन यादव समेत अन्य जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारियों के शामिल होने की उम्मीद है।

दो दिवसीय महोत्सव के पहले दिन रात्रि में देवाधिदेव भगवान महादेव और माता पार्वती का विवाह कार्यक्रम पुरोहित मुकेश पाण्डेय के द्वारा सम्पन्न कराया जाएगा।

इसके पूर्व भगवान महादेव की भव्य बारात निकाली जाएगी। वहीं विवाह उपरांत भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना कर शिवभक्त श्रद्धालुओं का 777 सीढियां चढ़कर पहाड़ की चोटी पर अवस्थित शिवलिंग का जलाभिषेक कार्यक्रम शुरू होगा, जो अगले दिन तक जारी रहेगा। एक अनुमान के मुताबिक कोडरमा के अलावे हजारीबाग, चतरा, गिरिडीह और बिहार राज्य के सीमावर्ती जिला नवादा और गया से करीब एक लाख से अधिक शिवभक्त श्रद्धालुओं के द्वारा दो दिवसीय महोत्सव के दौरान ध्वजधारी धाम पहुंचेंगे और पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान शिव की पूजा अर्चना कर शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे।

**सीसीटीवी कैमरे की निगहबानी में रहेगा महोत्सव, मनचलों और जेबकतरों पर रहेगी विशेष नजर :** दो दिवसीय महोत्सव के दौरान ध्वजधारी धाम में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पहाड़ परिसर से लेकर पहाड़ की चोटी तक सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखी गयी है। साथ ही पहाड़ एवं आसपास के मंदिरों व प्रवेश द्वार पर करीब दो दर्जन से अधिक सीसीटीवी कैमरा को दुरुस्त किया गया है, ताकि हर स्थिति पर आयोजन समिति और पुलिस नजर रख सके। इसके अलावे चप्पे-चप्पे पर महिला और पुरुष बल की तैनाती की गयी है।

**ब्रेक डांस, ड्रेगन झूला और मीना बाजार होगा आकर्षण का केंद्र :** दो दिवसीय मेले को लेकर पहाड़ की तलहटी पर सोमवार से ही रौनक छा गया है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए ब्रेक डांस, ड्रेगन झूला समेत विभिन्न प्रकार के झूले के अलावे मीना बाजार लगाया गया है, जो लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना है। इसके अलावे विभिन्न प्रकार की मिठाइयां, चाट पकौड़े आदि की दुकानें लगायी गयी हैं।

### भगवान शिव को प्रिय है शिवरात्रि, मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं : सुखदेव दास जी महाराज

धाम के मुख्य महंत महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी महाराज ने बताया कि देवों के देव महादेव को शिवरात्रि बेहद प्रिय है, इस दिन जो भक्त सच्चे मन से भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते हैं, उनकी मनोकामनाएं जरूर पूरी होती हैं। वहीं उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के मौके पर भक्तों की उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के हरसम्भव उपाय किये गये हैं। वहीं बाबा सुखदेव दास जी महाराज ने बताया कि दो दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव के उद्घाटन के साथ ही 24 घण्टे का अखंड हरि कीर्तन व रात्रि में भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा। अखंड हरिकीर्तन में विभिन्न गांवों के श्रद्धालु शामिल होंगे, अगले दिन 27 फरवरी को पूर्णाहुति व प्रसाद वितरण के साथ दो दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव का समापन होगा।

### श्री राधा कृष्ण वार्षिकोत्सव का आयोजन 10 मार्च से

महंत सुखदेव दास जी महाराज ने बताया कि आगामी 10 मार्च से धाम परिसर में दो दिवसीय श्री राधाकृष्ण वार्षिकोत्सव, सह नन्दीश्वर भगवान, कर्दम ऋषि एवं श्री रामानन्दाचार्य जी का वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। वार्षिकोत्सव के पहले दिन 24 घण्टे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया जाएगा, जबकि 11 मार्च को आरती, पूर्णाहुति, प्रसाद वितरण व ब्राह्मण भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी भक्तों से उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रकोष्ठ में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार बाल कृष्ण तिवारी ने की। वहीं प्रधान जिला जज ने उपस्थित अधिकारियों से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन की दिशा में आवश्यक पहल करने की अपील की। कहा कि जहां एक ओर मामलों के निष्पादन से विभाग को राजस्व की वसूली में सहायता होती है, वहीं दूसरी ओर न्यायालय से मुकदमों का बोझ कम होता है। वहीं उन्होंने विभागों के अधिकारियों से अपने स्तर से भी पक्षकारों को सूचित करने तथा उनको अपने मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कराने के प्रति जागरुक करने की भी अपील की। विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने स्तर से पक्षकारों को नोटिस करें ताकि अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन किया जा सके। वहीं प्रधान जिला जज ने सभी विभागों के अधिकारियों को पक्षकारों की सूची उपलब्ध कराने की अपील की ताकि न्यायालय द्वारा भी अपने स्तर से उन्हें अपने मामले के निष्पादन के लिए सूचित किया जा सके। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, सहायक विद्युत् अभियंता संदीप कुमार, उत्पाद अवर निरीक्षक निखिल चंद्रा, मोटर यान निरीक्षक सोनू यादव, जोसेफ टोप्पो, सामाजिक वानिकी प्रमंडल के नवीन कुमार, वन्य प्राणी प्रमंडल के उस्मान अंसारी, न्यायालयकर्मी रणजीत सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

## कोडरमा पुलिस ने पांच दिनों के अंदर प्रश्नपत्र लीक मामले का किया खुलासा

# गिरिडीह से छह युवकों को किया गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** झारखंड बोर्ड दसवीं की परीक्षा का हिंदी व विज्ञान विषय का प्रश्न पत्र लीक होने के मामले का कोडरमा पुलिस ने पांच दिनों के अंदर खुलासा करते हुए, गिरिडीह के न्यू बरगंडा से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में रोहित कुमार, मुकेश कुमार, लालमोहन कुमार, अंशु कुमार पांडेय, कृष्णा कुमार पांडेय व कमलेश कुमार शामिल हैं। इनके पास से दसवीं विज्ञान का प्रश्नपत्र, जिस कंबल व चटाई पर प्रश्नपत्र को रखकर फोटो खींचा गया वह कंबल व चटाई तथा छह मोबाइल बरामद किया गया है। वहीं कमलेश मास्टर माइंड बताया जाता है। पूरे मामले की जानकारी मंगलवार को एसपी अनुदीप सिंह ने दी। एसपी के अनुसार विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से 20 फरवरी को जैक द्वारा आयोजित दसवीं की परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने के संबंध में मरकच्चो थाना कांड संख्या 14/25 दर्ज किया गया था। कांड के उद्भेदन व इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। जांच के क्रम में मिली सूचना के आधार पर सोमवार-मंगलवार की मध्य रात्रि को गिरिडीह जिला के नगर थाना क्षेत्र के न्यू बरगंडा क्षेत्र से रोहित कुमार नामक एक व्यक्ति को पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर अन्य पांच आरोपियों को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपी छात्र हैं और गिरिडीह में एक किराये के मकान में रहकर पढ़ाई करते थे। साथ ही पढ़ाई का खर्च निकालने के लिए ये सभी समय-समय पर मजदूरी भी करते थे। जब जैक द्वारा ट्रक से भेजे गए प्रश्न पत्र को गिरिडीह भेजा गया था तो इसे वाहन से अनलोड करने के दौरान सील पैक प्रश्न पत्र को ब्लेड से काटकर उनमें से निकाला गया एवं उसका पीडीएफ बनाकर वायरल किया। आरोपियों के मोबाइल में प्रश्न पत्र पाया गया। जांच के क्रम में इन लोगों के पास से 10वीं विज्ञान के प्रश्न पत्र भी पाए गए। प्रश्न पत्र का पीडीएफ बनाते समय प्रश्न पत्र जिस कंबल एवं चटाई में रखा गया था, उसका फोटो पीडीएफ में आया है उस चटाई एवं कंबल को भी बरामद किया गया है।

छापामारी दल में एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह, डीएसपी मुख्यालय रतिभान सिंह के अलावा डोमचांच अंचल इंस्पेक्टर विनोद कुमार, तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार, कोडरमा थाना प्रभारी अरविंद कुमार, मरकच्चो थाना प्रभारी सौरभ कुमार शर्मा, दाब थाना प्रभारी नफीस अहमद, नवलशाही थाना प्रभारी शशिभूषण कुमार, जयनगर थाना प्रभारी बब्लू कुमार, चंदवारा थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार, एसओजी प्रभारी अवर निरीक्षक अभिमन्यु पड़िहारी, पुलिस अवर निरीक्षक कुंदन कांत बिमल, गोविंद कुमार साव, तकनीकि शाखा के पदाधिकारी, कर्मी शामिल थे।

## वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां में मंगलवार को भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वाधान में स्वाधार फिनक्सेस संस्था द्वारा वित्तीय समझदारी समृद्ध नारी विषय पर वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया गया। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सहिया दीदीयों को बैंक की विभिन्न प्रकार की योजना की जानकारी दी गयी, जैसे मासिक बचत जोखिम प्रबंधन, आय एवं खर्च और आपातकालीन योजना के प्रबंधन के तरीके बातये गए। साथ ही प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधान मंत्री जीवन ज्योती बीमा योजना एवं अटल पेंसन योजना की भी जानकारी दी गयी। साथ ही साइबर सुरक्षा के प्रति भी जानकारी दी गयी, ताकि उनके मेहनत की जमा पूंजी को कोई साइबर ठगी करने वाले ठगी ना कर सके।

वहीं कार्यक्रम में स्वधार फीनक्सेस के वित्तीय साक्षरता केंद्र से प्रभारी रत्नेश कुमार एवं प्रशिक्षक विपिन रविदास और सीएचसी के बीपीएम मनोज राम, बीटीटी पवन कुमार एवं प्रखंड के सहिया दीदियों ने भाग लिया।


### शपथ पत

**समक्ष लेख्य प्रमाण चतरा**

मैं गणपत चेतो यादव, पिता चेतो यादव उम्र 51 वर्ष राष्ट्रीयता भारतीय पेशा-कृषि, निवास स्थान ग्राम पितीज पोस्ट पितीज थाना ईटखोरी जिला चतरा झारखण्ड शपथपूर्वक ब्यान करना है कि

यह कि मैं SBI शाखा ईटखोरी में बचत खाता खुलवाये थे जिसमें मेरा नाम गणपत यादव अंकित है, जो गलत है, मेरा सत्य और सही नाम गणपत चेतो यादव है। यह कि बैंक खाता में मेरा गलत नाम गणपत यादव को शुद्ध कर के मेरा सत्य व सही नाम गणपत चेतो यादव अंकित कर दिया जाय। मेरा बचत खाता सं. 30839565986 एवं आधार न. 487415023361 सही है

यह शपथ पत्र में लिखित बाते गलत पाया गया तो मैं कानुनन दण्ड के भागी बनूंगा।

दिनांक : 24/02/2025.

### Affidavit

Before,
The Notary Magistrate, Chatra.
Sl. No. 338 Date-15.02.25

I Anju devi @ Sanju devi W/o Brahmdev Bhuiyan, Adhar No-2779 1712 9138 Date of Birth 01.01.1982. Years by faith Hindu, by Cast-Bhuiyan, by Occupation House wife, Resident of Village-Baliya, P.o Itkhori, P.s Itkhori, Dist Chatra, do hereby solemnly affirm as follows: -

1. That my original name is Anju devi and my nick name is Sanju devi aforesaid both name is mine.
2. That my father nick name Sanju devi has been mentioned in State Bank of India, Ac/No-32396089832 Branch Itkhori.
3. That my father original name Anju devi has been inserted into all Educational certificate and Adhar Card.
4. That there no any person in my village aforesaid both name.
5. That the aforesaid name is same person.


### कुंभ स्नान कर लौट रहे एक श्रद्धालु की मौत, कई घायल

**जयनगर (कोडरमा)।** सड़क हादसे में कुंभ स्नान कर परसाबाद लौट रहे एक श्रद्धालु की मौत हो गयी एवं कई श्रद्धालु घायल हो गये। वहीं मृतक की पहचान 40 वर्षीय सुरेश सिंह पिता स्व. गणेश सिंह के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अपने गांव में समाचार पत्र बेचने का कार्य करता था। वहीं लोगों ने बताया कि 22 फरवरी को स्कॉर्पियो से 10 लोग परसाबाद से कुंभ स्नान के लिए निकले थे, कुंभ स्नान के बाद अगले दिन वे अयोध्या में रामलला का दर्शन करने गये जहां से दर्शन के बाद सभी परसाबाद वापस लौट रहे थे। इसी दौरान सोमवार को जौनपुर में खड़ी एक ट्रेलर से स्कॉर्पियो टकरा गयी। वहीं स्थानीय लोगों ने हादसे में घायल लोगों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया वहां जांच के बाद चिकित्सक ने सुरेश सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के बाद गांव में मातम छा गया। वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### विद्युत ऊर्जा चोरी के विरुद्ध चला छापेमारी अभियान

**सतगावां (कोडरमा)।** विद्युत निगम मुख्यालय रांची के निर्देशानुसार विद्युत ऊर्जा चोरी के रोकथाम को लेकर मंगलवार को छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान शिवपुर व रामडीह में कई लोग विद्युत चोरी करते पाये गए। जिसमें 43 वर्षीय शैलेंद्र सिंह पिता रक्षा सिंह, 52 वर्षीय कलावती देवी पति ब्रह्मदेव प्रसाद, 49 वर्षीय नरेश कुमार पिता स्व. भोला सिंह, 56 वर्षीय विजय सिंह व 54 वर्षीय नवलेश सिंह दोनों पिता कामेश्वर सिंह, 52 वर्षीय मनोज सिंह पिता स्व. नागेंद्र सिंह, 48 वर्षीय संजय सिंह पिता बृजनंदन सिंह, 53 वर्षीय हामिद अहमद पिता मोविन अहमद सभी शिवपुर निवासी तथा 32 वर्षीय पंकज कुमार पिता छोटेलाल प्रसाद यादव रामडीह निवासी के नाम शामिल हैं। उक्त लोगों पर विभाग ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए थाने में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया। छापेमारी दल में कंनीय विधुत अभियंता धीरज कुणाल, विद्युत सह विधि सहायक विजय कुमार, कुंजेश मिस्त्री, उस्मान गनी, बीरेंद्र सिंह के अलावे अन्य कर्मी शामिल थे।

### विभिन्न कोचिंग सेंटरों पर बिजली विभाग ने लगाया जुर्माना

**कोडरमा।** चंदवारा प्रखंड अंतर्गत उरवां सैनिक स्कूल रोड स्थित विभिन्न कोचिंग सेंटरों पर बिजली विभाग ने छापेमारी की। इस दौरान बिजली चोरी के कई मामले उजागर हुए, इसके बाद विभाग ने बिजली चोरी करने वाले कोचिंग सेंटरों पर 1,38,856 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं छापेमारी के दौरान कई कोचिंग संस्थान बिना वैध कनेक्शन के बिजली जलाते पाये गये, जबकि कुछ संस्थान बाइपास या टोका लगाकर अवैध रूप से बिजली उपयोग कर रहे थे। वहीं बिजली विभाग ने ब्रिलियंट कोचिंग सेंटर पर 47,880 (बिना वैध बिजली कनेक्शन), सियोर सक्सेस सेंटर पर 12,768 (बिजली चोरी), न्यू टैलेंट कोचिंग सेंटर पर 12,768, (बिजली चोरी), ज्ञान सागर कोचिंग सेंटर पर 19,152 (बिजली चोरी), पिंकू यादव के कोचिंग सेंटर पर 31,920 (बिजली चोरी) व मो. सुलेमान के कोचिंग सेंटर पर 14,368 (बिजली चोरी) का जुर्माना लगाया है। जांच में पाया गया कि ब्रिलियंट कोचिंग सेंटर के पास कोई वैध बिजली कनेक्शन नहीं था, जिसके कारण उस पर 47,880 का जुर्माना लगाया गया। जिन कोचिंग सेंटरों के पास वैध बिजली कनेक्शन था, वे भी बाइपास कर या टोका लगाकर चोरी कर रहे थे। वहीं कार्यपालक अभियंता रंधीर कुमार के नेतृत्व में की गयी छापेमारी में एमआरटी के कार्यपालक अभियंता सरताज कुरैशी, सहायक विद्युत अभियंता गजेंद्र टोप्पो, संदीप कुमार, जेई उज्ज्वल तिवारी, हरेकृष्ण केसरीवानी सहित बिजली विभाग के कर्मी शामिल थे।

## राज इंटरनेशनल स्कूल में ओलंपियाड विजेताओं को किया गया सम्मानित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** राज इंटरनेशनल स्कूल में सीपीएस ओलंपियाड के विजेताओं को प्रमाण-पत्र और पदक वितरण किया गया। वहीं कार्यक्रम की शुरुआत सभी प्रतिभागियों के लिए विद्यालय की विशेष ताली बजा कर की गई। वहीं मुख्य अतिथि निदेशक सम्पा सिंह ने विजेताओं को बधाई दी। वहीं उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रतियोगिता की भावना बढ़ाने के लिए स्कूल में बच्चों के बीच इस तरह की प्रतियोगिता होनी चाहिए। वहीं ओलंपियाड स्तर पर जीते गए प्रमाण-पत्र बच्चे के जीवन में बहुत महत्व रखते हैं। वहीं विद्यालय के सचिव सिद्धार्थ सिंह ने छात्रों को प्रोत्साहित किया तथा इसी तरह से आगे बढ़ने का आशीर्वचन दिया। वहीं पदक विजेता एवं उत्तीर्ण छात्रों के बीच मेडल एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया। वहीं अध्यक्ष राम लखन सिंह ने अपने सन्देश में छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि समय और शिक्षा का सही उपयोग ही व्यक्ति को सफल बनाता है। वहीं ओलंपियाड प्रभारी शिवानी भारती और पूजा शेखर ने सभी विजेताओं को बधाई दी और दूसरे लेवल के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं प्राचार्य राहुल घोष ने ओलंपियाड शिवानी भारती और पूजा शेखर को सफल बनाने के लिए बधाई दी। मौके पर शिवानी भारती, पूजा शेखर समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाएं, एडमिन स्टाफ, कर्मचारी मौजूद थे।

# मारकर गंभीर रूप से घायल करने के तीन आरोपियों को 5-5 वर्ष कारावास की सजा

- अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की आदालत ने सुनाई सजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** एसटी 199/20 जान मारने की नीयत से मारकर गंभीर रूप से घायल करने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने संचित राम उर्फ होतो, कृष्णा राम एवं लक्ष्मण राम डंडाडीह निवासी को 307 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए न्यायालय ने तीनों आरोपियों को 5-5 वर्ष की सजा सुनाई, साथ ही पांच हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। मामला वर्ष 03 अप्रैल 2020 का है। इसे लेकर जयनगर थाना में जगदीश यादव ने मामला दर्ज कराया था। वहीं अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक शिव शंकर राम ने किया। इस दौरान सभी गवाहों का परीक्षण कराया गया। वहीं कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए लोक अभियोजक ने न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता गोरखनाथ सिंह ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को 307 आईपीसी के तहत दोषी पाया और सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया। इसे लेकर जगदीश यादव ने जयनगर थाना में एक आवेदन देकर कहा था कि रात्रि करीब 8 बजे मेरे करकट की छत पर ईट फेंकने की आवाज आई। जब उनके द्वारा यह पूछा गया कि किसने मेरे छत पर ईटा फेंका है, तो हीरो राम, कृष्णा राम, लक्ष्मण राम के अलावे 8-10 लोग तलवार, चाकू, रड एवं लाठी लेकर मेरे घर में आ गए और जान मारने की नीयत से अरुण यादव, छेदी यादव एवं कन्हाई यादव को मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। वहीं स्थानीय लोगों के दौड़ने पर सभी वहां से भाग गये।

### हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

जमीन विवाद में गोली मारकर कर हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय राकेश चंद्रा की अदालत ने आरोपी मनोज कुमार यादव पिता महेंद्र यादव पिपराही चंदवारा निवासी को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई, साथ ही दस हजार रुपये जुर्माना भी लगाया। जुर्माना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामला वर्ष 2021 का है। मामले को लेकर तिलैया थाना में मामला दर्ज कराया गया था। वहीं अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक शिवशंकर राम ने किया। इस दौरान सभी 9 गवाहों का परीक्षण कराया गया। कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए लोक अभियोजक ने न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता जेपी नारायण ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्ष्यों का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को 302 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास की सजा मुकर्रर की और जुर्माना लगाया। इसे लेकर मृतक की पत्नी द्रौपदी देवी ने तिलैया थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया था। थाना को दिए आवेदन में कहा था कि जमीन विवाद को लेकर दो दिन पूर्व मेरे पति को जान से मारने की धमकी मनोज यादव पिता महेंद्र यादव एवं अन्य दो व्यक्तियों द्वारा दी गयी थी। इन लोगों के द्वारा ही मेरे पति की गोली मारकर हत्या की गई है।

## खबर एक नजर में

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में छठवीं कक्षा के नामांकन की तिथि 5 मार्च तक बढ़ी



**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कक्षा छठवीं की छात्राओं के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा नामांकन को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक पात्र छात्राएं इसका लाभ उठा सकें। विद्यालय की वार्डेन बिंदु पोद्दार ने जानकारी दी कि नामांकन की अंतिम तिथि 5 मार्च तक बढ़ा दी गई है। इच्छुक अभिभावक संध्या 5 बजे तक आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेजों को विद्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। नामांकन प्रक्रिया के तहत अनाथ, निर्धन, एकल अभिभावक की संतान, ट्रैफिकिंग से बचाई गई छात्राएं, नक्सल प्रभावित और सुदूरवर्ती क्षेत्र की लड़कियां, मुस्लिम परिवार की छात्राएं एवं बैगा जाति की बच्चियों को प्राथमिकता दी जाएगी। विद्यालय प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे समय रहते अपने बच्चों का नामांकन सुनिश्चित करें, ताकि वे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें।

### पंचायत भवन परिसर में ग्राम सभा आयोजित



**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत बारिसाखी पंचायत भवन परिसर में ग्राम विकास योजना के तहत विशेष ग्राम सभा मुखिया सुमीरा कुमारी की अध्यक्षता में हुई। ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों को मुखिया सुमीरा कुमारी ने ग्राम सभा में महत्वपूर्ण योजनाओं का चयन की जानकारी दी। विशेष ग्राम सभा में पीसीसी, कूप, डोभा, नाली, चबूतरा समेत अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का चयन किया गया। मौके पर पंचायत सचिव दिगम्बर पांडेय, विकास कुमार विकू, प्रसादी पासवान समेत ग्रामीण मौजूद थे।

### चार महीने से नहीं मिल रही वृद्धा पेंशन, लाभुक परेशान

**इटखोरी।** प्रखंड में वृद्धा पेंशन योजना के लाभुक पिछले चार महीनों से पेंशन नहीं मिलने से परेशान हैं। समय पर राशि नहीं मिलने के कारण बुजुर्गों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है। लाभुकों का कहना है कि वे कई बार प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन कोई ठोस जवाब नहीं मिल रहा। पेंशन ही उनकी आजीविका का मुख्य साधन है, जिससे वे अपनी दवाइयां और दैनिक जरूरतें पूरी करते हैं। भुगतान में देरी होने से उनकी मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ बंकिरा ने कहा तकनीकी कारणों से देरी हो रही है, लेकिन जल्द ही सभी लाभुकों के खाते में राशि भेजी जाएगी।

### अवैध बालू उत्खनन पर प्रशासन की कार्रवाई, तीन ट्रैक्टर जब्त

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** पत्थलगड़ा और सिमरिया थाना की सीमा पर स्थित गैंडवा व भुराई नदी से अवैध रूप से बालू उत्खनन और परिवहन कर रहे तीन ट्रैक्टर को प्रशासन ने जब्त कर लिये। प्रशासन को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न नदी घाटों से रात के समय अवैध रूप से बालू निकाला और बेचा जा रहा है। इसको लेकर पत्थलगड़ा अंचल अधिकारी (सीओ) उदल राम और थाना प्रभारी आलोक रंजन चौधरी के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान तीन ट्रैक्टर जब्त किए गए, जो बालू से लदे हुए थे। सीओ उदल राम ने बताया कि जब्त किए गए ट्रैक्टरों को पत्थलगड़ा थाना में सुपुर्द कर दिया गया है। साथ ही वाहन मालिकों के खिलाफ अवैध खनन और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। स्थानीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत दें, ताकि इस पर रोक लगाई जा सके।

### बीएसएनएल टावर में लगी आग, लाखों का नुकसान

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के नोनगांव पंचायत अंतर्गत बनवारा में स्थित बीएसएनएल टावर में मंगलवार दोपहर करीब 1:00 बजे अचानक आग लग गई, जिससे लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। आग लगने की सूचना पाकर पत्थलगड़ा थाना के सब-इंस्पेक्टर अरविंद राम दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। साथ ही बीएसएनएल के एसडीओ बाल गोविंद पासवान भी स्थिति का जायजा लेने पहुंचे। एसडीओ बाल गोविंद पासवान ने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। थाना के जवानों और ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैल गई। इसी बीच दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग इतनी भीषण थी कि दो सेट बैटरी, दो विंडो एसी, दो पावर प्लांट और पूरा सेल्टर रूम जलकर खाक हो गया। इस घटना से बीएसएनएल उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि टावर क्षतिग्रस्त होने से नेटवर्क सेवा प्रभावित हो सकती है। प्रशासन और बीएसएनएल विभाग द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है। वहीं, उपभोक्ताओं को जल्द सेवा बहाल करने का आश्वासन दिया गया है।

### स्व. रामदेव यादव की प्रतिमा का अनावरण



**गिद्धौर।** प्रखंड के बारिसाखी पंचायत भवन में मंगलवार को व्यवसायिक स्व. रामदेव यादव की आदमकद प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। इस दौरान पूजा-अर्चना कर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया और फीता काटकर प्रतिमा का अनावरण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व वीरेंद्र यादव, रामाशीष यादव और रामदेव यादव ने किया। अनावरण में पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व विधायक उमा शंकर अकेला, सिमरिया विधानसभा नेता मनोज चंद्रा समेत कई गणमान्य लोग शामिल हुए। मनोज चंद्रा ने अपने संबोधन में कहा कि स्व. रामदेव यादव ने हमेशा लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और उनकी मित्रता झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से थी। उन्होंने कहा कि उनकी भरपाई कर पाना मुश्किल है और सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन बालेश्वर यादव ने किया। इस अवसर पर उपप्रमुख प्रीतम यादव, चौपारण से विकास यादव, बल्ली यादव, दिनेश भारती, उप मुखिया विकास कुमार पांडेय, प्रसादी पासवान, परमेश्वर रविदास, सुनील कुमार यादव, मुनेश्वर यादव, सतेंद्र दांगी समेत कई परिजन और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी ने मैट्रिक परीक्षा केंद्र और पशु मेले का किया निरीक्षण

**गिद्धौर।** मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राहुल देव, अंचल अधिकारी (सीओ) अनंत सयनम विश्वकर्मा और थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने मैट्रिक परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया, ताकि परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हो सके। इसके बाद अधिकारियों ने गिद्धौर के कौलेश्वरी मंदिर परिसर में लगने वाले दस दिवसीय पशु मेले के स्थल का भी निरीक्षण किया। सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर पर आयोजित होने वाले इस पारंपरिक पशु मेले का शुभारंभ बुधवार को किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मेला प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर विधि-व्यवस्था, सुरक्षा और अन्य तैयारियों की समीक्षा की। मौके पर विनोद पासवान, निरंजन दांगी सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### पान मसाला के खिलाफ बीडीओ-सीओ ने चलाया अभियान



**पत्थलगड़ा।** निकोटिन युक्त गुटखा और पान मसाला पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 और कोटपा 2023 के तहत प्रतिबंध लगने के बाद असैनिक शल्य चिकित्सा सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी चतरा के निर्देश पर मंगलवार को गुटखा और पान मसाला को लेकर पत्थलगड़ा बीडीओ कलीन्द्र साहू और सीओ उदल ने प्रखंड क्षेत्र के सुभाष चौक, गांधी चौक, पंचमुखी चौक सिंघानी के अलावे कई स्थानों में सिगरेट, गुटका एवं तंबाकू को लेकर छापामारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान मंटू पान दुकान सुभाष चौक, आयुष किराना दुकान सिंघानी, अजय राम दानापुर, शंकर तिवारी दानापुर के दोनों गुमटी से सिगरेट और गुटका बरामद हुए। जिसे लेकर बीडीओ और सीओ ने सभी दुकानदारों को सिगरेट, गुटका और तंबाकू नहीं बेचने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने आगे बताया कि अगर आगे पकड़े गए तो कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि झारखंड में कैंसर के मरीजों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जिसकी रोकथाम के लिए झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने झारखंड में सिगरेट, गुटका और तंबाकू पर बैन लगा दी है।

### मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता शिविर आयोजित

**कोडरमा।** जिले के पारहो पंचायत में फ्यूजन फाइनेंस ने अनाहत फॉर चेंज फाउंडेशन एनजीओ के साथ सांझेदारी में 'मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता' शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर फ्यूजन के सीआरसी कार्यक्रम गरिमा (मासिक धर्म जागरूकता कार्यक्रम) के अंतर्गत आयोजित किया गया था। कार्यशाला के दौरान हेल्थ ट्रेनर प्रीति राम ने माहवारी प्रक्रिया पर खुल कर चर्चा की और पैड का सही उपयोग और निपटान (डिस्पोजल) के बारे में भी बताया। उन्होंने साथ में ही माहवारी से जुड़े वैज्ञानिक तर्क को समझाया कि कैसे इससे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य जुड़ा है। कार्यशाला में उपस्थित पंचायत मुखिया दिनेश यादव ने यह जोर देते हुए कहा कि समाज में समानता तभी संभव है, जब महिलाएं एवं किशोरियां अपना शरीर अपना अधिकार को समझें। वहीं पंचायत उपमुखिया सुरेंद्र यादव ने कहा कि हमारे समाज में सेहत को नजर अंदाज करने के कारण आर्थिक समस्या देखने को मिलती है, खास कर महिलाओं में ज्यादातर समस्या जनन तंत्र से संबंधित होती है। इस कार्यक्रम में सहिया, वार्ड सदस्य सुनीता देवी, सेविका नीलम देवी, सहिया इंदु देवी, सोनी देवी व अन्य की सक्रिय भागीदारी रही।

## ई है टाटा नगरिया, देख बबुआ...



जमशेदपुर से सटे दलमा पहाड़ के शिखर पर गुफा में शिवलिंग प्राकृतिक रुप से बना हुआ है। यहां पर अब बाबा का भव्य मंदिर भी बन गया है। आज महाशिव रात्रि को देखते हुए हजारों भक्त पैदल ही दलमा पहाड़ पर ट्रैकिंग करते हुए शिखर पर पहुंचेंगे और अहले सुबह से लेकर दिन भर वहां के प्राकृतिक शिव लिंग पर जलाभिषेक करेंगे। दलमा शिव मंदिर का एक भव्य तस्वीर आपके लिए।

# रांची में होगा डिफेंस एक्सपो, जमशेदपुर-आदित्यपुर की एंसीलरियों को मिलेगा एक्सपोजर : संजय सेठ

■ जमशेदपुर सिटिजंस फोरम के सेमिनार को रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद ने किया संबोधित

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

**गम्हरिया।** आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र(एआईए) देश के सबसे बड़े औद्योगिक ठिकानों में से एक है। यह लगभग 33000 एकड़ में फैला हुआ है। इसका औद्योगिक आधार फोर्जिंग, कास्टिंग, शीट मेटल वर्क, ऑटो और स्टील सेक्टर की जरूरतों को पूरा करने में माहिर है। सबसे बड़ा और सबसे पुराना औद्योगिक आधार होने के बावजूद, देश के अन्य औद्योगिक ठिकानों की तुलना में इसका विकास बहुत धीमा है। आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र को देश में हो रहे तेज औद्योगिकीकरण के साथ तालमेल बिठाने की जरूरत है। इसे रक्षा, आईटी, लॉजिस्टिक्स रेलवे आदि जैसे कई नए उभरते क्षेत्रों का हिस्सा नहीं मिला जो वर्तमान परिदृश्य में तेजी से बढ़ रहे हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं। उभरते औद्योगिक परिदृश्य का लाभ उठाने के लिए युवाओं और नई पीढ़ी के उद्यमियों की भागीदारी समय की मांग है, ताकि औद्योगिक क्षेत्र का बेहतर विकास और उत्थान हो सके।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए जमशेदपुर सिटिजन फोरम ने गत 21 फरवरी को आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में राष्ट्रीय सुरक्षा में युवाओं की भूमिका और रक्षा में अवसर विषय पर एक सेमिनार का आयोजन ऑटो कलस्टर में किया। उक्त सेमिनार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने संबोधित किया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने



रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ के साथ फोरम के अध्यक्ष एके श्रीवास्तव और सचिव कमांडर संजीव रमण।

कहा कि रक्षा क्षेत्र में प्रवेश की आशंका को उचित संचार के माध्यम से ही दूर किया जा सकता है। मंत्री ने बताया कि इस दिशा में पहला कदम रांची में रक्षा एक्सपो आयोजित करना है। भारतीय और विदेशी कंपनियों द्वारा अपने उत्पाद प्रदर्शित करने से उद्योगपतियों को इस क्षेत्र की संभावनाओं के बारे में जानकारी मिलेगी। दूसरा, बी2बी बिजनेस मीटिंग का अवसर प्राप्त करना। इससे रक्षा उत्पादों और घटकों के उत्पादन में बेहतर उपयोग के लिए मौजूदा बुनियादी ढांचे की उपयोगिता को समन्वित करने में मदद मिलेगी। उपर्युक्त गतिविधियों से निश्चित रूप से देश में रक्षा क्षेत्र में हो रही गतिविधियों की तीव्रता के बारे में जागरूकता पैदा होगी। इससे उद्योगपतियों के मन में इस क्षेत्र के बारे में जो बेड़ियाँ हैं, वे टूट जाएंगी। यह कदम आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र की गतिविधियों के दायरे को बढ़ाने में उत्प्रेरक की भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि यह सशस्त्र बलों, डीआरडीओ प्रयोगशालाओं, ओएफबी और पीएसई के साथ सीधा संवाद स्थापित करने मंड मदद करेगा जो महत्वपूर्ण है। इसके अलावा सशस्त्र बलों ने पूरे देश में स्वदेशीकरण सेल की स्थापना की है, जो उद्योगपतियों को उत्पाद और घटक स्तर की आवश्यकताओं को समझने में मदद करता है। उनसे बातचीत करके पूरी रक्षा खरीद प्रक्रिया को सीधे तौर पर समझा जा सकता है। डिजाइनिंग, प्रोटोटाइप परीक्षण में प्रारंभिक विकास लागत को सशस्त्र बलों द्वारा किस हद तक वित्त पोषित किया जाता है, यह समझा जा सकता है कि प्रारंभिक निवेश लागत को कम किया जा सकता है। आम तौर पर लोगों को यह धारणा होती है कि इन लागतों की प्रतिपूर्ति नहीं की जाती है, जो सच नहीं है।

## स्पीड न्यूज

### गम्हरिया में सवा लाख पार्थिव लिंग पूजनोत्सव

**गम्हरिया।** महाशिवरात्रि के मौके पर मिथिला विकास मंच की ओर से छोटा गम्हरिया स्थित दूर्गापूजा मैदान में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग पूजनोत्सव सह विद्यापति स्मृति समारोह का भव्य आयोजन किया गया है। मौके पर काफी संख्या में समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया है। मंच के अध्यक्ष फूलकांत झा ने बताया कि मंच कवि कोकिल विद्यापति को श्रद्धांजलि दी जायेगी। समाज के सदस्य विद्यापति की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

### चांडिल : ओमी स्कूल में लगी विज्ञान प्रदर्शनी



**चांडिल।** मंगलवार को चांडिल के ओमी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चांडिल के मुखिया मनोहर सिंह सरदार पहुंचे। मुखिया मनोहर सिंह ने कहा इस तरह के आयोजन से बच्चे अपने कौशल को अच्छी तरह से दिखा पाते हैं और सभी छात्रों को विभिन्न प्रकार का कौशल दिखाने का अवसर प्राप्त होता है। प्राचार्य सुमन लता ने कहा स्कूल प्रबंधन ने इस इवेंट का आयोजन किया है। मुखिया मनोहर सिंह ने सभी छात्रों को पुरस्कृत किया।

### विजया एकादशी पर भजन कीर्तन आयोजित

**चांडिल।** छोटी सी ध्वजा सिल्वा दे ओ मम्मी, खाटु जी की टिकट बनवा दे, मैं भी खाटु धाम जाऊँगा के भजन के साथ फाल्गुन महोत्सव धूमधाम से चांडिल श्री श्याम मंदिर मे मनाया जा रहा है। फाल्गुन महीना के विजया एकादशी के अवसर पर श्री श्याम कला भवन चांडिल के तत्वावधान मे आयोजित भजन संकीर्तन में सभी श्याम प्रेमी झूमते नाचते बाबा श्याम का जयकारा लगा रहे। पुरे फाल्गुन माह भजन कीर्तन के साथ बाबा श्याम का विभिन्न फूल एवं फलों से बाबा श्याम का श्रृंगार किया जाएगा।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।


# आज शाम दोमुहानी घाट पर स्वर्णरेखा आरती

■ बनारस के अस्सी घाट के प्रसिद्ध आचार्य मोहित जी के नेतृत्व में पहुंचा पंडितों का दल

■ एक लाख से अधिक लोग आरती देखने पहुंचेंगे दोमुहानी घाट, आयोजन की तैयारी पूर्ण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता जी के अगुवाई में महाशिव रात्रि के अवसर पर 26 फरवरी की शाम पांच बजे से स्वर्णरेखा आरती का आयोजन किया जायेगा। स्वर्णरेखा आरती आयोजन समिति के द्वारा आस्था का संगम कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रुप दे दिया गया। स्वर्णरेखा दोमुहानी संगम घाट पर आयोजन के संरक्षक बन्ना गुप्ता जी के निर्देश पर सफाई कार्य को





पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा बनवाया गया भव्य दोमुहानी घाट और संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते मनोज झा व आयोजन समिति के अन्य पदाधिकारी।

देर शाम अंतिम रुप दे दिया गया। बचा-खुचा सफाई कार्य बुधवार की दोपहर तक पूर्ण कर लिया जायेगा। उनके कार्यकर्त्ता और जुस्को एवं जमशेदपुर अशेष के दर्जनों कर्मचारी सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने में लगे हैं।

कार्यक्रम के तैयारियों के संदर्भ में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित करते हुए आयोजन समिति के मनोज झा ने बताया कि कुंभ के इस विश्व विख्यात मुहूर्त पर शिवरात्रि के पावन अवसर पर जो लोग कुंभ नहीं जा सकें हैं वे स्वर्णरिखा घाट पर संध्या बेला में मनमोहक आरती का आनंद लें सकते हैं। बनारस के अस्सी घाट के प्रसिद्ध आचार्य मोहित जी के नेतृत्व में काशी के पंडित भव्य स्वर्णरेखा आरती करेंगे। इसके साथ ही नदी पूजन भी स्थानीय पुरोहितों के देख रेख में किया जायेगा, जिसमें संध्या 5 बजे पहले नदी पूजन उसके बाद भव्य आरती का आयोजन होगा। इस दौरान अलौकिक पुष्प वर्षा एवं सुन्दर आतिशबाजी भी करेगी।

मनोज झा ने बताया कि इसको लेकर निमंत्रण पत्र बाँटे जा रहे हैं। इस बार एक लाख से ज्यादा लोगों का जुटान होगा एवं शिव जी से जुडी विभिन्न कलाकृति विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा, साथ ही स्थानीय कलाकार भजनों की अमृत वर्षा करेंगे।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजन समिति के मनोज झा, बबुआ झा, सुरेंद्र गुप्ता, अजय मिश्रा, बबन शुक्ला, लखीन्द्र करुआ, अनिल सिंह, ईश्वर सिंह, प्रभात ठाकुर, संजय तिवारी, अश्वनी सिंह, सुनील गुप्ता, कैलाश रजक समेत आयोजन समिति के अन्य लोग उपस्थित रहे।

## अवध डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल ने टाटा जू में चलाया तंबाकू निषेध जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय ओरल पैथोलॉजिस्ट दिवस के अवसर पर, अवध डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, जमशेदपुर के ओरल और मैक्सिलोफेशियल पैथोलॉजी विभाग ने टाटा स्टील जूलॉजिकल सोसाइटी (टीएसजेडएस) के सहयोग से एक जागरूकता अभियान आयोजित किया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क (टीएसजेडपी) के कर्मचारियों, श्रमिकों और आगंतुकों को तंबाकू छोड़ने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक और प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क (टीएसजेडपी) के डिप्टी डायरेक्टर (जीए) डॉ. नईम अख्तर और डिप्टी डायरेक्टर (वेट) डॉ. माणिक पालित के संबोधन से हुई। उन्होंने जू के कर्मचारियों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उनके प्रेरक शब्दों ने उपस्थित लोगों को प्रभावित किया, जिससे ओरल हेल्थ और संपूर्ण स्वास्थ्य के महत्व को और बल मिला। सत्र के बाद, अवध डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के चिकित्सा विशेषज्ञों, डॉ. राजीव भूषण और डॉ. अभिजीत ने अभियान की कमान संभाली।

## अमरजीत, रितिक, कृति, अनादी, शिवम हेमन्विता और प्रियांशु को मिली छात्रवृति

■ सात छात्र-छात्राएं शैक्षणिक उत्कृष्टता, नेतृत्व क्षमता और नवाचार के लिए सम्मानित

■ एनआइटी जमशेदपुर का एनआइटीजेएए छात्रवृति पुरस्कार समारोह -2025 संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** इंडस्ट्री एवं एलुमनाई रिलेशंस डिवीजन, एनआइटी जमशेदपुर के एनआइटीजेएए छात्रवृत्ति पुरस्कार समारोह 2025 अकादमिक उत्कृष्टता और पूर्व छात्र संबंधों का आयोजन किया। कार्यक्रम के सम्मानित अतिथियों में एनआइटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो गौतम सूत्रधार, एनआइटीजेएए अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, चित्रंजन सहाय, विशिष्ट पूर्व छात्र एवं प्रमुख उद्योगपति, ई



एक छात्र को सम्मानित करती डा मीरा मुंडा, निदेशक डा गौतम सूत्रधार व अन्य।

आरके बेहरा, रियर एडमिरल एके वर्मा, प्रो केबी यादव, डीन, इंडस्ट्री एवं एलुमनाई रिलेशंस, डॉ रामकृष्ण, डॉ स्वाति सुधा तथा अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ मीरा मुंडा ने शिक्षा की शक्ति और समाज में योगदान देने के महत्व पर अपने प्रेरणादायक विचार साझा किये। अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने पूर्व छात्रों द्वारा अपने संस्थान के प्रति समर्थन एवं सहभागिता के महत्व पर आवश्यक बल देने की वकालत की साथ ही बताया कि सामूहिक प्रयासों से संस्थान को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता है।

## केरला पब्लिक स्कूल, कदमा में 5वीं के छात्रों के लिए आभार दिवस मना

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** केरला पब्लिक स्कूल, कदमा मेन 25 फरवरी 2025 को सत्र 2024 के कक्षा झ पाँचवीं के छात्रों के लिए आभार दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ केरला पब्लिक स्कूल के गणमान्य व्यक्तियों और छात्रों ने सरस्वती वंदना कर किया। विद्यालय की गायन मंडली ने अपने सुमधुर स्वागत गीत से सबको आनंदित किया। मुख्याध्यापिका



अलमेलु रविशंकर ने अपने स्वागत भाषण में शिक्षा के साथ सह शैक्षिक गतिविधियों के द्वारा सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए उज्ज्वल भविष्य के साथ उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए देश के जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी। पांचवीं की शिक्षा की पूर्णता और सह-शैक्षिक गतिविधियों में योगदान के लिए 225 छात्रों को स्नातक टोपी पहनाकर, कार्ड दिये गये। पांचवीं के चारों खंडों के छात्र-छात्राओं में से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

## वर्तमान सरकार को युवाओं के रोजगार और भविष्य की चिंता नहीं: पूर्णिमा साहू

■ जमशेदपुर प्रोफेशनल कॉलेज का मामला सदन में उठा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बजट सत्र के पहले दिन मंगलवार को जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू द्वारा जमशेदपुर प्रोफेशनल कॉलेज से संबंधित सवाल पूछा गया जिसमें उन्होंने जानना चाहा कि प्रोफेशनल कॉलेज की कब से शुरुआत होगी। इसके जवाब में बताया गया कि प्रोफेशनल कॉलेज को अभी शुरू नहीं किया जा रहा है। यह अभी प्रक्रियाधीन है।



इस पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि सरकार की मंशा राज्य के लोगों को रोजगार देने की नहीं है।

## बच्चों के बचपन बचायें, उन्हें संस्कारवान बनायें : आचार्य राजेंद्र जी महाराज

■ सूर्यमंदिर परिसर में संगीतमय श्रीराम कथा के चतुर्थ दिन भगवान राम के बाल लीला का प्रसंग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना के पंचम वर्षगांठ के अवसर पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के चतुर्थ दिन कथा प्रारंभ से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच व्यास पीठ एवं व्यास का विधिवत पूजन किया गया। पूजन पश्चात श्री श्रीधाम वृंदावन से पधारे मर्मज्ञ कथा वाचक आचार्य राजेंद्र जी महाराज का श्रद्धाभाव से स्वागत





कथा सुनाते राजेंद्र जी महाराज और कथा सुनते श्रद्धालु।

किया गया। स्वागत के पश्चात कथा व्यास आचार्य राजेंद्र जी महाराज ने श्रीराम कथा के चतुर्थ दिन भगवान राम के बाल लीला के कथा का रोचक प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक रघुवर दास मुख्यरूप से मौजूद रहे। व्यास राजेंद्र जी महाराज ने भगवान राम की सुंदर बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि बचपन से ही लक्ष्मण जी की राम जी के चरणों में प्रीति थी। और भरत और शत्रुघ्न दोनों भाइयों में स्वामी और सेवक की जिस प्रीति की प्रशंसा की जाती है, उनमें वैसी ही प्रीति हो गई। वैसे तो चारों ही पुत्र शील, रूप और गुण के धाम हैं लेकिन सुख के समुद्र श्री रामचन्द्रजी सबसे अधिक हैं। माँ कौशल्या कभी गोदी में लेकर भगवान को प्यार करती है। कभी सुंदर पालने में लिटाकर ह्यप्यारे ललनाह्न कहकर दुलार करती है, जो भगवान सर्वव्यापक, निरंजन (मायारहित), निर्गुण, विनोदरहित और अजन्मे ब्रह्म हैं, वो आज प्रेम और भक्ति के वश कौसल्याजी की गोद में खेल रहे हैं।

सुमधुर संगीत के बीच आचार्य राजेंद्र महाराज ने बताया कि एक बार माता कौशल्या ने श्रीराम को स्नान और श्रृंगार करा कर झूला पर सुला दिया और स्वयं स्नान कर अपने कुलदेव की पूजा कर नैवेद्य भोग लगाकर पाक गृह गई। जब वह पुनः लौट कर पूजा स्थल पर आई तो उन्होंने देखा कि देवता को चढ़ाए गए नैवेद्य शिशुरूपी भगवान राम भोजन कर रहे हैं। जब उन्होंने झूला पर जाकर देखा तो वहां भी उन्होंने श्री राम को झूले पर सोते पाया। इस दृश्य को देखकर कौशल्या डर गई और कांपने लगी। माता की अवस्था देख श्री राम ने माता को अपना विराट रूप दिखाकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया।

## एक नजर में

### रूडी पहुंचे जमशेदपुर, बजट पर व्याख्यान आज



**जमशेदपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सारण लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजीव प्रताप रूडी के मंगलवार संध्याकाल में जमशेदपुर आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया और लौहनगरी आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर झारखंड भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जेपी शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने सांसद राजीव प्रताप रूडी के शहर आगमन को जमशेदपुर के लिए महत्वपूर्ण अवसर बताया और कहा कि उनकी मौजूदगी में आर्थिक नीतियों और केंद्रीय बजट 2025 के विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श एवं परिचर्चा की जाएगी। बता दें कि झारखंड प्रदेश भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ द्वारा केंद्रीय बजट 2025 के विभिन्न पहलुओं पर गहन मंथन हेतु जमशेदपुर महानगर में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया है। यह आयोजन बुधवार को बिस्टुपुर स्थित सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स भवन में संपन्न होगा, जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सारण (बिहार) लोकसभा क्षेत्र के सांसद राजीव प्रताप रूडी मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सुबह 11 बजे होगा, जहां शहर के प्रमुख व्यवसायी, उद्यमी, उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि व भाजपा नेतागण मौजूद रहेंगे। इस दौरान केंद्रीय बजट 2025 की नीतिगत पहल, कर सुधारों, आर्थिक विकास पर प्रभाव और व्यावसायिक संभावनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की जायेगी।

### झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच का दो दिवसीय खेल महोत्सव आयोजित



**जमशेदपुर।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच द्वारा आयोजित दो दिवसीय खेल महोत्सव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जमशेदपुर शाखा के आतिथ्य में हुए इस आयोजन में रांची, धनबाद, देवघर, झरिया, जामताड़ा, भागा, केंदुआ, चाईबासा सहित कई क्षेत्रों से आए लगभग 80 खिलाड़ियों ने क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम और चेस जैसी प्रतिस्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्रिकेट टूनार्मेंट कॉपरेटिव कॉलेज ग्राउंड में हुआ। बैडमिंटन (सिंगल एवं डबल) मोहन आहुजा इनडोर स्टेडियम में हुआ। टेबल टेनिस, कैरम और चेस की प्रतियोगिताएं राजस्थान भवन, बिष्टुपुर में हुईं। खेल परिणाम :- क्रिकेट में मंडल 1 विजेता, मंडल 3 उपविजेता रहा। बैडमिंटन में कीर्तन अग्रवाल (सिंगल विजेता), कीर्तन अग्रवाल एवं हेमंत अग्रवाल (डबल विजेता) रहे। टेबल टेनिस में हिमांशु चितलंगिया (सिंगल विजेता), हिमांशु एवं हर्षित चितलंगिया (डबल विजेता) बने। चेस में केशव चौखानी विजेता तथा कैरम में सनी जैन विजेता रहे। समापन समारोह में विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र दिये गये।

### गोलमुरी में हुई मॉब लिंचिंग को लेकर शांति समिति के साथ थानेदार ने की बैठक



**जमशेदपुर।** गोलमुरी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक गोलमुरी थाना प्रभारी राजन कुमार की अध्यक्षता में शाम 5 बजे हुई जिसमें महाशिवरात्रि पर चर्चा की गई तथा मॉब-लिंचिग पर सभी ने विचार व्यक्त किये और ऐसी घटनाओं पर शांति समिति द्वारा सहयोग किया जायेगा तथा इसके लिए थाना के क्षेत्र में लोगों को थाना प्रभारी की अध्यक्षता में जागरूक करने का काम किया जायेगा। बैठक में थाना प्रभारी श्री राजन कुमार के अलावा शांति समिति की ओर से मोहम्मद फैयाज, बिपिन झा, सुनील कुमार, परबिंदर सिंह सोहल, इंदरजीत गुहा, जसबीर सिंह, अमिया ओझा, बंटी अग्रवाल, मोहम्मद निजामुद्दीन, सबिता सिंह, गुरदीप सिंह काक्के, मोहम्मद वाहिद बाबला, गुरुमिलन, सुखदेव सिंह मल्ली, राजेश कुमार मिश्रा, रंजीत सिंह, बलबीर सिंह बबलू, सुब्रत चौधरी, अशोक कुमार, रामबालक चौधरी, दलबीर सिंह, कलावती देवी के अलावा थाना के पदाधिकारी भी शामिल थे।

### बागबेड़ा में पानी कनेक्शन देने के नाम पर की जा रही है अवैध वसूली, उपायुक्त से शिकायत



**जमशेदपुर।** बागबेड़ा जलापूर्ति योजना का कनेक्शन देने के नाम पर 10 हजार से 20 हजार रुपये वसूले जा रहे हैं किन्तु लोगों को पावती रसीद नहीं दी जा रही है। इस शिकायत को लेकर आज एक प्रतिनिधिमंडल डीसी अनन्य मित्तल से मिला और शिकायत पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में विनोद कुमार राम, पवित्रा देवी, सूरज ओझा, कृष्ण सिंह, डॉ अनिल मिश्रा शामिल थे। यह भी बताया गया कि विनोद राम को झूठे मुकदमा में फसाने का मुखिया ने धमकी दी है। पवित्रा देवी ने खुलकर विरोध किया और उपायुक्त को लिखित में शिकायत की। उपायुक्त से मिलने जाने वाले में प्रमुख रूप से मंजीत देवी, राखी पांडे, विषम कुमार, मनोज सिंह, प्रमोद शर्मा रीता सिंह एवं काफी संख्या में बस्ती वासी शामिल थे।

### जंगल मेला में पारंपरिक खाद्य सामग्री की प्रदर्शनी

**जादूगोड़ा।** घने जंगलों के बीच बसा पोटका प्रखंड क्षेत्र के हितबासा गांव में आज मंगल को जंगल मेला का आयोजन किया गया। इधर पर्यावरण चेतना केंद्र बड़ा सिकदी निर्देशक सिदेश्वर सरदार, हरीश भूमिज की अगुवाई में आयोजित इस मेला का मकसद राज्य में निर्ममता पूर्वक जंगलों का दोहन के खिलाफ ग्रामीणों के बीच जागृति लाना था ताकि जंगल कैसे बचाया जा सके।

## स्पीड न्यूज

### शबरी का जीवन अनुकरणीय : लवली



**पांकी पलामू।** ग्राम पंचायत करार के नादगाद में सोनरे नदी के पावन तट पर शबरी माता जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व जिप सदस्य सह भाजपा नेत्री लवली गुप्ता ने पूजा अर्चना की। कहा कि माता शबरी का भगवान श्री राम के प्रति प्रेम दुनिया में अमर है। मां शबरी का धैर्य और त्याग हमारे जीवन में अनुकरणीय है। मौके पर शत्रुघ्न सिंह, कपिल भुइयां, धीरज भुइयां, गनौरी भुइयां, विजय भुइयां, अखिलेश कुमार, मीना देवी, संतोष गुप्ता, सरवन रजक, कुंदन भी थे।

### एक्वा लाइफ वाटर प्रतिष्ठान खुला



**विश्रामपुर (पलामू)।** नप मुख्यालय स्थित पांडु रोड में देशी कोल्ड्रिंग एक्वा लाइफ वाटर प्रतिष्ठान का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन जिला उद्योग केंद्र पलामू के महाप्रबंधक राज कुमार पासवान, ग्रामीण बैंक के नये ब्रांच मैनेजर उज्ज्वल कुमार व पूर्व ब्रांच मैनेजर भरत भूषण ने किया। कहा कि यहां के छोटे-छोटे व्यवसायियों को बड़े शहरों में जाने की जरूत नहीं है। अब विश्रामपुर में ही उचित मूल्य पर सभी तरह के कोल्ड्रिंग उपलब्ध होगा। मौके पर सुनेश्वर पाल, नवीन पाल, प्रदीप पाल, अरुण चौहान थे।

### जोड़ में मेला का इतिहास पांच दशक पुराना



**मेदिनीनगर।** सोमवार को सदर प्रखंड के जोड़ स्थित शिव मंदिर प्रांगण में रामचरित मानस नवाह परायण पाठ महायज्ञ का 38वां अधिवेशन के सप्तम दिवस की रात श्री बाबा बैजनाथ आदर्श रामलीला मंडली, जनकपुर मिथिला धाम दरभंगा ने राम लीला का मंचन किया। महाशिवरात्रि पर जोड़ गांव में पांच दशक से मेला लगता आ रहा है। इस बार भी कमेटी मेला की तैयारी पूरी कर ली है। इस बार मेले में चरखा, ब्रेक डांस, नाव के साथ ट्रेन गाड़ी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा।


### केसीसी लोन को लेकर समीक्षा बैठक



**चैनपुर, पलामू।** प्रखंड सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिवनारायण उरांव ने कृषि लोन के संबंध में एक-एक कर कृषि मित्रों के साथ बैठक कर जानकारी ली। बताया कि सभी जरुरतमंद किसान को लाभान्वित करने के लिए सभी किसान मित्र कार्य करे। बैठक में जिलाध्यक्ष पलामू कृषि मित्र संघ बिनोद बैठा, राजेन्द्र यादव, ऋषि चौरसिया, महेंद्र चौरसिया आदि उपस्थित थे।

### मेला को सफल बनाने पर जोरदार चर्चा





**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के सिंगरा कला स्थित शिव मंदिर परिसर में नवयुवक संघ की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष विजय सिंह व संचालन उमाशंकर सिंह ने किया। बैठक में शिव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि पर लगने वाले मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गयी। अध्यक्ष ने बताया कि शिव मंदिर परिसर में पिछले 50 वर्षों से महाशिवरात्रि पर मेला लगता है। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन होता है।

### हुसैनाबाद के अजय बने प्रदेश उपाध्यक्ष




**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल के नहर मोड़ निवासी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय गुप्ता को झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के उपाध्यक्ष मनोनीत किये गये। अजय ने कहा कि संगठन से जोड़कर समाज का विकास मेरी पहली प्रथमिकता होगी। किसी भी समाज को विकसित करने के लिए समाज के लोगों को एक मंच पर आना होगा। संगठन मुझे जो भी जिम्मेवारी देगा उसे ईमानदारी से पूरा करूंगा। उन्हें रामदास साहू, अंबिका गुप्ता, भगवान गुप्ता, सतनारायण गुप्ता, रवि गुप्ता, भोला साव, सीताराम साहू ने बधाई दी है।

### बाल श्रमिक को नियोजित करने वाले प्रतिष्ठानों पर करें कार्रवाई : उपायुक्त



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन अपने कार्यालय वेश्म में श्रम विभाग के बाल श्रम उन्मूलन एवं पुर्नवास हेतू जिला स्तरीय गठित टास्क फोर्स की बैठक की। निर्देश दिया कि जो नियोजक अपने प्रतिष्ठान में 14 वर्ष के कम उम्र के बाल श्रमिक को नियोजित करते हैं, उनपर बाल एवं अल्प वयस्क श्रमिक (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए 20,000-20,000 रुपये प्रति बाल श्रमिक जुर्माना वसूला जाये। बैठक में एसपी रीष्मा रमेशन, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, श्रम अधीक्षक एतवारी महतो, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान आदि उपस्थित थे।

### कौशल विकास के लिए कार्य योजना तैयार कर रोजगार दिलायें : डीडीसी



**मेदिनीनगर।** डीडीसी शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में आज समाहारणालय सभागार में जिला कौशल विकास एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। उन्होंने सभी विभाग को अपने स्तर पर कौशल विकास के लिए कार्य योजना तैयार करने एवं इससे युवक-युवतियों को जोड़कर रोजगार मुहैया कराने का निर्देश दिया। कहा कि अभियान चलाकर जिले के अंतिम व्यक्ति तक जानकारी पहुंचायें। पलामू में उद्योग, होटल, व्यवसाय, मॉल, साहित्य, रोजगार के अन्य साधन हैं। इसे ध्यान में रख लोगों को प्रशिक्षण करवाये। श्रम अधीक्षक-सह-जिला कौशल पदाधिकारी एतवारी महतो ने सभी को श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत झारखंड कौशल विकास विभाग, रांची द्वारा पलामू जिले में संचालित प्रशिक्षण केंद्रों की जानकारी दी।

# विधानसभा सत्र के दूसरे दिन पांकी विधायक ने पांकी विस क्षेत्र संबंधित उठाये कई मामले

- मनातू में अफीम की खेती कराने वाले तस्करों पर यथाशीघ्र करवायें कार्रवाई
- तरहसी प्रखंड के सोनपुरा में बांसगुरू मंदिर को पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाया जाये : डॉ शशिभूषण मेहता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



डॉ शशिभूषण मेहता, विधायक।

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने शून्यकाल में मनातू प्रखंड के पंचायत रंगेया, डुमरी, बंशी खुर्द, चक, नौडीहा व मंझौली तथा तरहसी प्रखंड के पंचायत गोइंदी में अफीम तस्करों के संरक्षण में अफीम की खेती करने की जानकारी दी। विधायक डा मेहता ने कहा कि गोइंदी पंचायत में वनकर्मी, मनातू थाना के पुलिसकर्मी, चौकीदार, पूर्व जिला परिषद, वर्तमान व पूर्व मुखिया, राशन डीलर, कुछ पारा शिक्षकों के द्वारा हजारों एकड़ वनभूमि, गैर मजरूआ भूमि तथा रैयती जमीन पर अफीम की खेती की गई है। अफीम तस्करों के इशारे पर निर्दोष ग्रामीणों को जेल भेजा जा रहा है। वास्तविक तस्करों को संरक्षण दिया जा रहा है। नामजद कई मुख्य आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होंने सरकार से उक्त अफीम तस्करों के संरक्षक पुलिस व वनकर्मियों को अविलंब स्थानांतरित करने व अफीम की खेती में संलिप्त मुख्य दोषियों एवं सफेद पोशों पर कानूनी कार्रवाई करने व निर्दोषों को रिहा करने की मांग की है।

**मुख्य बातें :** विधायक ने पर्यटन, कला संस्कृति खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री से भी कई सवाल किये। कहा कि तरहसी प्रखंड अंतर्गत पंचायत सोनपुरा में स्थित बांसगुरू मंदिर लोक आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है। मकर संक्रांति में हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं व भव्य मेला का आयोजन होता है। इसे आंशिक स्वीकार किया गया। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा उक्त स्थल पर मुलभूत सुविधाओं को विकसित करने से उक्त स्थल महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा।

# पांच नाबालिग अपराधियों ने बालिग होने के बाद कई चोरी-लूट की घटना को दिया अंजाम

- हुसैनाबाद पुलिस ने भीमचुल्हा के पास से पांच अपराधियों को किया गिरफ्तार, देसी पिस्टल देसी कट्टा गोली व अन्य सामान बरामद
- नीरज कुमार है इस ग्रुप का मास्टर माइंड : एसपी रीष्मा रमेसन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला के सदर, हैदरनगर, हुसैनाबाद, चैनपुर, सतबरवा, पाटन थाना क्षेत्रों में नाबालिग अपराधियों ने लूट, चोरी समेत अन्य आपराधिक घटनाओं को पूर्व में अंजाम दिया था। इसमें पांच नाबालिग अपराधी बाल सुधार गृह कारा में बंद थे। जो सभी जेल से छूटने के बाद जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कई आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिये थे।



मामले की जानकारी देतीं पलामू एसपी व अन्य पदाधिकारी।

**क्या बोलीं एसपी :** पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन गंभीरता दिखाते हुए पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया था। इसी दौरान 19 फरवरी को हैदरनगर, मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र में सीएसपी संचालक से एक मोबाईल तथा टीवीएस बाइक लूट ली थी। इसमें एसपी ने हुसैनाबाद एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर कार्रवाई करने को कहा था। इसके तहत एसपी की गुप्त सूचना पर हुसैनाबाद एसडीपीओ ने मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के भीमचुल्हा के समीप पांच अपराधियों को घटना अंजाम देने की योजना बनाते गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से दो देसी पिस्टल, एक देसी कट्टा, तीन गोली, दो बाइक, छह मोबाइल, लूट के 6330 रुपये व अन्य सामान बरामद किया है। एसपी ने प्रेस वार्ता में बताया कि नीरज कुमार पिता छोटू राम ग्राम पोखराहा थाना सदर , अंकु कुमार सिंह पिता कमलेश सिंह ग्राम मोकहर कला थाना हैदरनगर, विशाल चंद्रवंशी पिता मनु राम ग्राम सेमरटांड थाना चैनपुर, सुरज कुमार पिता उमेश राम ग्राम करर कला थाना पाटन, राजन कुमार पासवान पिता मुखलाल मांझी ग्राम सिक्की कला थाना पाटन को मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के भीमचुल्हा के पास छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया है।

आइजी ने विश्रामपुर एसडीपीओ कार्यालय का किया निरीक्षण, दिये कई जरूरी निर्देश

# समय सीमा के अंदर करें सभी लंबित मुकदमों का निपटारा

**खबर मन्त्र संवाददाता**





निरीक्षण के दौरान आवश्यक जानकारी लेते आइजी सुनील भाष्कर व अन्य।

**मेदिनीनगर।** जोनल आइजी सुनील भाष्कर ने मंगलवार को विश्रामपुर पुलिस अनुमंडल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इसके पूर्व उन्हें एसपी कार्यालय परिसर में गार्ड ऑफ आनर दिया गया।

तत्पश्चात आईजी ने कार्यालय का गहनतापूर्वक निरीक्षण करते हुए कार्यालय में कार्यरत पुलिसकर्मियों के ड्रेस से संबंधित जानकारी प्राप्त करते हुए सभी कक्षों का जायजा लिया। उन्होंने एसडीपीओ को निर्देश देते हुए कहा कि लंबित मुकदमों का निपटारा समय सीमा के अंदर करें। साथ ही साथ वारंटी व कुर्की जब्ती पर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कार्यालय के सभी अभिलेखों को अद्यतन करने का निर्देश दिया। आईजी श्री भाष्कर ने एसडीपीओ को निर्देश देते हुए कहा कि अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारी व कांड के अनुसंधानकर्ता को लंबित कांडों का निष्पादन अविलंब करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि विश्रामपुर अनुमंडल क्षेत्र के थानों में दर्ज मुकदमों का अनुसंधान निष्पक्षता पूर्वक समय सीमा के अंदर करते हुए समर्पित करें।

# डीसी के आगमन को ले एसडीएम ने की सभी विभागों की समीक्षा

- अनुमंडल कार्यालय बनेगा, जिला समाहरणालय, कई विभागों के बैठेंगे अधिकारी

**गौतम पटेल**



बैठक में समीक्षा करते एसडीओ व उपस्थि अन्य।

**हुसैनाबाद पलामू।** अपने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत प्रत्येक माह के अंतिम गुरुवार को उपायुक्त पलामू बैठेंगें हुसैनाबाद अनुमण्डल कार्यालय में जिसको लेकर एसडीएम गौरांग महतो ने युद्ध स्तर पर तैयारी की हैं मंगलवार को अनुमण्डल कार्यालय में एसडीएम ने तीनों प्रखंडों के सीओ, बीडीओ, अनुमंडलीय स्वास्थ्य उपाधीक्षक राशन आपूर्ति समेत सभी विभागों की समीक्षा बैठक की। बैठक में संबंधित विभागों से अद्यतन जानकारी ली। मौके पर उन्होंने कहा कि जिले के उपायुक्त सुनेंगे जनता की समस्या, अनुमंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। अलग-अलग प्रखंडों के जनता के विभिन्न विभागों से संबंधित टेबल रहेंगे। पदाधिकारी करेंगे जनता के समस्या का निष्पादन। बैठक में एसडीएम ने सभी अधिकारियों को इसकी पूरी जानकारी एवं जनता के त्वरित कार्यवाही की तैयारी को पूरा करने का निर्देश दिया है। मौके पर हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार, बीडीओ सुनील वर्मा, स्वास्थ्य उपाधीक्षक डॉ बिरेस राम, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज राम व कई अधिकारी उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि पर्व को लेकर सतबरवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सतबरवा।** महाशिवरात्रि त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए मंगलवार को सतबरवा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक की गई जिसमें कहा गया कि यह त्यौहार पवित्रता का पर्व है इसमें खासकर माताएं -बहने ज्यादा रूप से भाग लेती है और भगवान शिव का आराधना करती है।

थाना प्रभारी अंचित कुमार ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया जायेगा। जिसमें मंदिर कमेटी तथा बांके बिहारी मंदिर के संरक्षक के साथ कम से कम पांच लोगों का मोबाइल नंबर चाहिए, किसी भी प्रकार से व्यवधान उत्पन्न होने पर जानकारी कमेटी के लोग देंगे ताकि उसपे तुरंत काबू पाया जा सके। इस दौरान एसआई विश्वनाथ कुमार राणा,एसआई रघुराई कोटराय,एसआई गामा सिंह, एएसआई बसंत दुबे, एएसआई राजीव रंजन, विधायक प्रतिनिधि प्रमोद यादव, मंदिर के संरक्षक राजेश मिश्रा, निर्दोष कुमार बाबा, आशीष कुमार सिन्हा समेत कई लोग मौजूद थे।

## महाशिवरात्रि : क्षेत्र के मेला-पूजा अनुष्ठानों की विधि-व्यवस्था पर चर्चा

- शांतिपूर्वक महाशिवरात्रि मनाने को लेकर थाना परिसर में बैठक
- क्षेत्र में लगने वाली विभिन्न स्थानों पर मेला व पूजा अनुष्ठानों में विधि व्यवस्था लेकर हुई चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** महाशिवरात्रि को लेकर मंगलवार को हुसैनाबाद थाना परिसर में शांति समिति के सदस्यों की बैठक हुई। अध्यक्षता एसडीओ गौरांग महतो ने की। संचालन पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सोनू चौधरी ने किया। बुधवार को महाशिवरात्रि शांतिपूर्ण रूप से मनाने को लेकर चर्चा हुई। साथ ही उपस्थित शांति समिति के सदस्यों से थाना क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजन की जानकारी दी, जिससे सदस्यों द्वारा पर्व के दौरान प्रशासन की ओर से सहयोग की अपेक्षा किया गया। लंगरकोट गांव के समीप मुरली पहाड़ी पर पुजारी त्यागी विनय सिंह पुलिस प्रशासन से पुलिस बल की मांग की। बैठक में जपला आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर कृतिक भींजा ने बताया कि जपला स्टेशन परिसर स्थित आशुतोष धाम से दोपहर एक बजे शिव बारात निकलेगी।

### संत मरियम स्कूल के दो खिलाड़ी नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप के लिए चयनित




**मेदिनीनगर।** जमशेदपुर जे आर डी स्पोर्ट्स कंपलेक्स में झारखंड तीरंदाजी संघ ने स्टेट ट्रायल का आयोजन किया, जिसमें पलामू जिला तीरंदाजी संघ के 5 खिलाड़ियों ने अपने जौहर दिखाये। जिसमें प्रीतम राज और विशाल कुमार का चयन 14 मिनी नेशनल चैंपियनशिप के लिए किया गया। यह गुंटूर, आंध्र प्रदेश में 20 से 25 मार्च तक होगा। चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि पलामू जैसे सुदूरवर्ती जिले के लिए यह गर्व की बात है।

### प्रखंड को-ऑर्डिनेटर नदारद, कुर्सी राह जोह रहीं



**चैनपुर, पलामू (प्रेमरंजन तिवारी)।** प्रखंड पंचायती राज विभाग के कॉर्डिनेटर अपने कार्यालय में ससमय उपस्थित नहीं रहते हैं। उनका आने व जाने का समय निर्धारित नहीं है, जिससे जनप्रतिनिधि व ग्रामीण प्रतिदिन इंतजार कर थक हारकर फोन लगाते हैं। लेकिन वे कॉल भी नहीं उठाते हैं। उपायुक्त शशि रंजन ने प्रखंड व अंचल अधिकारी व कर्मियों को निर्देश दिया है कि ससमय ब्लॉक कार्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य हैं। वहीं निर्देशों की अवेलहना करते हुए प्रखंड पंचायती राज को-ऑर्डिनेटर अपने कार्यालय से कुर्सी छोड़कर नदारद रहते हैं। पंसस मुन्ना पाल ने कहा कि ससमय कार्यालय में उपस्थित नहीं रहने से ग्रामीण जनता परेशान हैं। प्रखंड को-ऑर्डिनेटर अमित चौबे ने कहा कि ऑफिस के काम से कार्यालय के काम से पंचायत में हैं। बीडीओ प्रदीप दास ने कहा कि प्रखंड को-ऑर्डिनेटर को ससमय कार्यालय में उपस्थित रहना है। कार्यालय से नदारद हैं, ऐसी जानकारी मिली है, तो जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

### पलामू के डॉ प्रवेश दुबे को मिला झारखंड सेवा सम्मान 2025 का पुरस्कार



**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ रांची ने 23 फरवरी को खूंटी रांची में महिला हाई स्कूल के पास ऑडिटोरियम में आयोजित झारखंड सांस्कृतिक महोत्सव 2025 का उद्घाटन खूंटी विधायक रामसूरत मुंडा, सीआरपीएफ कमांडेंट अनजान कुमार, डॉ रमन झा, वरिष्ठ अधिवक्ता आशुतोष भगत, बैंक प्रबंधक अन्नत कुमार, कार्यक्रम अध्यक्ष तपन कुमार घोष, मार्शल बारला समेत गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में गणमान्य पदाधिकारियों ने प्रवेश दुबे को कला संस्कृति के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए झारखंड सेवा सम्मान 2025 से विभूषित किया।

## पुलिस पर हमला करनेवाले किसी कीमत पर बख्शे नहीं जायेंगे : एसपी

- पाटन के साकनपीढ़ी में प्रशिक्षु डीएसपी व अन्य पर हमला करनेवाले दो गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर/ पाटन।** पाटन थाना क्षेत्र के साकनपीढ़ी नहर के पास से अवैध बालू ढोने वालों के विरूद्ध पुलिस 24 फरवरी को अहले सुबह कार्रवाई कर रही थी। इसी बीच कुछ लोगों ने प्रशिक्षु सदर एसडीपीओ राजेश यादव, पाटन थाना प्रभारी लालजी तथा अन्य पुलिसकर्मियों पर हमला कर दिया था। इसमें पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल भिखारी सिंह पिता स्व प्रसाद सिंह ग्राम साकनपीढ़ी तथा ट्रैक्टर चालक विवेक पांडेय पिता विंध्याचल पांडेय ग्राम कारीहार दोनों पाटन थाना को गिरफ्तार किया गया। जबकि इसमें अन्य पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने बताया कि 24 फरवरी को प्रशिक्षु एसडीपीओ डालटनगंज से नावा जयपुर थाना की ओर जा रहे थे तभी रास्ते में पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम साकनपीढ़ी में बिना नंबर प्लेट का बालू लदा ट्रैक्टर को परिवहन करते पाया।

### हाउसिंग कॉलोनी में होंगे कई कार्यक्रम

**मेदिनीनगर।** महाशिवरात्रि के पावन बेला में हाउसिंग कॉलोनी के प्रांगण में 24 घंटे का अखंड संकीर्तन, हवन एवं 5000 से अत्यधिक शिव शिष्यों का भव्य भंडारा रखा गया है। इसकी जानकारी शिव शिष्य परिवार इकाई पलामू के अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने दी।

### जिप सदस्य संग्राम सिंह ने किया जलयात्रा का शुभारंभ

**पाटन पलामू।** प्रखंड के टंडवा शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में आचार्य गोविंदाचार्य जी के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित पाटन पश्चिमी जिला परिषद संग्राम सिंह ने सभी भक्तों को कलश देकर यात्रा का शुभारंभ किया। मौके पर संग्राम सिंह ने कहा कि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर श्रद्धालुओं में हर्ष व्याप्त है।

## फूड इंस्पेक्टर ने प्रतिबंधित सिगरेट गुटखा व पान मसाला के खिलाफ की छापामारी

- तीन दुकानदारों का चालान काटकर वसूला जुर्माना, कई दुकानदारों को दी हिदायत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** फूड इंस्पेक्टर गुलाब लकड़ा ने अपनी टीम के साथ विश्रामपुर नप मुख्यालय में मंगलवार को सिगरेट, गुटखा व पान मसाला के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान तीन दुकानों से गुटका- सिगरेट जब्त किया। इसके अलावा चालान काट कर जुर्माना वसूला। वहीं कई दुकानदारों को प्रतिबंधित सिगरेट, गुटखा व पान मसाला नहीं बेचने की चेतावनी देकर छोड़ दिया। बताते चलें कि झारखंड सरकार ने सिगरेट, गुटखा व पान मसाला पर एक वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया है। फूड इंसपेक्टर गुलाब लकड़ा ने बताया कि छापामारी के दौरान तीनों दुकानदारों का चालान काट उनपर सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद कोटपा अधिनियम 2003 के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की।

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर सदर थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

# सरकार के गाइड लाइन के तहत मनायें पर्व: थाना प्रभारी उत्तम राय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में सदर थाना प्रभारी, एससी एसटी प्रभारी व समिति के लोग।

**मेदिनीनगर।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर सदर थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय की अध्यक्षता में सदर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक का संचालन प्रेम प्रकाश ठाकुर ने किया। बैठक में एससी एसटी प्रभारी नारायण सोरेन, एसआई रंजीत कुमार, एएसआई अरबिंद गुप्ता, एएसआई चंद्रशेखर दूबे, सुआ कौड़िया रामनवमी पूजा समिति के जेनरल अध्यक्ष टाइगर कुमार, पंसस अजीत सिंह, झरिवा शिव मंदिर के कोषाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद साव, उपाध्या सिंह, नगर निगम के वार्ड पार्षद इंद्रदेव राम, रबिंद्र सिंह, सुरेंद्र तिवारी, मुकेश तिवारी , समेत काफी संख्या में लोग शामिल थे। बैठक में लोगों ने सदर थाना प्रभारी को समस्या से अवगत कराया। बैठक में लोगों ने कहा कि सदर थाना क्षेत्र के जोड़, सिंगरा समेत कई जगहों पर महाशिवरात्रि पर मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रम होता है। इन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग की। झरिवा आहर शिव मंदिर के कोषाध्यक्ष सुरेंद्र साव ने कहा कि शिवरात्रि को लेकर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने थाना प्रभारी से अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की। सदर थाना प्रभारी उत्तम राय ने कहा कि महाशिवरात्रि को लेकर पुलिस हर चौक चौराहे व सोशल मीडिया पर पैनी नगर रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकारी गाईड लाईन के तहत पर्व को मनायें। हर समय पुलिस गश्ती करती रहेगी। कहा कि गलत अफवाह फैलाने वाले व सोशल मीडिया पर गलत मैसेज करनेवालों समेत असमाजिक तत्वों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। बैठक में कई लोगों ने अपने क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया।

# दूसरे परीक्षार्थी के बदले मैट्रिक की परीक्षा देते पकड़ा गया छात्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गिरफ्तार मुन्नाभाई ललेंद्र कुमार।

**सतबरवा।** बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल कॉलेज में मंगलवार को किसी दूसरे छात्र के नाम पर मैट्रिक के सामाजिक विज्ञान की परीक्षा दे रहा छात्र पकड़ा गया है। उड़नदस्ता कृष्ण मुरारी तिर्की ने पुष्टि करते हुए बताया कि बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल कॉलेज में दूसरे के नाम पर परीक्षा दे रहे एक छात्रा को पकड़ा गया है। पकड़े गये छात्र की पहचान स्तरोन्नत उवि सोहडीखास के छात्र नॉलेज यादव पिता प्रेमचंद यादव है। जिसका रोल नंबर 59 और रौल कोड संख्या 31135 है। स्ट्रैटेजिक मजिस्ट्रेट राजीव रंजन कुमार, एएसआई सुख सागर सिंह और पुलिस बल के जवानों ने वीक्षक के पहचान पर मुन्ना भाई की तर्ज पर परीक्षा दे रहे फर्जी छात्र को हिरासत में ले लिया है। वीक्षक रीना कुमारी ने बताया कि गहन जांच के दौरान छात्र को पकड़ा गया। कॉलेज प्रभारी अजय प्रसाद छात्र के पकड़े जाने के समय मौजूद थे। रीना के गहन जांच के दौरान दूसरे के नाम पर परीक्षा दे रहा छात्र पकड़ा गया। उसे पूछताछ के लिए पुलिस को सौंप दिया गया। पकड़ा गया ललेंद्र कुमार ने बताया कि 18 फरवरी से मैट्रिक के परीक्षा में नॉलेज के नाम पर परीक्षा दे रहे थे। अभी तक तीन विषय की परीक्षा दे चुके हैं, चौथी परीक्षा में पकड़े गये। ललेंद्र बलवंत कॉलेज में ही 11 वीं साइंस विषय का स्टूडेंट है।

# एसकेएमयू कुलपति ने शिक्षक डॉ अनिल के लिखित पांच पुस्तकों का किया विमोचन

खबर मन्त्र संवाददाता



पुस्तक का विमोचन करते कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह व अन्य।

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने डॉ अनिल कुमार द्वारा लिखित पांच पुस्तकों का विमोचन सोमवार को किया। उल्लेखनीय है कि डॉ अनिल कुमार साहिबगंज कॉलेज साहिबगंज के रसायनशास्त्र विभाग में कार्यरत हैं।

जिन पांच पुस्तकों का विमोचन हुआ है। उनमें मास्टरिंग केमिस्ट्रीः ए कॉम्प्रिहेंसिव अप्रोच, नाइनटेल्स पब्लिशिंग, एनवायरमेंटल साइंस, जेईसी पब्लिकेशन, ए टेक्स्टबुक ऑफ ग्रीन केमिस्ट्री, एकेडमिक गुरु पब्लिशिंग हाउस, एडवांस इन केमिस्ट्री रिसर्च, साइंटिफिक इंटरनेशनल पब्लिशिंग हाउस, ए टेक्स्टबुक ऑफ इनऑर्गेनिक पॉलीमर केमिस्ट्री, एकेडमिक गुरु पब्लिशिंग हाउस शामिल हैं। इस अवसर पर कुलपति प्रो सिंह ने लेखक डॉ अनिल कुमार को बधाई देते हुए उन्हें अपने शोध कार्य में और अधिक लगन के साथ कार्य करते रहने का सलाह दिया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ राजीव कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह, डॉ इंद्रनील मंडल, डॉ संजय कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

### तीन छात्राओं ने नेट परीक्षा में पायी सफलता

सिदो कान्हू मुर्मू विवि के स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग की कुल तीन छात्राओं ने इस बार यूजीसी नेट की परीक्षा में सफलता हासिल की है। जबकि अन्य दो ने पीएचडी नामांकन के श्रेणी से नेट पास किया है। यूजीसी नेट प्रिया रश्मि मरांडी ने पास किया है। प्रिया स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग की सत्र-2022-24 की छात्रा है। पीएचडी पास करने वाली छात्राओं के नाम नेहा प्रवीण और सुषमा हेंब्रम हैं। दोनों वर्तमान में पीजी कॉमर्स विभाग की सेमेस्टर-3 की छात्रा हैं।

# बोकारो संगीत कला अकादमी में शास्त्रीय संगीत संध्या आयोजित

>> सुरमणि सम्मान मिथिला रत्न सम्मान संगीत शिरोमणि सहित कई सम्मानों से विभूषित पं राणा झा ने राग पुरिया धनाश्री में सुमधुर शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति दी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो संगीत कला अकादमी में शास्त्रीय संगीत संध्या का आयोजन किया गया। सुरमणि सम्मान मिथिला रत्न सम्मान संगीत शिरोमणि सहित कई सम्मानों से विभूषित पं राणा झा ने राग पुरिया धनाश्री में सुमधुर शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करने के बाद नानक के भजन जगत में झूठी देखी प्रीत व ब्रह्मानन्द के भजन जिसको नहीं है बोध गुरु ज्ञान क्या करे... की भावपूर्ण प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनके साथ तबले पर डॉ राकेश रंजन व तानपूरे पर संहिता भट्टाचार्य व गौरी झा ने संगति की। कार्यक्रम की शुरूआत गायिका गौरी झा के गायन से हुई। गौरी ने राग कलावती सुनाकर सबको वाहवाही ली। इनके साथ तबले पर अमित सरकार ने संगति की। तत्पश्चात गायक विभु शंकर मिश्र ने राग यमन में छोटा ख्याल अब कौन रिझाबल जाए रे... की कर्णप्रिय प्रस्तुति से सबको आनंदित किया। इनके साथ तबले पर डॉ राकेश रंजन व हारमोनियम पर हरेकनाथ गोस्वामी ने संगति की। पं राणा झा ने कहा कि संगीत में रियाज का काफी महत्त्व है। प्रारंभ में कलाकारों का स्वागत अकादमी के प्रशासक अरुण कुमार सिन्हा ने किया। कार्यक्रम का संचालन संगीतज्ञ प्रसेनजीत शर्मा व अंत में धन्यवाद ज्ञापन अरुण पाठक ने किया। मौके पर सेल के सीजीएम अनिमेष कुमार झा संगीतज्ञ पं श्याम गोस्वामी हीरा देवी शारदा झा महाकांत झा समरेंद्र झा सीमा झा संगीता कुमारी प्रमोद भगत आदि संगीत प्रेमी व श्रोता उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बोकारो : पूर्व विधायक ने किया 500 एमटी गोदाम भवन का शिलान्यास



बोकारो/कसमार। मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो की धर्मपत्नी सह पूर्व विधायक बबीता देवी ने कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के 500 एमटी गोदाम व मार्केटिंग भवन का शिलान्यास किया। जिसका निर्माण समेकित सहकारी विकास परियोजना रांची कोषांग के द्वारा किया जायेगा। इस दौरान पूर्व विधायक बबीता देवी ने कहा कि अब किसानों से धान अधिप्राप्ति करने के बाद पैक्स को भंडारण करने में असुविधा नहीं होगी बल्कि क्रय किये धान का सुरक्षित भंडारण हो सकेगा। उन्होंने कहा कि गोदाम के निर्माण से पैक्स को सुविधा होगी। इस गोदाम निर्माण कार्य के संवेदक को चेतावनी देते हुए कहा कि कार्य में गड़बड़ी होने पर नपे जाओगे। इस दौरान प्रमुख नियोति कुमारी बीडीओ नम्रता जोशी 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेंब्रम सहायक निबंधक बैरमो उपेंद्र यादव बीसीओ राणा रमेश नागेश्वर चौधरी पैक्स अध्यक्ष अखिलेश्वर महतो बिनोद बिहारी महतो मिथिलेश कुमार महतो हराधन ठाकुर श्याम लाल टुडू संजू देवी देव शरण महतो बिरसाय महतो जयपाल महतो रिंकू देवी आसमा बीबी आदि मौजूद थे।

### डीपीएस बोकारो में वित्तीय साक्षरता के विषय पर जागरूकता कार्यशाला



बोकारो। डीपीएस बोकारो में युवा पीढ़ी की जागरूकता के निमित्त शिक्षाविदों को वित्तीय साक्षरता के मूलभूत सिद्धांतों पर सशक्त बनाने के उद्देश्य से वित्तीय साक्षरता विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस सत्र में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के प्रोडक्ट स्पेशलिस्ट भास्कर वर्मा और वित्तीय सलाहकार जेके सिन्हा ने सभी को वित्तीय जागरूकता एवं सुरक्षित भविष्य के लिए धनराशि के समुचित प्रबंधन की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने सुरक्षित भविष्य के लिए वर्तमान परिदृश्य में व्यवस्थित निवेश पर जोर दिया। उन्होंने दैनिक वित्तीय योजना और लेन-देन स्टॉक मार्केट म्यूचुअल फंड बीमा निवेश और बैंकिंग के कुछ प्रमुख पहलुओं पर प्रकाश डाला। वर्मा ने कहा कि निवेश किया गया आपका पैसा वास्तव में आपके लिए काम करता है और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करता है। उपस्थित शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मियों को उन्होंने बचत की महत्ता इसके फायदे समय के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था में आए बदलाव महंगाई के विभिन्न कारकों पैसिव इनकम लिक्विडिटी शेयर मार्केटिंग आदि पहलुओं की भी विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों द्वारा प्रश्नों का उत्तर दिए जाने के साथ ही इस इंटरैक्टिव सेशन का समापन हुआ। विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने वित्तीय मामलों की अद्यतन जानकारी की दिशा में उक्त कार्यशाला को महत्वपूर्ण बताया।

### चंद्रपुरा में होगा मेगा विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

बोकारो। झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला प्रशासन बोकारो एवं डालसा द्वारा 1 मार्च को जिले के चंद्रपुरा स्थित डीवीसी प्लस टू हाई स्कूल मैदान में राज्य स्तरीय मेगा विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन होगा। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर समाहरणालय सभागार में डीआरडीए निदेशक मेनका ने शिविर की तैयारियों को लेकर बैठक की। बैठक में अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी डीटीओ वंदना सेजवलकर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता जिला कल्याण पदाधिकारी जिला मत्स्य पदाधिकारी जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार मनी जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार सहित जिले के अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में निदेशक डीआरडीए ने शिविर में सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लोगों को लाभ सुनिश्चित कराने को कहा। उन्होंने सभी विभागों को स्टॉल लगाने का निर्देश दिया। इसके लिए अपने कार्यों दायित्वों को ससमय निष्पादन करने एवं लाभुकों की विवरणी तैयार कर समर्पित करने को कहा।

### कोटपा-2003 के तहत सेक्टर-4 एवं गोमिया में चलाया गया छापामारी अभियान

**बेरमो।** डॉ अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन सह अभिहित पदाधिकारी बोकारो के निर्देशन में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी बोकारो एवं जिला परामर्शी बोकारो के द्वारा विशेष जांच अभियान सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के कुल 57 दुकानों की जांच की गई जिसमें 9 दुकानों/ व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 1970 रुपए की वसूली की गई। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी बोकारो द्वारा सभी दुकानदारों को सुझाव दिया गया कि तम्बाकू उत्पाद की बिक्री न करें। स्कूल के 100 यार्ड के अन्दर आने वाले दुकानदार अपने दुकानों में तम्बाकू का उत्पाद न रखें। दुकानदार अपने दुकानों पर सिगरेट के विज्ञापन वाला पोस्टर लगाकर प्रचार प्रसार न करें अन्यथा कोटपा-2003 की धारा 5 के तहत कार्रवाई की जायेगी। इसके अलावा डॉ बलराम मुखी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी गोमियां एवं प्रखण्ड लेखा प्रबन्धक गौतम कुमार के साथं गोमिया थाना प्रभारी के सहयोग से भी छापामारी की गई। इस अवसर पर खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी डॉ अमरिता श्वेता लकडा, छापामारी दल के सदस्य मो असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम व सेक्टर 4 थाना के छापामारी दल उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### यूजीसी नेट परीक्षा में अपूर्वा मिश्रा ने देश में 5वां स्थान हासिल किया



बेरमो/कथारा। यूजीसी नेट की परीक्षा में अपूर्वा मिश्रा ने देश में 5वां स्थान हासिल की है। अपूर्वा को 99.916 प्रतिशत अंक हासिल हुआ है। अपूर्वा ने रांची में स्थित बीआईटी मिश्रा से एमबीए की डिग्री ग्रहण करने का कार्य की हैं। अपूर्व का विषय श्रम कल्याण/कार्मिक प्रबंधन/औद्योगिक संबंध/श्रम और सामाजिक कल्याण/मानव संसाधन प्रबंधन था। इस परिणाम से अपूर्वा अब जेआरएफ और सहायक प्रोफेसर के लिए परीक्षा देने के लिए अधिकृत हो गयी है। अपूर्व के इस उपलब्धि से उसके माता-पिता उषा मिश्रा और केके मिश्रा काफी प्रफुल्लित नजर आ रहे हैं। अपूर्वा के पिता केके मिश्रा सीसीएल कथारा के पूर्व महाप्रबंधक और सीएमपीडीआई के पूर्व निदेशक रह चुके हैं। पिता श्रीमिश्रा ने इस परिणाम फल की जानकारी देते कहा कि अपूर्व शुरू से ही शिक्षा को लेकर काफी मेघावी रही है।

### बेरमो थाना स्थित श्री शिव मंदिर मे अखंड हरि कीर्तन का आयोजन



बेरमो।बेरमो पुलिस की ओर से थाना परिसर स्थित श्री श्री शिवशंकर मंदिर के प्रांगण में 24 घंटे का अखंड हरि किर्तन का आयोजन किया गया। अखंड हरिकीर्तन के पूर्व शिव मंदिर में पूजा अर्चना किया गया। हरे रामा, हरे हरे, हरे कृष्णा, हर हर महादेव, सीता राम के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजयमान हो गया। गायक केदार सिंह, कौशल अलबेला, सुमंत अलबेला आदि के मंत्रोचार के साथ पूरा क्षेत्र गुंजयमान हो रहा है। वही मंगलवार को अखंड हरिकीर्तन का समापन हवन और भंडारे के साथ किया जायगा। अखंड हरि किर्तन को सफल बनाने में बेरमो थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, महिला थाना प्रभारी सुमन कुमारी थाना के एएसआई सहित पुलिस के सभी सदस्य योगदान दे रहे है।

### वाहन जांच अभियान में डीटीओ ने वसूला 3.50 लाख जुर्माना

बोकारो। राष्ट्रीय राजमार्ग 23 पर बालीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत बालीडीह टॉल प्लाजा पर परिवहन विभाग द्वारा चलाए गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान 15 वाहनों से तीन लाख पच्चास हजार का जूमार्ना वसूल किया गया। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर द्वारा जांच अभियान चलाकर कुल 15 वाहन से उक्त राशि बतौर जुमार्ना वसूला गया।

### सेवानिवृत न्यायालय कर्मियों ने की बैठक

दुमका। व्यवहार न्यायालय के सेवानिवृत कर्मचारियों की बैठक मंगलवार को कोर्ट परिसर के समीप एक निजी होटल में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व लेखापाल जगन्नाथ झा ने किया। बैठक कर सेवानिवृत कर्मियों का समिति का गठन किया गया। समिति संयोजक अब्दुल कलीम खां एवं सचिव नन्द दुलाल चौधरी को मनोनित किया गया। उपरोक्त पदाधिकारियों को आगामी बैठक आहूत करने एवं समिति विस्तार का दायित्व दिया गया। बैठक में गणेश प्रसाद सिंह, उदयकांत मिश्र, जमाल अंजुम, केदार पाठक, सुशील हांसदा, केदारनाथ सिंह, मनोजरंजन प्रसाद, अशोक चालक, मो जमाल, दुर्गा प्रसाद, बबीता गोराई, अफजल, मेनासी सोरेन, मो खलीफ आदि मौजूद थे।

# बेरमो : जारंगडीह लोकल सेल में दबंगों के खिलाफ बेरोजगारों ने खोला मोर्चा

जारंगडीह बत्तीघर के समीप खेतको के सैकड़ो बेरोजगारो ने की आंदोलन की घोषणा

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** बोकारो जिला के सीसीएल कथारा क्षेत्र का जारंगडीह रोड सेल का मामला थमने के बजाय धीरे-धीरे और सुलगता जा रहा है। कारण केवल कोयला लोकल सेल में हिस्सेदारी के सवाल को लेकर स्थानीय बेरोजगारों द्वारा तथाकथित सेल कमिटी के खिलाफ मोचाबंदी बताया जा रहा है। ज्ञात हो कि बीते दिनों जारंगडीह कोयला लोकल सेल उठाव मामले को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना के बाद खेतको के ग्रामीण युवा सेल में भागीदारी को लेकर मोर्चा खोल दिया है। इसे लेकर 24 फरवरी को खेतको के वैसे बेरोजगार युवा जिन्हें सेल कमेटी द्वारा दरकिनार कर दिया गया है, ने जारंगडीह बत्ती घर के सामने बैठक की। बैठक में उपस्थित क्षेत्र के युवाओं द्वारा एक मत से सेल में उचित भागीदारी नहीं मिलने पर जारंगडीह रोड सेल को बंद करने की बातें कही। इस अवसर पर पेटरवार प्रखंड के खेतको निवासी मो परवेज उर्फ राजू ने बताया कि उनके गांव के कुछ सफेदपोस जो आज अकूत संपत्ति के मालिक बन बैठे हैं द्वारा गांव के सैकड़ो बेरोजगार युवाओं के हकमरी में लगे हैं। वे सीसीएल प्रबंधन तथा स्थानीय प्रशासन को यह बताना चाहते हैं कि प्रबंधन यदि बेरोजगार युवाओं के हित में फैसला नहीं लेती है तो वैसी स्थिति में प्रबंधन सेल बंद करें, अन्यथा किसी भी दिन अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। निवासी मंजूर आलम ने कहा कि झारखंड सरकार के नियम अनुसार प्रभावित क्षेत्र के 75 प्रतिशत स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराना है। इसे लेकर ही जारंगडीह में रोड सेल चल रहा है, जिसमें तथाकथित सफेदपोस आपस में बंदरबांट कर बेरोजगार युवाओं के हक का लाखों करोड़ों हड़प कर आज आलीशान घरों के स्वामी बने हुए हैं। मो. मुंतसिर अंसारी तथा सरमद अंसारी ने खुलासा करते हुए कहा कि उनके गांव के पूर्व मुखिया मो सब्बीर, सदर सेक्रेटरी तनवीर अंसारी, मो मुख्तार सहित मात्र 15 लोगों के बीच पैसे की बंदर बांट की जाती है, जिससे गांव के 900 से अधिक युवाओं की हकमरी की जा रही है। जिसे हम बेरोजगार युवा किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस मौके पर परवेज आलम उर्फ राजू, मंजूर आलम, अजमत अंसारी, मो शहीद रजा, फिरोज अंसारी, मन्नान, सरमद, साहिल, अशरफ, इरफान, मो शमशेर, मीना बाजार के अलावे सैकड़ो बेरोजगार युवक उपस्थित थे। इस संबंध में खेतको के पूर्व मुखिया सह पेटरवार प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष शब्बीर अंसारी ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों ने उनके गांव का माहौल खराब कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व के एक गाड़ी की वसूली की राशि कुल नौ लाख 71 हजार रुपये जो कर्बला निर्माण ० मरम्मति के नाम से लिया गया था। उसका हिसाब देने में राजू और शाहीन द्वारा आनाकानी की गयी। उनके द्वारा बताया गया कि दो सौ गांव के बेरोजगारों के बीच उक्त राशि बांट दी गयी है। उसका भी लिस्ट उपरोक्त द्वारा नहीं प्रस्तुत कर जारंगडीह सेल का माहौल बिगाड़ने में लगे है। उन्होंने बताया कि इसे लेकर बीते दिनों जारंगडीह सेल में मारपीट की घटना के बाद बीते 23 फरवरी को प्रशासन की उपस्थिति में कथारा गेस्ट हाउस में बैठक कर मामला सुलझाने की कोशिश की गयी। बावजूद इसके कुछ तथाकथित मामला सुलझाने के पक्ष में नहीं दिख रहे है।

# हाइवा कोयलांचल ऑनर एसो. के सदस्य बेरमो विधायक से मिले



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** हाईवा कोयलांचल ऑनर एसोसिएशन बेरमो के पदाधिकारी और सदस्य बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह से रांची स्थित उनके आवासीय कार्यालय में जाकर मिले। कारो और खास महल से टढछ की ट्रांसपोटिंग मे निरसा की हाइवा चलती है। ट्रांसपोर्टर के द्वारा बेरमो की हाइवा मालिक को भाड़ा नही देती है। हाईवा कोयलांचल ऑनर एसोसिएशन बेरमो के संरक्षक सह बेरमो विधायक ने कहा कि ट्रांसपोर्टर को बेरमो के लोगो को भी सही भाड़ा देना होगा, अन्यथा ट्रांसपोर्टर का अनिश्चितकालीन काम बंद रहेगा। मौके पर अध्यक्ष गुलश्वर महतो, उपाध्यक्ष मुन्ना कुमार, महासचिव अंसू राय, संगठन मंत्री यूसुफ अंसारी, कोषाध्यक्ष अरुण कुमार साह, कोषाध्यक्ष आजाद बाउरी, सहित महेंद्र महतो, प्रदीप ठाकुर, सुनील गुप्ता, विनय गिरी, राजू, कपिल, महावीर महतो, संजय बरनवाल आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

# शिवरात्रि में बाबा भोलेनाथ की फौजदारी दरबार बासुकीनाथ में निकलेगी भव्य बारात, तैयारियां पूरी

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** बासुकीनाथ मंदिर परिसर स्थित सभागार में अधिकारियों की समीक्षात्मक बैठक शिवरात्रि को तैयारियों को लेकर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने की। बैठक में डीसी ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बासुकीनाथ पहुचेंगे। श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना में कठिनाई नहीं हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। रुट लाइन पर विशेष नजर रखी जाये। साथ ही भीड़ एकत्रित नहीं हो इसे सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि मेडिकल टीम उपस्थित रहेंगे एवं विपरीत परिस्थितियों को लेकर अलर्ट मोड में रहेंगे। अग्नि शमन वाहन भी अलर्ट मोड में रहे। उन्होंने कहा कि पर्याप्त रौशनी की व्यवस्था बैकअप के साथ रुट लाइन में रहे इसे सुनिश्चित करें। कहा कि साज सज्जा एवं विधुत साज सज्जा को लेकर की गईं व्यवस्था की जांच बेहतर ढंग से कर लें। डीसी ने कहा कि बारात के दौरान किसी प्रकार के विधि व्यवस्था की स्थिति उतपन्न नहीं हो इसका ध्यान रखा जाये। बैठक में जिला प्रशासन के अधिकारी एवं पंडा समाज के लोग उपस्थित थे।

### बाबा बासुकीनाथ को चढ़ाया गया लावा कासा



महाशिवरात्रि के पूर्व संध्या पर मंडप पूजन एवं काशा लावा भुजने की धार्मिक रस्मों की परंपरा निभाई गई। इस धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम में मुख्य विदकरी शोखी कुंवर अपने परिवार संग लावा कासा भुजने का पुनीत कार्य किया। सम्पूर्ण धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम के दौरान एसडीएम कौशल किशोर एवं सपत्नी यजमान बने। बीडीओ सह मंदिर प्रभारी कुंदन भगत मौजूद रहे। अनुष्ठान के समापन पर पुरे विधि-विधान के साथ पवित्र कासा और लावा को महादेव और पार्वती को चढ़ाया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कासा और लावा मुख्य विदकरी शोखी कुंवर के घर से लाने की पौराणिक परंपरा रही है। जिसे शिव और पार्वती को विधिपूर्वक समर्पित किया जाता है। मौके पर पंडा धर्म रक्षिणी सभा के अध्यक्ष मनोज पंडा, कुंदन झा, सारंग बाबा, दामोदर पंडा, मंदिर प्रबंधक सुभाष राव, मदन झा व भक्ति मौजूद थे।

# भागा बांध स्थित जी एम आर पब्लिक स्कूल का वार्षिक महोत्सव संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** चास प्रखंड के भागा बांध स्थित जीएमआर पब्लिक में काफी धूम धाम से वार्षिक समारोह मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि डुमरी विधायक टाइगर जयराम कुमार महतो ने कहा कि शिक्षा ही हर क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाती है और विकास में चार चांद लगाती है। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने एकांकी डांस लघु नाटक आदि प्रस्तुत करके सभी का मन मोह लिया। सभी ने बच्चों के प्रस्तुति की सराहना की। स्कूल के सचिव मृत्युंजय महतो ने कहा कि हम अपने कोशिश से शहर की शिक्षा को इस आदिवासी बहुल क्षेत्र में लाने के लिए कृतसंकल्प है। हमारे स्कूल में बीपीएल परिवार के बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जाती है। मौके पर स्कूल की प्राचार्या यमुना कुमारी ने कहा कि इस आदिवासी गांव के विकास में ही हमारा विकास होगी। किसी भी परिवार या समाज के विकास के लिये सबसे पहले शिक्षा का विकास होना सबसे जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन विद्या सागर महतो संजय कुमार और अशोक सिंह चौधरी ने किया।

मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अर्जुन रजवार उषा देवी पनेश्वर कुमार सरोज कुमारी दीपक रवानी लक्खी कटियार जेकेएलएम की नेत्री पूजा कुमारी स्कूल के शिक्षक विद्यार्थी व अभिभावक सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# बेरमो : एनएसएस स्वयंसेवक राज्यपाल के हाथों सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** राजभवन में मंगलवार को एन एस एस स्वयं सेवक सुमीत कुमार सिंह को महामहिम राज्यपाल झारखंड संतोष गंगवार ने प्रमाण पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सुमीत कुमार सिंह का चयन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा विशिष्ट अतिथि गणतंत्र दिवस समारोह नयी दिल्ली के लिए हुआ था। एन एस एस स्वयं सेवक के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते आ रहे हैं। के बी कॉलेज बेरमो के प्राचार्य लक्ष्मी नारायण, प्रो इंचार्ज प्रो गोपाल प्रजापति, कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रभाकर कुमार, डॉ अरुण कुमार रॉय महतो, रविंद्र कुमार दास, सदन राम आदि कॉलेज परिवार ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। पूरा बेरमो का नाम इन्होंने ऊंचा किया है। विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विवि धनबाद के लिए गर्व की बात है।

## पेज एक का शेष

### बालू और पेपर...

इसके बाद स्पीकर ने अल्पसूचित प्रश्न, तारांकित प्रश्न, शून्यकाल एवं ध्यानाकर्षन भी आराम से चलाया। विधायक सुखराम उरांव के सवाल पर उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि चक्रधरपुर के जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के भवन का डीपीआर तैयार हो रहा है। इसकी प्रशासनिक स्वीकृति की कार्रवाई की जा रही है। कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह के सवाल पर जवाब देते हुए उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि लातेहार के बरवाडीह प्रखंड में डिग्री कॉलेज के लिये जल्द ही नीतिगत निर्णय लिया जायेगा। भाजपा विधायक रागिनी सिंह ने माडा को लेकर सवाल पूछा। जवाब में मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि झरिया में माडा शुद्ध पेयजल की आपूर्ति कर रहा है। 54 एंमएलडी से ज्यादा पानी दिया जा रहा है। विधायक मंजू देवी के गिरिडीह में मध्य विद्यालय के उत्क्रमित किये जाने के सवाल पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि उत्क्रमित करने के लिये अर्हताओं को देखा जाता है।

### 1984 दंगे में ...

दंगों में, देश के विभिन्न हिस्सों में हजारों सिखों की निर्दयतापूर्वक हत्या कर दी गयी उनके घरों और दुकानों को जला दिया गया और उनके सामान लूट लिये गये। इसी दौरान दिल्ली के राज नगर निवासी एस. जसवंत सिंह और उनके बेटे एस. तरुणदीप सिंह की हजारों लोगों की एक अनियंत्रित भीड़ ने हत्या कर दी थी। अभियोजन पक्ष का कहना है कि आरोपी सज्जन कुमार भीड़ का नेतृत्व कर रहे थे और उनके उकसावे पर ही भीड़ ने जसवंत सिंह और तरुणदीप सिंह को जिंदा जला दिया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) ने 26 जुलाई 2021 के आदेश के तहत कथित अपराधों का संज्ञान लिया। बाद में, एसीएमएम ने 30 जुलाई 2021 के आदेश के अनुसार, अपराध दंड संहिता की धारा 207 के प्रावधानों के अनुपालन के बाद मामले को सत्र न्यायालय में स्थानांतरित कर दिया, क्योंकि आईपीसी की धारा 302 के तहत दंडनीय अपराध तथा अन्य अपराधों से संबंधित मुकदमों में विशेष रूप से सत्र न्यायालय सुनवाई करता है।

### अबतक 64 करोड़...

महाशिवरात्रि पर बुधवार को अंतिम स्नान में आंकड़ा 66 करोड़ के पार हो जाने की संभावना है। सनातन धर्मावलंबी जितनी बड़ी संख्या में यहां पहुंचे हैं, उतने पूरी दुनिया में आज तक कहीं दूसरी जगह एक साथ एकत्र नहीं देखे गये। श्रद्धालुओं का आंकड़ा सात बार दो करोड़ के पार जा चुका है।

**सभी शिव मंदिरों की सुरक्षा कड़ी :** डीजीपी वैभव कृष्ण ने कहा कि 26 फरवरी को महाशिवरात्रि है और महाकुंभ का आखिरी स्नान भी है। सभी शिव मंदिरों पर पुलिस की तैनाती की है। स्नान घाटों पर सुरक्षा कड़ी है। पूरे क्षेत्र को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। पूरे कुंभ क्षेत्र में जोनल व्यवस्था से ट्रैफिक संचालन होगा। जो लोग आ रहे हैं वो पुलिस के डायवर्जन का पालन करें, पुलिस उनकी सुविधा के लिए उनको डायवर्ट कर रही है।

स्पीड न्यूज

## कोर्ट ने लालू और उनके पुत्र, पुत्री को किया तलब

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को पूर्व केंद्रीय रेल मंत्री लालू प्रसाद को नौकरी के बदले जमीन घोटाले के संबंध में तलब किया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने प्रसाद के बेटे और बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव और बेटी हेमा यादव को भी तलब किया। न्यायाधीश ने राजद सुप्रीमो के छोटे बेटे और बिहार के पूर्व उपाध्यक्ष तेजस्वी यादव को नया समन जारी किया। आरोपियों को 11 मार्च को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया है। यह मामला मध्य प्रदेश के जबलपुर में स्थित भारतीय रेलवे के पश्चिम मध्य मंडल में की गईं समूह डी नियुक्तियों से संबंधित है।

## पाकिस्तान में 10 आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक अभियान के दौरान 10 आतंकवादियों को मार गिराया। आईएसपीआर ने मंगलवार को बताया कि आतंकियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिलने के बाद यह अभियान शुरू किया गया। सुरक्षाकर्मियों ने ठिकाने पर हमला किया और 10 आतंकवादियों को मार गिराया।

## बंगाल के कई हिस्सों में भूकंप के झटके

**कोलकाता।** बंगाल की खाड़ी में मंगलवार सुबह तेज भूकंप आया। कोलकाता और पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में भी इस भूकम्प के झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई है। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने बताया कि भूकंप सुबह 6:10 बजे आया। एनसीएस ने बताया कि भूकंप के झटके पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों और कोलकाता में महसूस किए गए।

## आंध्र में हाथियों के हमले में तीन श्रद्धालुओं मौत

**कडप्पा।** आंध्र प्रदेश के अन्नामय्या जिले के वाई कोटा गांव में मंगलवार तड़के हाथियों के झुंड के हमले में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह घटना तड़के तब हुयी, जब वाई-कोडा गांव के कन्नेगुंटा कॉलोनी के करीब 30 श्रद्धालु महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की पूजा करने के लिये प्रसिद्ध सिद्धेश्वर स्वामी मंदिर जा रहे थे और सभी श्रद्धालु जंगल के इलाके से गुजर रहे थे। उसी दौरान, हाथियों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया।

## सेंसेक्स 147 अंक चढ़ा और निफ्टी फिसला

**मुंबई ।** महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, जोमैटो, मारुति, आईसीआईसीआई बैंक और इंफोसिस समेत 17 कंपनियों में हुई लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स में तेजी लौट आई वहीं बिकवाली के दबाव में निफ्टी मामूली गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 147.71 अंक की तेजी लेकर 74,602.12 अंक पर पहुंच गया जबकि निफ्टी 5.80 अंक फिसलकर 22,547.55 अंक पर आ गया।

## कैबिनेट : औरंगाबाद समेत पांच जिलों में नये मेडिकल कॉलेज के लिए राशि मंजूर

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक में 30 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। ये बैठक 3 मार्च को पेश होने वाले बजट से ठीक पहले हुई। इन परियोजनाओं में मुख्यमंत्री की प्रगति यात्रा के दौरान दक्षिण बिहार के जिलों में की गई घोषणाओं से संबंधित 120 योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा, कैमूर, जहानाबाद, बांका, नवादा और औरंगाबाद में मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए 2000 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि भी जारी की गई। सचिवालय के मंत्रिमंडल कक्ष में हुई इस बैठक में 146 परियोजनाओं पर मुहर लगी। पांच जिलों में बनेगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल : कैबिनेट की बैठक में पांच जिलों में मेडिकल कॉलेज बनाने का भी फैसला लिया गया। इन जिलों में कैमूर, जहानाबाद, बांका, नवादा और औरंगाबाद शामिल हैं। इन मेडिकल कॉलेजों के निर्माण के लिए 2000 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि जारी करने का आदेश मुख्यमंत्री ने दिया।

# अमेरिका ने यूएन में रूस का दिया साथ

## यूक्रेन युद्ध के लिए पुतिन को दोषी ठहराने से किया इनकार

**महासभा ने 18 के मुकाबले 93 मतों से मंजूरी दी, 65 सदस्यों ने मतदान का किया बहिष्कार**

एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में अंतर अटलांटिक संबंधों में एक नाटकीय बदलाव देखने को मिला है क्योंकि यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की मांग से संबंधी संयुक्त राष्ट्र के तीन प्रस्तावों पर सोमवार को मतदान में अमेरिका ने यूक्रेन पर आक्रमण के लिए रूस को दोषी ठहराने से इनकार कर दिया और इस मुद्दे पर अपने यूरोपीय सहयोगियों से अलग रुख अपनाया। यूक्रेन में तीन साल से जारी युद्ध को समाप्त करने की मांग करते हुए संयुक्त राष्ट्र में ये प्रस्ताव पेश किए गए थे। संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिका और रूस ने यूरोप समर्थित यूक्रेन के प्रस्ताव के खिलाफ मतदान किया। प्रस्ताव में रूस की आक्रामकता की निंदा की गई है तथा रूसी सैनिकों की तत्काल वापसी की मांग की गई है। इसके बाद अमेरिका ने अपने प्रतिस्पर्धी प्रस्ताव पर मतदान से खुद को अलग कर लिया, क्योंकि फ्रांस के नेतृत्व में यूरोपीय देशों ने इसमें संशोधन करके यह स्पष्ट कर दिया कि रूस ही हमलावर है। यह मतदान उस समय हुआ जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप वाशिंगटन में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मेजबानी कर रहे थे। इसके बाद अमेरिका ने 193 सदस्यीय विश्व संस्था की शक्तिशाली संयुक्त राष्ट्र



सुरक्षा परिषद में अपने मूल मसौदे पर मतदान के लिए दबाव डाला। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य देश अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन और फ्रांस के पास वीटो की शक्ति है। 15 सदस्यीय परिषद में शून्य के मुकाबले 10 वोट से मतदान हुआ और पांच देश मतदान से दूर रहे। ये सभी यूरोपीय देश थे। अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने संघर्ष के जल्द से जल्द समाधान के लिए रूस के साथ अचानक बातचीत शुरू की जिससे यूक्रेन के साथ अमेरिका के रिश्ते में तल्खी आई है और यूरोपीय नेता भी इस बात से निराश हैं कि पिछले सप्ताह उन्हें और यूक्रेन को रूस के साथ प्रारंभिक वार्ता से बाहर रखा गया। सोमवार को पहले मतदान में महासभा ने यूक्रेन संबंधी प्रस्ताव को 18 के मुकाबले 93 मतों से मंजूरी दी, जबकि 65 सदस्यों ने मतदान का बहिष्कार किया। इस परिणाम से यूक्रेन के लिए समर्थन कम होता दिख रहा है, क्योंकि पिछले मतदान में 140 से अधिक देशों ने रूस की आक्रामकता की निंदा की थी और तत्काल रूसी सैनिकों की वापसी की मांग की थी। इसके बाद सभा ने रूस-यूक्रेन संघर्ष के दौरान हुई दुखद जनहानि से संबंधी अमेरिका के प्रस्ताव को मंजूरी दी। प्रस्ताव में संघर्ष को शीघ्र समाप्त करने तथा यूक्रेन एवं रूस के बीच स्थायी शांति की अपील की गई है, हालांकि इसमें रूस की आक्रामकता का कहीं भी उल्लेख नहीं किया गया है। एक आश्चर्यजनक कदम में फ्रांस ने तीन संशोधनों का प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन 100 से अधिक यूरोपीय देशों ने किया। प्रस्ताव में कहा गया कि संघर्ष रूसी संघ द्वारा यूक्रेन पर पूर्ण पैमाने पर आक्रमण का परिणाम था। रूस ने संघर्ष के मूल कारणों को संबोधित करने के लिए एक संशोधन भी प्रस्तावित किया। सभी संशोधनों को मंजूरी दे दी गई और प्रस्ताव आठ के मुकाबले 93 मतों से पारित हो गया। कुल 73 सदस्य मतदान में शामिल नहीं हुए। यूक्रेन ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, अमेरिका ने मतदान में भाग नहीं लिया तथा रूस ने इसके विरोध में मतदान किया।

### भारत और चीन अनुपस्थित रहा

संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के पड़ोसी देश म्यांमार, नेपाल और भूटान ने भी यूक्रेन के पक्ष में मतदान किया है। भारत और चीन इस मतदान के दौरान अनुपस्थित रहे। संयुक्त राष्ट्र में मतदान के दौरान कुल 93 देशों ने यूक्रेन के पक्ष में मतदान किया। अमेरिका ने यूक्रेन के विरोध में पहली बार मतदान करके रूस के साथ चल रही वार्ता को और आगे बढ़ाने के संकेत दिए हैं। भारत और चीन सहित 65 देश इस मतदान के दौरान अनुपस्थित रहे। इनमें बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान, ईरान, इराक, ओमान, सहित कई खाड़ी देश और इस्लामिक देश शामिल हैं।

## बिहार की अमूल्य धरोहरों में से एक है पटना मेडिकल कॉलेज : राष्ट्रपति

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि पटना मेडिकल कॉलेज बिहार की अमूल्य धरोहरों में से एक है। इस संस्थान का पुरातनता को संरक्षित करने और आधुनिकता की ओर निरंतर अग्रसर होने का गौरवशाली इतिहास रहा है। पटना मेडिकल कालेज एवं हास्पिटल (पीएमसीएच) एशिया के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में से एक रहा है। इस संस्थान के पूर्व छात्रों ने अपनी प्रतिभा, सेवा और समर्पण के बल पर देश-विदेश में अपना और पीएमसीएच का नाम रोशन किया है। वह मंगलवार को पटना मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के शताब्दी समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहीं थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि इलाज के लिए दूसरे शहर या राज्य में जाने से कई तरह से नुकसान होता है, जैसे इलाज में



देरी, भोजन, आवास और रोजगार की समस्या। इससे बड़े शहरों के चिकित्सा संस्थानों पर भी बोझ पड़ता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पीएमसीएच के प्रति हमारा विशेष लगाव है। जब सरकार में नवंबर, 2005 से यहां काम करने का मौका मिला तो हम लोगों ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई काम किया। छह मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल थे। अब 12 मेडिकल कॉलेज हो गए हैं, जबकि 14 का निर्माण किया जा रहा है। आठ जगहों पर केन्द्र सरकार निर्माण करा रही है।

## दिल्ली में आबकारी नीति से 2000 करोड़ से अधिक के राजस्व का नुकसान

**विधानसभा में सीएजी की रिपोर्ट पेश**

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को विधानसभा में सीएजी की रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछली आम आदमी पार्टी सरकार की आबकारी नीति से 2000 करोड़ रुपये से अधिक के राजस्व का नुकसान हुआ। सीएजी रिपोर्ट में उल्लेख किया गया कि दिल्ली सरकार को अपनी 2021-22 की आबकारी नीति में खामियों के कारण 2,026.91 करोड़ रुपये का भारी वित्तीय झटका लगा है। इस रिपोर्ट में भारत में निर्मित विदेशी शराब और दिल्ली में विदेशी शराब के विनियमन और आपूर्ति की जांच के लिए 2017-18 से 2021-22 तक चार वर्षों की अवधि को कवर करते हुए दिल्ली में शराब के विनियमन और आपूर्ति पर किए गए निष्पादन लेखापरीक्षा के परिणाम शामिल हैं।

## महाशिवरात्रि पर प्रयागराज से 350 से अधिक ट्रेनें चलेंगी

**रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्टेशनों पर विशेष सतर्कता बरतने का दिया निर्देश**

**नयी दिल्ली।** महाकुंभ 2025 का अंतिम अमृत स्नान 26 फरवरी को है। गंगा यमुना और सरस्वती के मिलन स्थल संगम पर स्नान करने के लिए उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड और बंगाल सहित देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज आए हुए हैं ।

रेलवे की पूरी व्यवस्था की निगरानी का नेतृत्व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वयं किया है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार भी लगातार रेलवे बोर्ड से ट्रेनों की मॉनिटरिंग में लग रहे हैं।

रविवार और सोमवार को भी बिहार के पटना, दानापुर, मुजफ्फरपुर, गया, सासाराम, कटिहार, खगड़िया, सहरसा, जयनगर, दरभंगा आदि स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या अधिक रही । उत्तर प्रदेश के गोरखपुर लखनऊ अयोध्या वाराणसी कानपुर गोंडा दीनदयाल उपाध्याय झांसी आदि जिलों के रेलवे स्टेशनों पर प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की संख्या औसत से काफी ज्यादा रही। मध्य प्रदेश के चित्रकूट, जबलपुर, सतना, खजुराहो जैसे स्टेशनों पर भी भीड़ रही जबकि झारखंड के धनबाद बोकारो, रांची, गढ़वा और मेदनी नगर स्टेशन से बड़ी संख्या में लोग प्रयागराज के लिए रवाना हुए। अमृत स्नान के बाद अपने-अपने शहर वापस जाने वाले लोगों और श्रद्धालुओं का भारी हुजूम रेलवे स्टेशनों पर उमड़ना संभावित है। इसे ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेल, पूर्वोत्तर रेल और उत्तर रेलवे ने व्यापक तैयारी की है और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्य स्थल पर मुस्तैदी के साथ टिके रहने का निर्देश दिया है। रेलवे ने मौनी अमावस्या के दिन 360 से अधिक गाड़ियों का परिचालन करके 20 लाख से अधिक लोगों को उनके गंतव्य स्थान पर भेजने में सफलता पाई थी। महाशिवरात्रि स्नान के बाद भी श्रद्धालुओं की सेवा के लिए अधिक संख्या में ट्रेनों को चलाने की योजना बनाई गई है और प्रयागराज के समीप वाले स्टेशनों पर अतिरिक्त रेक रखे गए हैं जिनका उपयोग आवश्यकतानुसार किया जाएगा।

